# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com भोपाल, सोमवार 15 अप्रैल 2024





## भाजपा के संकल्प पत्र में यह भी...कहा गया

**ज़ीरो बिजली का बिल**
हम पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएंगे, जिससे इन परिवारों का बिजली बिल जीरो हो जाए।

**तीन करोड़ लखपति दीदीयां**
हमने एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है। अब हम तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे।

**कामकाज़ी महिलाओं के लिए सुविधाएं**
हम औद्योगिक और व्यवसायिक क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण करेंगे जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे।

**बुलेट ट्रेन का विस्तार**
हम पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित कर रहे हैं। हम इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार के लिए उत्तर, दक्षिण और पूर्व में नए कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी स्टडी करेंगे।

**मेडिकल शिक्षा में सीट बढ़ाएंगे**
हम नए एम्स और विभिन्न नए जिला-स्तरीय में मेडकल कॉलेज के माध्यम से यूजी एवं पीजी मेडिकल शिक्षा में सीट बढ़ाएंगे।

### पीएम मोदी ने कहा

हमारा फोकस डिग्निटी ऑफ लाइफ पर...हम हाई वैल्यू सर्विस पर ध्यान देने जा रहे

भाजपा ने 'संकल्प पत्र' जारी किया...इसमें यूसीसी, एक देश-एक चुनाव का भी वादा

# 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज गरीबों के लिए और 3 करोड़ घर, 3 करोड़ लखपति दीदीयां

भाजपा का यह घोषणा पत्र रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली 27 सदस्यों की कमेटी ने तैयार किया

ट्रांसजेंडर को भी आयुष्मान योजना में लाया जाएगा

पीएम मोदी ने लाभार्थियों को सौंपी पहली कॉपी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 'संकल्प पत्र' के नाम से अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इसे जारी किया। भाजपा का यह घोषणा पत्र विकसित भारत के लिए मोदी ▶▶ शेष पेज 4 पर




### हमारा फोकस निवेश से नौकरी पर

मोदी ने कहा कि हमारा फोकस निवेश से नौकरी पर है। संकल्प पत्र युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। आज बहुत ही शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। नवरात्रि के छठे दिन हम सभी माँ कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। ये संयोग भी बहुत बड़ा आशीर्वाद है। इसके साथ सोने में सुहागा, आज बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दुनिया भर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाएंगे

पीएम मोदी ने घोषणा की कि भाजपा दुनिया भर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाने की दिशा में काम करेगी। हम दुनिया भर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाएंगे। दुनिया की सबसे पुरानी ▶▶ शेष पेज 4 पर






### मां कालरात्रि



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्टी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा,
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राहुल गांधी पर तंज, कहा- इतने बरसों तक कहां छिपा था ये 'शाही जादूगर'



# 'शहजादे' ने घोषणा कर दी-एक झटके में हटा देगा देश से गरीबी

*पीएम ने कहा कि हमने बाबा साहेब को सिर्फ विचारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि आधुनिक भारत में उनके योगदान को नई पहचान दी है। आप अपने फोन से जो पेमेंट करते हैं, वह भीम यूपीआई बाबा साहेब के नाम पर ही है।*

पीएम ने कहा-आग देश में नहीं लगी, आग तो इन विपक्षी नेताओं के दिलों मे लगी है। ये जलन भी मोदी के कारण नहीं, 130 करोड़ देशवासियों के मोदी के प्रति प्रेम के कारण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए रविवार को तीसरी बार प्रदेश के दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नर्मदापुरम जिले के पिपरिया में एक बड़ी सभा में कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए प्रदेश की हर सीट पर कमल खिलाने का आग्रह किया। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि हताशा में ऐसी घोषणाएं की जा रही हैं, जो खुद कांग्रेस के नेताओं को ही समझ नहीं आ रहीं। कांग्रेस के शहज़ादे ने घोषणा की है कि वे एक झटके में देश से गरीबी हटा देंगे। ये बात सुनकर पूरा देश हैरान है। देश पूछ रहा है कि आखिर ये 'शाही जादूगर' इतने बरसों तक कहां छिपा था? कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ▶▶ शेष पेज 4 पर

दे रहे धमकी मोदी फिर पीएम बना तो देश में लग आएगी आग

प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के काम की तारीफ की




### धमकी पर उतर आया कांग्रेस का शाही परिवार

*मोदी ने कहा कि आजादी के अनेक दशक तक कांग्रेस के एक ही परिवार ने सीधे या रिमोट कंट्रोल से देश चलाया। इसी परिवार ने देश में आपातकाल लगाया। कांग्रेस ने देशभर में लोकतांत्रिक सरकारों को जब मर्जी तब गिराया। कांग्रेस ने अपने हिसाब से इतिहास लिखवाया, अपना ही महिमामंडन करवाया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की मानें तो तब लोकतंत्र ठीक चल रहा था, फल-फूल* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### तो विपक्ष को आगे कभी मौका नहीं देगा देश

मोदी ने कहा कि 50 साल पहले इनकी (राहुल गांधी का बिना नाम लिए) दादी ने देश से गरीबी हटाने की घोषणा की थी। 2014 से पहले 10 साल तक इन्होंने रिमोट से सरकार चलाई और कह रहे हैं कि अब बस इनको झटके वाला मंत्र मिल ही गया है। सत्ता में आते ही वे एक झटके में गरीबी हटा देंगे। ऐसे दावे करते हैं, तभी ये देशभर में हंसी के पात्र बने हुए हैं। मोदी ने कहा कि विपक्षी नेता सिर्फ देश में डर और भ्रम फैलाना चाहते हैं। आग देश में नहीं लगी, आग तो इन विपक्षी नेताओं के दिलों मे लगी है। ये जलन भी मोदी के कारण नहीं, 130 करोड़ देशवासियों के मोदी के प्रति प्रेम के कारण है। विपक्षी नेता ये प्रेम भी सहन नहीं कर पा रहे हैं। विपक्ष पिछले 10 वर्षों से सत्ता से बाहर है और इस समय ये लोग ऐसे छटपटाए हैं, जैसे इनका सब कुछ लुट गया हो। कांग्रेसी नेता अगर यही कारनामे करते रहेंगे, तो ये जलन उनको इतनी जला देगी कि ये देश आगे कभी उनको मौका नहीं देगा।



### सीएम डॉ. यादव ने कहा...

### प्रधानमंत्री ने दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह वीरों और महावीरों की धरती है। यह धरती मूर्धन्य पत्रकार माखनलाल चतुर्वेदी की है। यह हमारा सौभाग्य है कि हमारे बीच यशस्वी प्रधानमंत्री आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया है। वे लगातार दुनिया के नक्शे पर भारत को मजबूत और देश का सम्मान बढ़ा रहे हैं। उनके कार्यकाल में देश की धाक पूरी दुनिया में बढ़ी है। आज हमारा देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में सामने आ रहा है। आने वाले समय में हम दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में भी नजर आएंगे। यही मोदी की ताकत है। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

## रीवा में 160 फीट गहरे बोरवेल में फंसे मासूम की मौत, 45 घंटे तक चली जंग



# जिंदगी और मयंक के बीच आ गई थी 'मौत की चट्टान'

सीएम डॉ. मोहन यादव का कड़ा एक्शन- जनपद सीईओ और पीएचई एसडीओ सस्पेंड

पीड़ित परिवार को रेड क्रॉस की ओर से 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा/भोपाल

रीवा में 160 फीट गहरे बोरवेल में फंसे मयंक (6) को बचाया नहीं जा सका। करीब 45 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद वह बोरवेल के भीतर 42 फीट की गहराई पर मिट्टी-पत्थरों के बीच दबा मिला। उसके शरीर में कोई हलचल नहीं थी। ऑपरेशन के दौरान खुदाई का रास्ता सख्त मिट्टी व चट्टान ने रोक लिया था। फिर 60 फीट तक खुदाई के बाद पानी भी निकल आया था। मेडिकल टीम मयंक को लेकर अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला पंचायत सीईओ सौरभ सोनवडे ने भी मयंक की मौत की पुष्टि की है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मयंक की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को रेड क्रॉस की ओर से 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है।



सीएम ने त्योंथर जनपद के सीईओ और एसडीओ, पीएचई को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। गौर हो कि रीवा में जनेह थाना क्षेत्र के मनिका गांव में मयंक (6) पिता विजय आदिवासी शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बजे से 4 बजे के बीच खुले बोरवेल में गिर गया था। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर तुरंत उसे निकालने की कोशिशें शुरू कीं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को बुलाया गया था।

## आठ जेसीबी मशीनों से की खुदाई ड्रिल मशीन से बनाई गई थी सुरंग

मयंक को निकालने के लिए बोरवेल के पैरेलल 8 जेसीबी मशीनों से खुदाई की गई। 60 फीट से अधिक खोदने पर पानी निकल आया। इसके चलते रेस्क्यू रोकना पड़ा। पानी खाली करने के बाद ड्रिल मशीन से बोरवेल तक पहुंचने के लिए सुरंग बनाई गई। सख्त मिट्टी आने पर मशीनों की जगह मैनुअली खुदाई की गई। काम के दौरान सुरंग में दोबारा पानी निकल आया। इसे मोटर पंप से बाहर निकाला गया। इसके बाद रेस्क्यू टीम रविवार दोपहर करीब पौने एक बजे मयंक तक पहुंच पाई।

### सीएम खुद कर रहे थे रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉनिटरिंग

रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मयंक के पिता विजय, मां शीला, दादा हिंचलाल आदिवासी, नानी निर्मला समेत परिजन और स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर ही बैठे रहे। मेडिकल टीम के साथ एंबुलेंस और टेक्नीशियन भी मौके पर थे। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खबर संक्षेप

#### यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा परिणाम जल्द

**नई दिल्ली।** यूपीएससी इस सप्ताह सिविल सेवा परीक्षा 2023 का परिणाम upsc.gov.in पर घोषित करने वाला है।



परिणाम जारी होने के बाद आप टॉपर्स के नाम और उनके स्कोर आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। बता दें कि पिछले दो सालों में शीर्ष पदों पर महिलाओं का दबदबा रहा है।

#### सीयूईटी पीजी- 2024 का रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सीयूईटी पीजी -2024 का रिजल्ट जारी कर दिया है।



कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इस साल 11 से 28 मार्च के बीच ऑनलाइन मोड में ये एग्जाम हुए थे। पहले आंसर की से 92 सवाल हटाए थे।

### राजस्थान में भीषण सड़क हादसा

## ट्रक में पीछे से घुसी कार, दोनों में लगी आग, 7 लोग जिंदा जले



**सीकर।** राजस्थान के सीकर जिले में रविवार दोपहर को बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां जयपुर-बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। इससे दोनों वाहनों में जबर्दस्त आग लग गई। आग ने देखते ही देखते दोनों वाहनों को पूरी तरह से अपनी चपेट में ▶▶ शेष पेज 4 पर

## बाबा साहेब को संसद में रोकने का प्रयास करने वाले उनके नाम पर वोट मांगते हैं...





### डॉ. बाबा साहेब की मूर्ति पर सीएम ने किया माल्यार्पण

*भोपाल। रविवार को डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर सीएम डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। सीएम डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर* ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा में 'चूक'

## सीएम के काफिले में घुसी कार, पीछा करते एयरपोर्ट तक पहुंची, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ पुलिस ने एयरपोर्ट पर कार जब्त की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा में चूक सामने आई है। रविवार सुबह करीब 11 बजे एयरपोर्ट जा रहे मुख्यमंत्री के काफिले के बीच एक फॉर्च्यूनर कार घुस गई। कार चालक पीछा करते हुए एयरपोर्ट तक पहुंच गया। इस बीच काफिले में साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने कार चालक को पीछा करने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना। वह पीछा करते हुए एयरपोर्ट तक पहुंच गया। पुलिस ने एयरपोर्ट में कार को जब्त किया है। चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक घटना रविवार सुबह करीब 11 बजे के बीच की बताई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का काफिला एयरपोर्ट के लिए निकला था। इस दौरान रेत घाट से एक व्यक्ति कार लेकर सीएम के काफिले में घुस गया। काफिले में चल रहे पुलिसकर्मियों ने इसे बार-बार रोकने की कोशिश की पर वह नहीं माना। काफिले के साथ एयरपोर्ट तक पहुंच गया। उसने मुख्यमंत्री से मिलने का भी प्रयास किया। हालांकि, सुरक्षा कारणों से वह नहीं मिल पाया। सीएम के एयरपोर्ट में दाखिल होते ही पुलिस ने कार को जब्त कर लिया। साथ ही पुलिस ने कार चालक के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। बताया गया है कि शख्स संतनगर का ही रहने वाला है। हालांकि इस संबंध में पुलिस अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

### राजधानी में स्थापित बैरागढ़, कोलार, बैरसिया, नवीबाग, अरेरा हिल्स केंद्र में दर्ज हुई अलग-अलग बारिश, अब आएगी कमी

विदिशा में 84 तो जबलपुर में 50 मिमी के करीब बारिश से फसलें बर्बाद

## भोपाल के पांच कोनों को मिलाकर चौबीस घंटे में 59.1 मिमी बारिश,आज भी ओले-बारिश का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी बारिश का दौर थमा नहीं है। पिछले 24 घंटे में भोपाल सहित प्रदेश के 30 से अधिक जिलों में बारिश, बौछारें और कहीं-कहीं ओले गिरने से फसलों को काफी नुकसान हुआ है।

भोपाल शहर के पांचों कोनों पर स्थापित आब्जर्वेटरी में दर्ज बारिश के आंकड़े बताते हैं कि अब शहर में अप्रैल माह में होने वाली बारिश का ऑल टाइम रिकॉर्ड टूट गया है। यहां अलग-अलग आब्जर्वेटरी में दर्ज आंकड़ों ▶▶ शेष पेज 4 पर



भोपाल में हल्के बादल छाए रहे, छोटे तालाब का दृश्य।

### आज यहां ओले-बारिश

*राजगढ़, आगर मालवा, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुरकलां, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में कहीं कहीं आंधी के साथ तेज बारिश और ओले गिर सकते हैं। इसके अलावा भोपाल सांभाग के सभी जिलों में, नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, उज्जैन, शाजापुर, मंदसौर, नीमच, अशोकनगर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, रीवा, मऊगंज, सतना, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, मैहर और पांढुर्णा आदि जिलों में तेज हवाओं के साथ गरज-चमक और बारिश होने का अनुमान है।*



नवरात्रि विशेष
देवी मंदिर परिक्रमा 07

# भक्तों को हर कष्टों से बचातीं हैं माता काली, वाहन चालक शीश झुकाकर ही करते हैं आगे का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्रि के चलते इन दिनों माता रानी के मंदिर में भक्तों की भीड़ देखने को मिल रही है। माता के भक्त मां की कृपा पाने के लिए पूजा-अर्चना कर रहे हैं। राजधानी में वैसे तो ममतामयी मां के कई मंदिर हैं, लेकिन मिसरोद इलाके में स्थित काली माता मंदिर की अपनी महिमा है। नवरात्रि में होशंगाबाद रोड पर मिसरोद क्षेत्र में मैन रोड पर स्थित मां काली के मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। इस मंदिर की अपनी कहानी है। पहले यहां पर रोजना हादसे हुआ करते थे, लेकिन माता रानी के मंदिर की स्थापना होने के बाद यहां पर हादसे होना बंद हो गए। अब इस रूट से गुजरने वाले वाहन चालक माता रानी के मंदिर के सामने पहले सिर झुकाकर माता के चरणों में अपनी हाजरी लगाते हैं फिर आगे का सफर तय करते हैं।



### मंदिर की स्थापना के बाद अब यहां नहीं होते हादसे



मंदिर के पुजारी कृष्णकांत तिवारी ने बताया कि भोपाल-होशंगाबाद हाईवे रोड पर रोजाना सड़क हादसे हुआ करते थे। इसके बाद यहां पर मंदिर की स्थापना की गई, तब से यहां पर कोई सड़क हादसा नहीं हुआ। अगर कोई हादसा होता भी है, तो किसी कोई चोट नहीं आती है।

### हम सालों से आ रहे माता रानी के दर्शन करने



मंगेश माथुर ने बताया कि वह कई सालों से माता रानी के दर्शन के लिए आ रहे हैं। मां के आशीर्वाद से सभी मुरादें पूरी होती हैं। हम लोग एक-दो माह में माता रानी के दर्शन करने जरूर से पहुंचते हैं। माता रानी भी बुला लेती है।

### काफी तरक्की हुई



दीपा तिवारी ने बताया कि माता रानी के आशीर्वाद से काफी तरक्की हुई। आज घर-परिवार में सभी अच्छे रहते हैं। हम लोग जब भी माता काली के दरबार से निकलते हैं, यहां रुककर हाजिरी अवश्य लगाते हैं।

## राजधानी में धूमधाम से मनाई गई डॉ. आंबेडकर की जयंती, कई जगह काटे केक

# जय भीम के नारों से गूंजा शहर, जुलूस में उमड़े अनुयायी बौद्ध विहारों में कैंडिल जलाकर बाबा साहेब को किया नमन

### सोशल मीडिया पर दिनभर चलता रहा एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती रविवार को धूमधाम से मनाई गई। शहरभर में कई आयोजन हुए। वहीं मुख्य कार्यक्रम बोर्ड आफिस चौराहे पर आयोजित हुआ। इसके साथ ही यहां बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का लोगों को संदेश भी दिया गया।

घरों और बौद्ध विहारों में कैंडिल जलाकर बाबा को नमन किया। साथ उनके जीवन को दर्शाती नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। इसके साथ ही आंबेडकर मैदान से बोर्ड ऑफिस तक एक संदेश रैली भी निकाली गई। राजधानी में जगह-जगह जय भीम के नारे गूंजे रहे थे। इस दौरान विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने बोर्ड ऑफिस चौराहा, नर्मदा भवन व ऑफिसों सहित अन्य जगहों पर डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। सामाजिक संगठन बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित करने भी पहुंचे। इस दौरान लोगों ने बौद्ध विहारों के साथ-साथ अपने-अपने घरों पर विद्युत साज-सज्जा की, जिससे वातावरण रोशनी से जगमग हो उठा।

### बौद्ध विहार में मनाई डॉ. आंबेडकर की जयंती

*दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में तुलसी नगर स्थित करुणा बौद्ध विहार में महामानव डॉ. आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। मोमबत्तियां प्रज्ज्वलित कर डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। त्रिशरण पाठ कर मानवंदना भी की, तो वहीं विभिन्न धर्मों व समाजों के लोगों द्वारा बोर्ड ऑफिस चौराहा पर स्थापित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किए और पुष्पार्पित कर सर्वधर्म प्रार्थना व बुद्ध वंदना की।*

### पेश की सेवा की मिसाल

कोई व्यवसायी था तो कोई उद्योगपति। किसी की नौकरी मल्टीनेशनल कंपनी में थी तो कोई डॉक्टर, वकील और इंजीनियर जैसे ओहदे पर था, लेकिन रविवार को बोर्ड ऑफिस चौराहे पर डॉ.आम्बेडकर की जयंती पर सब समान नजर आ रहे थे। यहां पर सबने सेवा की मिसाल पेश की। कोई खाना वितरण कर रहा था, तो कोई पानी, तो कोई शरबत बांट रहा था।



### बीएमएस ने 50 मेधावी छात्रों को शिक्षा सामग्री दे कर मनाई जयंती



भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को भारतीय मजदूर संघ ने जुमड़े भवन पर मनाया। इस कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ ने सरकारी स्कूलों के 50 मेधावी छात्रों को शिक्षा संबंधित सामग्री देते हुए उनका सम्मान एवं हौसला बढ़ाने के साथ ही इस मौके पर स्कूल के छात्रों के लिए बाबा साहेब के जीवन पर आधारित एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर जिन बच्चों ने अपना एवं भोपाल का नाम गौरवान्वित किया है। उन्हें भी संघ ने अपने मंच से सम्मानित एवं उनकी सराहना की। इस मौके पर यूनियन के अध्यक्ष विजय सिंह कठैत, महामंत्री कमलेश नागपुरे, एव कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी मौजूद थे।

### गौरीशंकर परिसर में धूमधाम से मनाई गई बाबा की जयंती



भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती पर गौरीशंकर परिसर में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने एक दूसरे साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसके बाद भव्य रैली निकाली गई। रहवासी अशोक डोंगरे ने बताया कि इस मौके पर सभी ने बाबा के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। दीपिका भोमरकर ने कहा कि बाबा साहेब के आदर्श जीवन से सीख लेते हुए हम सब को उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलकर सामाजिक एकता, अनुशासन, सहिष्णुता और बुद्धिमत्ता से अपने-अपने कर्तव्यों को निभाना है।

### डिक्की की 'जीरो वेस्ट इवेंट' की सार्थक पहल, देश में पहली बार भोपाल में हुआ अनूठा आयोजन

## डॉ. आंबेडकर की जयंती पर जुटे 20 हजार से ज्यादा लोग, 24 घंटे और 'जीरो वेस्ट'

**भोपाल।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती राजधानी में इस बार 'जीरो वेस्ट इवेंट' के साथ धूमधाम से मनाई गई। देश में अपनी तरह का यह पहला और अनूठा आयोजन रहा, जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं हुआ। इस दौरान जो वेस्ट जनरेट हुआ उसे भी वैज्ञानिक तरीके से रीसाइकल किया गया। भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर हुए मुख्य कार्यक्रम में 13 अप्रैल की रात से 14 तारीख तक (करीब 24 घंटे में) 20 हजार से ज्यादा लोगों ने शिरकत की, लेकिन आयोजन स्थल पूरी तरह से कचरा मुक्त यानी जीरो वेस्ट रहा। दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) की पहल पर मध्यप्रदेश में पहली बार डॉ. आंबेडकर जयंती पर ऐसी पहल की गई।





### गीला-सूखा कचरा रीसाइक्लिंग के लिए भेजा

कार्यक्रम स्थल से निकले सूखे कचरे को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुरूप रीसाइक्लिंग के लिए मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी ट्रांसपोर्ट नगर भेजा गया। जहां पर इसका प्रथककरण कर रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जाएगा। गीले कचरे से खाद बनाने हेतु उपरोक्त भोजन अपशिष्ट एवं फलों के अवशेष को कम्पोस्ट यूनिट में भेजा गया है, जिससे खाद बनाई जाएगी।

### 482 किलो गीला कचरा एकत्र किए

सार्थक संस्था के अध्यक्ष इम्तियाज अली ने बताया कि इवेंट में पेपर कप 265 किलो, पुट्ठ 42 किलो, प्लास्टिक बॉटल 7.5 किलो, पानी पाऊच 3 किलो, ग्रे बोर्ड- 62 किलो, फूड वेस्ट (गीला कचरा) 482 किलो, टेट्रा पैक 18 किलो एकत्रित किए गए। डिक्की के वरिष्ठ सदस्य डॉ. मनोज आर्य ने बताया कि बोर्ड ऑफिस चौराहे पर अनेक सामाजिक संस्थाएं भोजन, प्रसादी, जलपान, शरबत, चाय-काफी, पानी आदि खाद्य पदार्थों का वितरण किया।



### शहर में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर हुए कार्यक्रम

## चैती छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं ने अस्त होते सूर्य को दिया अर्घ्य

- *व्रतधारियों ने परिवार के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए की सूर्य देव से प्रार्थना*
- *आज उदित होते भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाएं खोलेंगी 36 घंटे का निर्जला व्रत*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा पर रविवार शाम शहर में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भोजपुरी और पूर्वांचल समाज के लोगों ने अस्त होते सूर्यदेव को अर्घ्य देकर पूजा की। वहीं कई लोगों ने घर पर ही पूजा की। राजधानी के खटलापुरा सहित अन्य जगहों पर शाम करीब 5 बजे के बाद पूजन की शुरुआत हुई। पूजा स्थालों पर कमर तक पानी में खड़े होकर व्रतधारी हाथ में पूजन सामग्री से सजी टोकरी और सूप लिए अस्त होते सूर्यदेव को समर्पित कर प्रार्थना की। शहर के प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। वहीं कई महिलाएं सुन लो अरजिया हमार हे छठी मैय्या... जैसे भाजन गा रहीं थी। उन्होंने यह भी प्रार्थना की कि अपने सरन में ही रखिह छठी मैया, दिह आसिस हजार...। महिलाओं ने सूर्य देव से अपने परिवार के सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु का आशीर्वाद मांगा।

### मतदान करने सामूहिक रूप से दिलाया संकल्प

*खटलापुरा घाट पर संस्था द्वारा सामूहिक रूप से मतदान करने के लिए संकल्प दिलवाया गया। छठ पूजन के दौरान भोजपुरी लोकगीत की गूंज, जगमगाते दीप और पुष्पवर्षा हो रही थी। सोमवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतधारी 36 घंटे का निर्जला व्रत का समापन करेंगे।*



भेल के पिपलानी क्षेत्र स्थित नागार्जुन नगर में घर की छत पर छठ पूजा करता परिवार।

### भगवान श्रीराम के जीवन की छवियां करेंगे प्रस्तुत

## श्रीरामनवमी पर 17 को प्रदेश के 6 स्थानों पर होगा 'प्राकट्य पर्व'



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीरामनवमी के अवसर पर 'प्राकट्य पर्व' का आयोजन 17 अप्रैल को प्रदेश के छह स्थानों पर किया जाएगा। संचालक संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि प्राकट्य पर्व में विविध कला अनुशासन के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन की छवियां प्रस्तुत की जाएंगी।

### लोकगायन की प्रस्तुति दी जाएगी

उन्होंने बताया कि ओरछा, चित्रकूट, शहडोल, अमरकंटक, पन्ना एवं उमरिया में प्राकट्य पर्व का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम शाम 7 बजे से प्रारम्भ होगा। 'प्राकट्य पर्व' के अंतर्गत श्रीराम राजा मंदिर प्रांगण, ओरछाधाम में श्वेता गुंजन जोशी एवं साथी, धार द्वारा भक्ति गायन और दीपचंद अठिया एवं साथी, दमोह द्वारा लोकगायन की प्रस्तुति दी जाएगी। रामघाट बिजावर मंदिर, चित्रकूट में 'राम की शक्ति पूजा' की प्रस्तुति नृत्यांजलि कथक केन्द्र, जबलपुर द्वारा और कल्याणी मिश्रा एवं साथी, रीवा द्वारा लोकगायन की प्रस्तुति दी जाएगी।

## अमरनाथ यात्रा के लिए आज से होंगे पंजीयन शुरू

**भोपाल।** अमरनाथ यात्रा इस बार 29 जून से शुरू होगी। यात्रा इस बार 40 दिन की ही होगी। 19 अगस्त को यह समाप्त हो जाएगी। यात्रा पर जाने से पहले श्रद्धालुओं का अग्रिम पंजीकरण जरूरी है, जो 15 अप्रैल से शुरू होगा। यात्रा पर जाने के इच्छुक श्रद्धालु आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल एप्लिकेशन श्री अमरनाथजी यात्रा से भी पंजीयन हो सकता है। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि सोमवार से भोपाल स्थित जम्मू कश्मीर बैंक जवाहर चौक एवं पंजाब नेशनल बैंक न्यू मार्केट में बायोमेट्रिक के माध्यम से एवं ऑनलाइन के माध्यम से अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन शुरू हो जाएंगे। पंजीयन हेतु यात्री का श्राइन बोर्ड द्वारा अधिकृत चिकित्सक द्वारा सर्टिफिकेट अनुवार्य होगा।

### राजधानी में धूमधाम, श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया बैसाखी पर्व

# गुरुद्वारों में सजे दरबार, गुरुग्रंथ साहिब के चरणों में टेका माथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खालसा पंथ सृजना दिवस बैसाखी पर्व रविवार को सिख समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। 1699 में खालसा पंथ की स्थापना आज से 325 वर्ष पूर्व में हुई थी। इस दौरान गुरुद्वारों में कीर्तन दरबार सजे हैं। हमीदिया रोड, टीटी नगर, साकेत नगर, आनंद नगर सहित सभी गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं का तांता लगा है। देश में सुख-समृद्धि के लिए गुरुद्वारों में अरदास की गई। गुरुद्वारों में सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान लंगर का आयोजन किया गया। वहीं कई जगहों पर लोगों ने समाज सेवा के तहत लोगों को ठंडे पानी व शरबत आदि पिलाया गया। गुरुद्वारा टीटी नगर में श्रद्धा भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ में बैसाखी मनाई गई। हजारों श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के चरणों में माथा टेका और श्रद्धा के फूल भेंट किए।



### सुरा सो पहचानिए जो लड़े दीन के हेतु, पुर्जा-पुर्जा कट मरे कभु ना छोड़े खेत




ना डरों अर सो जब जाए लरों..



### राग़ी जत्थे कीर्तन प्रवचन के द्वारा संगत को निहाल कर दिया


*पंथ के महान कीर्तनी श्री दरबार साहिब अमृतसर के रागी जत्था भाई सुरेंद्र सिंह जी एव भाई नछत्तर सिंह व कथावाचक डॉ. हनवंत सिंह पटियाला पंजाब रागी जत्था भाई सुरिन्दर सिंह ने कथा कीर्तन में कहा गुर सिमर मनाई कालका खंडे की वेला, पीहो पोहोल खण्डेधार, होए जन्म सोहला, गुरु संगत कीनी खालसा मन मुखी दुहेला, वाहो वाहो गोबिंद सिंह, आपे गुरु चेला। उन्होंने कीर्तन में आगे कहा, ना डरों अर सो जब जाए लरों...। देग शिवा बर मोहे, इहें शुभ कर्मन ते कभू ना टरो, ना डरों अर सो जब जाए लरों, निश्चय कर अपनी जीत करों। सुरा सो पहचानिए जो लड़े दीन के हेतु, पुर्जा पुर्जा कट मरे कभु ना छोड़े खेत। इस मौके पर महापौर मालती राय, विधायक भगवान दास सबनानी, गुरुद्वारा टी.टी नगर के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। इधर बिट्टन मार्केट में पंजाबी समाज ने बैसाखी पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग देखने पहुंचे।*

भोपाल
सोमवार, 15 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-07
वर्ष : 11, अंक : 21
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 34
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com

11
कोलकाता ने दर्ज की चौथी जीत, साल्ट...



विचार पेज
06 अपराधियों को नायक न बनाएं...

भाजपा की ज्वॉइनिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. नरोत्तम मिश्रा से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# विपक्षी दल सरकार बनाने के लिए लड़ ही नहीं रहे ये तो खिचड़ी और मिक्स वेज बनाने को लड़ रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। वे अपनी बेबाकी से बात करने के लिए भी जाने जाते हैं। उनकी कार्य करने की शैली अन्य नेताओं से बिल्कुल अलग है। वे दतिया से तीन बार विधायक बने।

2023 के चुनाव में वे दतिया से हार गए, इसके बाद उन्हें पार्टी ने ज्वॉइनिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाकर भाजपा का कुनबा बढ़ाने की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी सूझबूझ के चलते ही पार्टी में लगातार कांग्रेसियों का आना लगा हुआ ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh विशेष

### ये भी बोले मिश्रा?

- पीएम मोदी का इस कदर जनाकर्षण है कि अब कोई कांग्रेस में नहीं रहना चाहता
- कांग्रेस से आने वालों की सूची हर स्तर पर है, उसे देख सकते हैं
- हमारे यहां 64000 बूथ, इन पर हमने 2-2 कार्यकर्ता ही ज्वॉइन कराए तो वे लाखों में हो गए




### उनसे सीधी बात

**सवाल:** किससे दोस्ती और किससे दुश्मनी निभा रहे हैं नरोत्तम मिश्रा?

**जवाब:** राजनीति में दोस्ती और दुश्मनी कोई स्थाई होती ही नहीं। यह तो सहज कार्य है। वर्तमान समय में पीएम मोदी का आभा मंडल है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुझे ज्वॉइनिंग कमेटी की जिम्मेदारी सौंपी है। तो स्वाभाविक रूप से हम सब पीएम मोदी के मिशन में लगे हुए हैं। मेरा कोई ज्यादा रोल नहीं है। लोग पीएम मोदी के आभा मंडल से स्वयं हमारी ओर चल देते हैं। मोदी के आभामंडल में हम सब प्रकाशित हो रहे हैं। संबंध और संवाद जब निरंतर बना रहता है तो मार्ग जल्दी निकल आता है और दूर तक दिखता रहता है। मेरे पास लगभग 18 साल तक संसदीय कार्य विभाग का कार्यभार रहा है। इतने लंबे समय से लोगों से संवाद और संबंध बने हैं। इससे अपनी बात पहुंचाने में सहूलियत होती है। उन संबंधों का मुझे लाभ मिला है। इसी के चलते पार्टी ने मुझे यह जिम्मेदारी दी।

**सवाल:** आप कहते हैं कि इतने लाख कार्यकर्ता भाजपा में आए और कांग्रेस कहती है कि हमें तो उतने कार्यकर्ता काम करते कभी नहीं दिखे, ये कांग्रेस कार्यकर्ता खोजकर कहां से लाए?

**जवाब:** देखिए, जब आप विकेंद्रीकृत व्यवस्था से आप चलेंगे तो ऐसा ही होगा। हमारे यहां 64000 बूथ हैं और इन पर हमने 2-2 कार्यकर्ता ही ज्वॉइन कराए तो वे लाखों में हो गए। तो यह बूथ का कार्यक्रम था। इस बूथ कार्यक्रम में हमारे कार्यकर्ता ने बहुत ताकत के साथ काम किया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन आज से

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा 2024 की तैयारी में जुटे श्रद्धालुओं की इंतजार खत्म होने वाला है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने यात्रा को लेकर तारीखों का ऐलान कर दिया है। यात्रा पर जाने से पहले श्रद्धालुओं का अग्रिम पंजीकरण जरूरी है, जो 15 अप्रैल से शुरू होगा। यात्रा 29 जून से शुरू होगी। यात्रा इस बार 40 दिन की ही होगी और 19 अगस्त को यह समाप्त हो जाएगी।



#### कोटा के हॉस्टल में आग 7 छात्र झुलस गए

**कोटा।** कोटा के हॉस्टल में रविवार सुबह 6 बजे ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना के समय 5 मंजिला हॉस्टल में कुल 61 छात्र थे। अधिकतर छात्र सुबह गहरी नींद में थे। आग के बाद भगदड़ मच गई। इस बीच 7 झुलस गए हैं। पहली मंजिल पर कुछ छात्रों ने बालकनी में चादरें बांधकर उतरा गया।



#### दिल्ली में स्कूल के अंदर खड़ी 6 बसों में आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में स्कूल परिसर के अंदर खड़ी बसों में अचानक आग लग गई। स्कूल में जल रही इन बसों का एक वीडियो भी सामने आया है। दरअसल द्वारका इलाके के एक निजी स्कूल के पार्किंग में खड़ी इन बसों में आग लग गई। जो वीडियो सामने आया है उसमें नजर आ रहा है कि बसों में भीषण आग लगी हुई है और धुएं का गुब्बार वहां से निकल रहा है।



**एक नई जंग का आगाज :** ईरान ने रात 2 बजे इजराइल पर दागी करीब 300 मिसाइलें, दावा 90 फीसदी मिसाइलें विफल कर दी गईं

**यह हमला सीरिया** की राजधानी दमिश्क में ईरानी दूतावास पर इजराइल के कथित हवाई हमले का बदला लेने के उद्देश्य से किया गया

# ईरान में हमले का जश्न... इजराइल ने कहा- हम इसे मातम में बदल देंगे

**सैन्य विशेषज्ञ मान रहे** यह एक और विश्व युद्ध की साफ आहट

ईरान की ओर से इजराइल पर किए गए हमले के बाद मध्य पूर्व में एक नई जंग शुरू हो गई है। अमेरिका ने इजराइल को हरसंभव मदद करने की बात की तो ईरान ने उसे ही धमकी दे दी।



**इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा** - हमने रोका, हमने खदेड़ा, साथ मिलकर हम जीतेंगे

**ईरान की अमेरिका को चेतावनी-** अगर वॉशिंगटन इजराइल की जवाबी कार्रवाई का समर्थन करेगा तो वह अमेरिका के ठिकानों को भी निशाना बनाएगा

**इस हमले में इजराइल की एक 7** वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई और एक एयरबेस को मामूली नुकसान हुआ

*इजराइल में भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया कि क्षेत्र में हाल ही में हुई घटनाओं को देखते हुए इजराइल में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को शांत रहने और इजराइली अधिकारियों की ओर से जारी किए जाने वाले प्रोटोकॉल का पालन करें। दूतावास सभी नागरिकों के संपर्क में है। इजराइल में 18 हजार भारतीय हैं। वहीं ईरान में 4 हजार भारतीय रहते हैं। ऐसे में इस संघर्ष के कारण 22 हजार भारतीय फंसे हैं।*

**जंग में 22 हजार भारतीय फंसे**



सोशल मीडिया से लिया गया हमले का फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान ने शनिवार (13 अप्रैल) की देर रात 2 बजे 1800 किमी दूर इजराइल पर सीधा हमला करते हुए 300 से ज्यादा मिसाइलें दाग दीं। इसके बाद तनाव बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। इजराइल ने कहा कि ईरान ने 100 से ज्यादा ड्रोन लॉन्च किए।

इस हमले को विफल कर दिया गया। यह हमला सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी दूतावास पर इजराइल के कथित हवाई हमले का बदला लेने के उद्देश्य से ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### इजराइल ने कहा- ईरान ने मध्य पूर्व को तनाव में धकेला

इजराइल के सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने ईरान की कार्रवाई को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि ईरान ने मिडिल ईस्ट के क्षेत्र को तनाव की ओर धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान ने अन्य प्रोजेक्टाइल के बीच 10 क्रूज मिसाइलें लॉन्च कीं, जिन्हें देश की सीमाओं के बाहर ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### भारत ने कहा... युद्ध समाधान नहीं, कूटनीति के रास्ते पर लौटें

भारत ने इस पूरे घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच बढ़ती दुश्मनी काफी चिंताजनक है, जिससे उस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। हम तुरंत तनाव कम करने, संयम बरतने, हिंसा से पीछे हटने और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान करते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत हालात पर करीब से नजर रखे हुए है। मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में हमारे दूतावास भारतीय समुदाय के साथ संपर्क में हैं। यह जरूरी है कि क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बनी रहे। ▶▶ शेष पेज 4 पर

**दो अज्ञात हमलवार आए थे बाइक से**



# गैंगस्टर लॉरेंस के शूटरों ने सलमान के घर पर की पांच राउंड 'फायरिंग'



दोनों हमलावरों की फोटो सामने आई

**अभी ट्रेलर था,** अब गोली घर पर नहीं चलेगी लॉरेंस के भाई ने ली फायरिंग की जिम्मेदारी

**हमलावरों के खिलाफ** आईपीसी की धारा 307 और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर बाइक से आए दो अज्ञात हमलावरों ने सुबह 4 बजकर 50 मिनट पर दनादन पांच राउंड फायरिंग कर डाली। बाद में हमलावरों की बाइक बरामद कर ली गई। घटना के वक्त सलमान घर में ही थे।

रविवार को सलमान से सीएम एकनाथ शिंदे ने बात की। ज्वॉइंट पुलिस कमिश्नर भी सलमान के घर पहुंचे। बांद्रा पुलिस ने दो अज्ञात शख्स के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 (जान से मारने की कोशिश) और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। ये मामला सलमान खान के सुरक्षा गार्ड के बयान के आधार पर मुंबई पुलिस ने दर्ज किया है। बाद में एक वायरल फेसबुक पोस्ट में दावा किया गया है कि ये हमला गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### घर की दीवारों पर गोलियों के निशान

गोली के निशान एक्टर के घर की दीवारों पर भी देखे जा सकते हैं। एक गोली उनकी बालकनी के नेट से जाकर लगी, इसका शेल उसी बालकनी में पाया गया। इस बालकनी से ही सलमान अपने फैंस को ग्रीट करने के लिए आते हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो पता चला कि बाइक पर सवार बदमाशों ने हेलमेट पहना हुआ था, इस वजह से उनकी पहचान नहीं हो पाई। बदमाशों ने फायरिंग के लिए 7.65एमएम बोर की पिस्तौल का इस्तेमाल किया था।

#### एक अपुष्ट वायरल पोस्ट में दावा हमारी ताकत को और मत परखो

एक वायरल फेसबुक पोस्ट में दावा किया गया है कि ये हमला गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने करवाया है। हालांकि, इस पोस्ट की कोई पुष्टि नहीं करता है। पोस्ट में लिखा गया- जुल्म के खिलाफ फैसला अगर जंग से हो तो जंग ही सही। सलमान खान हमने यह तुम्हें ट्रेलर दिखाने के लिए किया है, ताकि तुम समझ जाओ हमारी ताकत को और मत परखो। और तुमने जिस दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील को भगवान मान रखा है उसके नाम के हमने दो जानवर पाले हैं। बाकी ज्यादा बोलने की हमको आदत नहीं है- लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप, गोल्डी बराड़ ग्रुप, काला जठेड़ी ग्रुप, रोहित गोदारा ग्रुप।

**एएसआई के सर्वे के 22वें दिन हिंदू पक्ष का बड़ा दावा**

# भोजशाला में दरगाह के नीचे तलघर गुंबदों के नीचे हनुमान व शिव मंदिर

एएसआई की टीम गर्भगृह में भी कर रही सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

धार की भोजशाला में चल रहे एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) सर्वे के बीच हिंदू पक्ष ने बड़ा दावा किया है। हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा का कहना है कि कमाल मौलाना दरगाह के नीचे तलघर है।

साथ ही दो गुंबदों में से एक के नीचे भगवान हनुमान का मंदिर हैं। दूसरे गुंबद के नीचे दक्षिणेश्वर महादेव शिवलिंग की स्थापना थी। एएसआई की टीम गर्भगृह में भी सर्वे कर रही हैं। बता दें कि इंदौर हाईकोर्ट के आदेश पर धार की भोजशाला में ज्ञानवापी की तर्ज पर वैज्ञानिक सर्वे किया जा रहा है। सर्वे का रविवार को 22वां दिन है। ▶▶ शेष पेज 4 पर




**हिंदू पक्ष ने कहा- नए वैज्ञानिक और मशीनें आएंगी**

हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा ने बताया कि भोजशाला के उत्तर, दक्षिण और पश्चिम में काम चल रहा है। गर्भ गृह में भी तेजी से सर्वे का काम हो रहा है। आने वाले समय में जांच के लिए कुछ नए साइंटिस्ट और मशीनें भी आने वाली हैं। जो साक्ष्य सामने आएंगे, उससे भोजशाला का सच सामने आएगा। धार शहर में जो 437 मजारें हैं, वे नाथों की समाधियां हैं। कमाल मौलाना 1269 में आए थे, सन 1305 में ▶▶ शेष पेज 4 पर

**वोटिंग वाले दिन ड्राई डे**

## 48 घंटे बंद रहेंगी शराब दुकानें और बार

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव की वोटिंग और काउंटिंग वाले दिन ड्राई डे घोषित किया है। इसी दिन जिले की सभी 87 शराब दुकानें और 60 बीयर बार 48 घंटे बंद रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश के मुताबिक 7 मई को होने वाले मतदान से 36 घंटे पहले यानी 5 मई को शाम छह बजे शराब दुकानें बंद हो जाएंगी, जो मतदान खत्म होने तक बंद रहेंगे। इस दौरान भांग और भांग घोटा दुकानों को छोड़कर रेस्टोरेंट बार, होटल बार, सिविलयन ▶▶ शेष पेज 4 पर



**रामनवमी: राम मंदिर ट्रस्ट ने जारी की गाइडलाइन**

# 15 से 18 अप्रैल तक के सभी वीआईपी पास निरस्त, दर्शन का समय भी बदला

◆ भीड़ की स्थिति को देखते हुए 16 अप्रैल से मंदिर को 20 घंटे खोलने की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

रामलला के दरबार में 15 से 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी। ट्रस्ट ने गाइडलाइन जारी करते हुए बताया है कि सोमवार से चार दिनों तक वीआईपी दर्शन की कोई व्यवस्था नहीं रहेगी। जिन लोगों ने 15 से 18 अप्रैल के बीच के वीआईपी पास बनवाए हैं, उनके पास भी निरस्त माने जाएंगे। चैत्र शुक्ल सप्तमी यानी सोमवार से अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना है। इसी देखते हुए राममंदिर ट्रस्ट ने वीआईपी दर्शन पर रोक ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### कल से बदलेगा रामलला के दर्शन का समय

रविवार को ट्रस्ट व पुलिस अधिकारियों के बीच परिसर में बैठक हुई। तय हुआ है कि रामलला के दर्शन अवधि में 16 अप्रैल से बदलाव किया जाएगा। पहले 15 अप्रैल से दर्शन अवधि में बदलाव किया जाना था, लेकिन श्रद्धालुओ की संख्या अभी बहुत कम है। इसलिए दर्शन अवधि में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। भीड़ की स्थिति को देखते हुए 16 अप्रैल से मंदिर को 20 घंटे खोलने की योजना है।

**पूर्व डिप्टी कलेक्टर बोली- पार्टी में नारी सम्मान नहीं, भाजपा में हो सकती हैं शामिल**

अब मैंने प्रण लिया है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को हरवाने का काम करूंगी

# निशा बांगरे का कांग्रेस से मोहभंग, दिया इस्तीफा, कहा षड्यंत्र कर चुनाव लड़ने से रोका गया, मुझे धोखा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए डिप्टी कलेक्टर पद छोड़ने वाली निशा बांगरे ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वे जल्द ही भाजपा में शामिल हो सकती हैं।

निशा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र भेजकर पार्टी के सभी दायित्वों से मुक्त करने को कहा है। उन्होंने कांग्रेस पर धोखा देने और षड्यंत्र कर चुनाव लड़ने से रोकने का आरोप भी लगाया है। दो पन्नों के पत्र में उन्होंने लिखा कि मैं समझती थी कि कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़कर समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित लोगों ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### सरकारी नौकरी में वापसी की भी जता चुकी इच्छा



कांग्रेस ने निशा बांगरे को प्रदेश महामंत्री और मुख्य प्रवक्ता बनाया था। इससे पहले उन्होंने सरकारी नौकरी में वापस आने की इच्छा जताई थी। इसके लिए उन्होंने 3 महीने पहले मुख्य सचिव वीरा राणा को आवेदन भेजा था। अभी तक विभाग की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। बांगरे छतरपुर जिले में बतौर डिप्टी कलेक्टर पोस्टेड थीं। छतरपुर जिले के लवकुश नगर में एसडीएम रहते उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। वे बैतूल जिले की आमला सीट से विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती थीं। इसी वजह से सरकारी नौकरी से इस्तीफा दिया था। उनका इस्तीफा शासन की ओर से जब तक स्वीकार किया गया, तब तक कांग्रेस ने मनोज ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### कमलनाथ ने महिला और दलित समाज का अपमान भी किया

*रविवार को निजी होटल में पत्रकारों से चर्चा के दौरान निशा बांगरे ने पूर्व सीएम कमलनाथ को लेकर कहा कि जब कमलनाथ को टिकट ही नहीं देना था तो फिर इस्तीफा क्यों दिलवाया। पहले विधानसभा चुनाव में टिकट का वादा किया था और बाद में लोक सभा चुनाव में टिकट देने का वादा किया था लेकिन टिकट नहीं दिया। बांगरे ने कहा कि कमलनाथ ने महिला और दलित समाज का अपमान भी किया है। कांग्रेस के लोग बाबा साहेब आंबेडकर का भी अपमान कर चुके है। अब मैंने प्रण लिया है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को हरवाने का काम करूंगी।*




## लोकसभा क्षेत्र
उज्जैन

1 भाजपा प्रत्याशी
अनिल फिरोजिया

2 कांग्रेस प्रत्याशी
महेश परमार

**पिछली बार कौन जीता**
अनिल फिरोजिया

**जीत का अंतर**
3 लाख 65 हजार 637

## क्या रहेंगे मुद्दे?

मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र होने के कारण उज्जैन लोकसभा सीट हाईप्रोफाइल हो गई है। इसलिए यहां का चुनाव राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों पर ही लड़ा जा रहा है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा आगे कर रखा है। राम मंदिर और कश्मीर से धारा 370 हटाने की याद दिलाई जा रही है। यह प्रचार भी हो रहा है कि अब मथुरा और काशी की बारी है। यह मोदी और भाजपा के रहते ही संभव हो सकता है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कामों का प्रचार किया जा रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस के पास भी मुद्दे कम नहीं हैं। बताया जा रहा है कि सत्ता में आने पर कांग्रेस ने किस तरह किसानों का कर्ज माफ करने की शुरुआत की, जिस पर भाजपा की सत्ता आने पर ब्रेक लग गया। महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए देने के वादे के साथ घोषणा पत्र में शामिल 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार किया जा रहा है।

### विधानसभा चुनाव में भी हो चुकी दोनों के बीच टक्कर, सांसद के प्रति असंतोष, पर भाजपा को बढ़त हासिल

# उज्जैन में भाजपा के फिरोजिया, कांग्रेस के परमार के बीच कड़ा मुकाबला

*महाकाल की नगरी उज्जैन विश्वप्रसिद्ध है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव यहां से आते हैं। इस लिहाज से उज्जैन लोकसभा सीट के चुनाव पर सबकी नजर है। भाजपा की ओर से सांसद अनिल फिरोजिया फिर मैदान में हैं, जबकि कांग्रेस ने तराना विधानसभा सीट के अपने विधायक महेश परमार को प्रत्याशी बनाया है। दोनों पहले तराना विधानसीट के चुनाव में आमने-सामने रह चुके हैं। परमार से फिरोजिया हार भी चुके हैं। महापौर के चुनाव में भी परमार ने भाजपा को अच्छी टक्कर दी थी। दोनों का प्रचार गति पकड़ रहा है। फिरोजिया ने पिछला चुनाव लगभग पौने 4 लाख वोटों के अंतर से जीता था, लेकिन इस बार उनके प्रति कुछ असंतोष है। मुख्यमंत्री डॉ यादव के सामने प्रत्याशी को पहले से ज्यादा अंतर से चुनाव जिताने की चुनौती है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

उज्जैन में भाजपा-कांग्रेस के दो महाबलियों के बीच तगड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। ये हैं भाजपा के सांसद अनिल फिरोजिया और कांग्रेस के विधायक महेश परमार। तराना विधानसभा सीट में पहले भी दोनों आमने-सामने रह चुके हैं। अनिल फिरोजिया पहले तराना से विधायक थे, लेकिन दूसरी बार उन्हें कांग्रेस के महेश परमार ने हरा दिया था।

इसके बाद महेश लगातार दूसरी बार तराना से विधायक बने और अब कांग्रेस से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। फिरोजिया की राजनीतिक पृष्ठभूमि मजबूत है। पहले उनके


शिवमंगल सिंह तोमर


सत्यपाल सिंह सिकरवार

पिता विधायक थे। इसके बाद उनके परिवार की सदस्य रेखा फिरोजिया विधायक रहीं। अनिल खुद पहले विधायक रहे और अब सांसद हैं। महेश परमार की पकड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पहले वे अनिल फिरोजिया को विधानसभा चुनाव हरा चुके हैं और अब दूसरी बार विधायक हैं। उन्होंने उज्जैन महापौर का चुनाव भी मजबूती से लड़ा है। इस लिहाज से दोनों प्रत्याशी मजबूत हैं।

उज्जैन से पहली लिस्ट में अनिल फिरोजिया का नाम घोषित न होने पर उनका टिकट काटे जाने की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। चर्चा थी कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उन्हें नहीं चाहते। हालांकि बाद में उनका नाम घोषित हो गया। वहीं कांग्रेस के महेश परमार विधानसभा चुनाव में फिरोजिया को हरा चुके थे। परमार दो बार से लगातार विधायक हैं और महापौर के चुनाव में भी भाजपा को अच्छी टक्कर दी थी। इसलिए कांग्रेस ने भी लोकसभा चुनाव के लिए महेश परमार को ही उपयुक्त समझा। उज्जैन में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव तो यहां लगातार आते ही हैं, उनके अलावा भाजपा के कई अन्य दिग्गज यहां प्रचार के लिए आ चुके हैं।

## विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बनाई बढ़त

2018 की तुलना में कांग्रेस को विधानसभा के 2023 में हुए चुनाव में बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है जबकि भाजपा ने बढ़त बनाई है। 2018 में लोकसभा क्षेत्र की 8 में से 5 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं जबकि भाजपा को 3 पर ही संतोष करना पड़ा था लेकिन 2023 में भाजपा ने 8 में से 6 सीटें जीत कर बाजी मार ली। कांग्रेस को महज 2 सीटों पर संतोष करना पड़ा। इनमें महिदपुर सीट कांग्रेस ने महज 290 वोटों के अंतर से जीती। जबकि तराना में जीत का अंतर 2183 वोट था। इसके विपरीत भाजपा का 6 सीटों में जीत का अंतर 1 लाख 79 हजार 624 वोट रहा। इस बड़े अंतर को पाटना कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि कांग्रेस ने 2018 में जब 8 में से 5 विधानसभा सीटें जीती थीं, उसके 4 माह बाद 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पौने 4 लाख वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। अब विधानसभा में भी उसे बढ़त हासिल है और भाजपा के पक्ष में राम लहर भी है।

## रतलाम को भी छूती है उज्जैन लोकसभा सीट

उज्जैन लोकसभा सीट का भौगोलिक एरिया मोटे तौर पर उज्जैन जिले में ही है, क्योंकि जिले की सभी 7 सीटें इस लोकसभा क्षेत्र के तहत आती हैं, लेकिन यह सीट रतलाम जिले को भी छूती है। जिले की एक विधानसभा सीट आलोट भी उज्जैन के अंतर्गत है। आलोट में भाजपा का कब्जा है। उज्जैन जिले की विधानसभा सीटें नागदा-खाचरोद, महिदपुर, तराना, घटिया, उज्जैन उत्तर, उज्जैन दक्षिण और बड़नगर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं। उज्जैन जिले की महिदपुर और तराना कांग्रेस के पास हैं, जबकि शेष पांच सीटों नागदा-खाचरोद, घटिया, उज्जैन उत्तर, उज्जैन दक्षिण और बड़नगर भाजपा के कब्जे में हैं। जहां तक उज्जैन सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो 1991 से अब तक हुए 8 चुनाव में से सिर्फ एक बार 2009 में ही कांग्रेस के प्रेमचंद गुड्डू लगभग 16 हजार वोटों के अंतर से जीते हैं। शेष 7 चुनाव भाजपा की झोली में गए।

## जातीय समीकरणों का नहीं पड़ता असर

उज्जैन लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी इसी वर्ग के होने के कारण यहां जातीय आधार पर लामबंदी दिखाई नहीं पड़ती। वैसे भी विधानसभा चुनाव में जातीय समीकरणों का महत्व ज्यादा होता है। लोकसभा क्षेत्र बड़ा होने के कारण ये समीकरण बेअसर हो जाते हैं। सीट में दलित वर्ग के मतदाताओं की तादाद सबसे ज्यादा है। बैरवा और बलाई समाज का झुकाव हार-जीत में मुख्य भूमिका निभाता है। पिछड़ा वर्ग और ब्राह्मण बड़ी तादाद में हैं। ब्राह्मणों का रुझान भाजपा की ओर रहता है, जबकि पिछड़ा वर्ग बटा नजर आता है। कांग्रेस के महेश परमार का पिछड़े वर्ग की कुछ जातियों में अच्छा संपर्क है। उसे इसका लाभ मिल सकता है।

---

जैसा मैंने देखा

## चुनाव...

## जब ग्वालियर से अटल जी ने खाई मात

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने 1985 का लोकसभा चुनाव सिंधिया परिवार को टूटने से बचाने के लिए किया गया एक बड़ा बलिदान है। अटलजी ने उस चुनाव में अपने सियासी जीवन की सबसे बड़ी पराजय का सामना किया था। वह भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे। माधवराव सिंधिया ने 1971 ,77 और 1980 का लोकसभा चुनाव गुना-शिवपुरी संसदीय सीट से लड़ा था। माधवराव सिंधिया को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों ने पूरी ताकत लगाई, लेकिन वो कभी चुनाव नहीं हारे। बाद में सिंधिया कांग्रेस में शामिल हो गए और 1985 में कांग्रेस ने भाजपा के सबसे बड़े नेता अटल बिहारी बाजपेयी को हारने के लिए माधवराव सिंधिया को तुरुप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करते हुए ग्वालियर सीट से वाजपेयी के खिलाफ खड़ा कर दिया। ये फैसला नामांकन पत्र भरने के अंतिम क्षणों में हुआ। बाजपेयी के खिलाफ किसी दूसरी सीट से नामांकन भरने का वक्त ही नहीं बचा था। मुझे याद है कि उस समय राजमाता और माधवराव सिंधिया के बीच दूरियां बढ़ने लगी थी। सिंधिया जनसंघ छोड़कर कांग्रेस में चले गए थे। जिस कारण से राजमाता नाराज थीं। ऐसे में राजमाता ने भी 1984 का लोकसभा चुनाव ग्वालियर से लड़ने की बात कही थी। वाजपेयी को जैसे ही राजमाता के ग्वालियर से चुनाव लड़ने की भनक लगी वो सीधे ग्वालियर आकर राजमाता से मिले और कहा कि मैं कोटा की जगह ग्वालियर से चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने ये प्रस्ताव भावुकता में दिया था, उन्हें क्या पता था कि उनका ये फैसला आत्मघाती साबित होगा। माधवराव सिंधिया ने उन्हें करीब पौने दो लाख वोटों से हराया था।



**राकेश अचल**
वरिष्ठ पत्रकार

## यह भी जानिए...

## लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले ऑनलाइन भी जमानत राशि जमा कर सकते हैं प्रत्याशी

लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को नाम निर्देशन पत्र के साथ 25 हजार रुपए की निक्षेप या जमानत राशि जमा करनी होगी, लेकिन यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग का है, भले ही वो अनारक्षित निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहा है तो उसे इसका आधा यानि 12 हजार 500 रुपए की राशि जमानत के रूप में नाम-निर्देशन पत्र के साथ जमा करनी होगी। निवार्चन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को जमानत राशि रिटर्निंग अधिकारी के पास अथवा भारतीय रिजर्व बैंक या सरकारी खजाने में चालान भरकर जमा करना होगी। उसे चालान या रसीद की मूल प्रति नामांकन पत्र के साथ रिटर्निंग अधिकारी को नाम-निर्देशन पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगी। उम्मीदवार द्वारा जमानत राशि ऑनलाइन भी जमा कराई जा सकती है।

### नामांकन पत्र के सेट प्रस्तुत कर सकता है चार



निर्वाचन आयोग के मुताबिक कोई भी उम्मीदवार एक निवार्चन क्षेत्र से नामांकन पत्र के चार सेट रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत कर सकता है, लेकिन उसे जमानत या निक्षेप राशि जमा करने की मूल रसीद नामांकन पत्र पहले सेट के साथ ही रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत करनी होगी। यदि कोई उम्मीदवार एक साथ दो निवार्चन क्षेत्रों से भी चुनाव लड़ता है तो ऐसी स्थिति में उसे दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अलग-अलग निक्षेप राशि रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत करनी होगी।

## चुनावी चटखारे...

*मतदान करना है सब काम छोड़कर,*
*बात यह आप अच्छे से मान लीजिए।*
*लोकतंत्र के दोस्तों यह पर्व पुनीत है,*
*इसकी जड़ों को आप पहचान लीजिए।*



*एक वोट कितना जरूरी है देश के लिए,*
*इस बात का आप सब ज्ञान लीजिए।*
*विकसित भारत चाहते हो अगर बनाना,*
*अमूल्य है हर एक मत यह जान लीजिए।*
*कुमार अखिलेश,भोपाल*

## बुजुर्ग मतदाता से बात

### प्रचार के लिए उम्मीदवार खादी के कुर्ता-पायजामा पहनकर घर-घर जाते थे


बलवान सिंह पटेल

लोकसभा चुनाव को लेकर शहरभर में चर्चाओं का दौर धीरे-धीरे हर दिन तेज हो रहा है। चुनाव और वोटिंग से जुड़े अनुभव और मतदान के संबंध में बुजुर्ग बताते हैं, जो कम से कम 25 से 30 साल पहले से चुनाव के लिए मतदान कर रहे हों। शहर से सटे रासलाखेड़ी क्षेत्र के एक 62 साल से अधिक के बुजुर्ग बलवान सिंह पटेल बताते हैं कि अब तो चुनाव के लिए प्रचार करना काफी आसान हो गया है। पहले उम्मीदवार सुबह से ही खादी का कुर्ता-पायजामा पहनकर घर- घर जाते थे। वोट नहीं मांगते थे, केवल मिलना जुलना करते थे। सबसे खास बात है कि ज्यादातर लोग उन दिनों खादी या लट्टे के बने कपड़े पहनते थे। लट्टा, खादी की तरह ही कपड़ा होता था, जो काफी मतबूत और सस्ता होता था। उन दिनों यह बहुत प्रचलित था। धीरे-धीरे पॉलिस्टर का कपड़ा आया तो लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया। आज खादी का कपड़ा काफी महंगा है। खैर, जो भी हो, उन दिनों मतदान करने के लिए सुबह से ही लोग अपनी सुविधा और वाहन जैसे बैलगाड़ी, साइकिल, पैदल या समूह में मतदान केंद्र जाते थे और एक -एक कर पर्ची पर मोहर लगाकर अपने अंगूठे पर निशान भी लगवाते थे। तब वोट का न तो किसी को कोई लालच होता था, और न ही लुभावने वादे, आज हालात अलग हैं। तरक्की होती है तो सब बदलता है, इस लिए वोटिंग के तरीके और अन्य सबकुछ भी बदल रहा है।

## चाय पे चर्चा

▶▶ लालघाटी स्थित भवानी टी स्टाल पर लोकसभा चुनाव के मुद्दों को लेकर हुई चाय पर राजनीतिक चर्चा, आपस में भिड़े लोग

## इस बार प्रधानमंत्री मोदी तो बरकरार रहेंगे लेकिन सीटें कम होने के बन रहे आसार



लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही चाय की दुकानों पर राजनीतिक चर्चाएं चाय की तरफ गर्म होने लगी हैं। कई बार यह चर्चाएं विवाद का रूप भी ले लेती हैं। हालांकि अपने-अपने अनुभव और अनुमान को आपस में साझा करने वाले सभी दोस्त बाद में फिर मिल जाते हैं।

ऐसा ही एक चर्चा लालघाटी स्थित भवानी टी स्टाल पर रविवार को हुई। चर्चा में चाय पीने पहुंचे राकेश शर्मा, राकेश गुप्ता, विजय और सुभाष अपने अपने अनुभव को साझा करते हुए नजर आए। राकेश शर्मा ने कहा कि मौजूदा सरकार ढेर सारी योजनाएं चला रही हैं। इन योजनाओं का सभी लोग लाभ ले रहे हैं। उनका कहना था कि इस बार भी प्रधानमंत्री हमारे बरकरार रहेंगे। इस पर राकेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री तो बरकरार रहेंगे, लेकिन सीटें कम हो जाएंगी। इस पर विजय ने भी उनके समर्थन में कहा कि सीटें कम होंगी। साथ ही कहने लगे कि सीट कम होने से क्या होता है, केंद्र में सरकार किसकी रहेगी यह तो तय ही है।

उन्होंने कहा कि इस बार इंडी गठबंधन भी कड़ी टक्कर दे रहा है। विजय ने बताया कि देशभर में राहुल गांधी ने निकाली न्याय यात्रा ने काफी प्रभाव छोड़ा है। वहीं उन्होंने कहा कि इसके अलावा गठबंधन से दिग्गज पार्टियां भी भाजपा को चुनौती देने में जुटी हुई हैं, जो बार बार भाजपा का रणनीति बदलने पर मजबूर कर रही हैं।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### जब तक युवा जागरूक नहीं होंगे तब तक समाज नहीं जागेगा...

जो देश व युवाओं का विकास के लिए काम करेंगे उसके पक्ष में वोट डालूंगा। साथ ही सभी उम्मीदवार व पार्टी को परखने के बाद वोट करूंगा। कई बार लोग बिना सोचे समझे अपने मतदान का उपयोग करके भ्रष्ट व्यक्ति को सत्ता तक पहुंचा देते हैं, जोकि बाद में भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाता है। लोगों को साफ छवि के व्यक्ति के पक्ष में अपना वोट करना चाहिए। हम युवा जब तक जागरूक नहीं होंगे तब तक समाज नहीं जागेगा। अतः सभी युवाओं को सोच समझकर ही जनप्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए।



**अयान सोनी**, युवा मतदाता, भोपाल

### साफ छवि के प्रत्याशी के पक्ष में अपना वोट दूंगा...

अपने सपनों को ध्यान में रख वोट करना चाहिए हमारे देश के भविष्य का भार युवाओं की जीवंत ऊर्जा पर निर्भर है। युवाओं को अपने सपनों और आकांक्षाओं से भरे भविष्य को ध्यान में रखते हुए मतदान करना चाहिए। पहली बार मतदान को लेकर काफी उत्साहित हूं, साथ ही अधिक लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक युवा वोट करें। मैं और मेरे दोस्त सोशल मीडिया व अन्य माध्यम से युवाओं के लिए प्रेरित करेंगे। उन्हें मतदान अधिकार मत की ताकत के बारे में जागरूक किया जाएगा, ताकि सभी अपने मतदान का प्रयोग करके लोकतंत्र को सफल बनाएं। यह कर्तव्य है।



**समरेंद्र श्रीवास्तव**, युवा मतदाता, भोपाल

---

### भाजपा के जारी संकल्प-पत्र को लेकर बोले मुख्यमंत्री

## भारतीय जनता पार्टी का संकल्प-पत्र अगले पांच वर्ष का विजन डाक्यूमेंट है : सीएम डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



यह संकल्प-पत्र अगले पांच वर्ष के विकास का विजन डाक्यूमेंट है। इस संकल्प-पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगले पांच वर्ष सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी संकल्प-पत्र (मोदी की गारंटी) को लेकर प्रदेश कार्यालय में मीडिया से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यह विजन डाक्यूमेंट भी भाजपा ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जारी किया है, जो यह बताता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दलित, वंचित, शोषित व सर्वहारा वर्ग के लिए भाजपा सरकार आगे लगातार कार्य करती रहेगी। संकल्प-पत्र में जो बाते कही गई हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार उन सभी बातों को पूरा करेगी।

### संकल्प-पत्र में 2047 का विकसित भारत निहित है: विष्णुदत्त



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आज संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्म-जयंती पर अपना संकल्प-पत्र जनता के सामने प्रस्तुत किया है। इस संकल्प-पत्र को लेकर हम सब संकल्प ले सकते हैं कि अगले पांच वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, सेवा, सुशासन को समर्पित होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विकसित बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। इस संकल्प-पत्र में 2047 का विकसित भारत निहित है। भारतीय जनता पार्टी जो संकल्प लेती है उस संकल्प को पूरा करती है।

लालघाटी के गुफा मंदिर के मानस उद्यान में हुआ कार्यकर्ता

### सीएम ने उत्तर विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

## कार्यकर्ता श्रीराम के जीवन से सीखें, कैसे उन्होंने राम राज्य की स्थापना की, भाजपा का लक्ष्य भी बड़ा है : डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा का कार्यकर्ता वह ताकत है, जिसके कारण पार्टी ने कई रिकार्ड बनाए और आगे भी बनाएगी। जब सामूहिक शक्तियां एकत्रित होती हैं तो रामराज्य की स्थापना होती है। कार्यकर्ताओं को रामायण एवं श्रीराम के जीवन से सीखना चाहिए कि कैसे भगवान श्रीराम ने अपनी सेना तैयार की और किस तरह उन्होंने रामराज्य की स्थापना की।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लालघाटी के गुफा मंदिर स्थित मानस उद्यान में उत्तर विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन को पूर्व मंत्री व लोकसभा प्रभारी कमल पटेल एवं पार्टी प्रत्याशी आलोक शर्मा ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रामायण सबने पढ़ी है और रामायण के घटनाक्रमों को याद करें तो देखेंगे कि रामजी का जीवन कितना उतार-चढ़ाव वाला रहा। उन्होंने कहा कि बड़ा कार्य करने के लिए सबको साथ लेकर चलना पड़ता है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, पार्टी के प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी सहित अन्य उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज राजगढ़, ग्वालियर मैनपुरी व इटावा प्रवास पर, वीडी सीधी जाएंगे

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को राजगढ़, ग्वालियर, मैनपुरी व इटावा उत्तरप्रदेश प्रवास पर रहेंगे। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राजगढ़ व सीधी, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह भोपाल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर एवं गुना, प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय छिंदवाड़ा, प्रहलाद पटेल इंदौर एवं पूर्व मंत्री व न्यू ज्वाइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ.नरोत्तम मिश्रा ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुबह 9.45 बजे बंसल-वन स्थित मीडिया सेंटर, भोपाल में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करेंगे। सुबह 10.25 बजे राजगढ़ पहुंचकर लोकसभा प्रत्याशी रोडमल नागर का नामांकन पत्र दाखिल कराएंगे एवं दोपहर 12.45 बजे ग्वालियर पहुंचकर लोकसभा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह का नामांकन पत्र दाखिल कराएंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 2.20 बजे उत्तरप्रदेश के मैनपुरी और दोपहर 3.40 बजे इटावा के सेफई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

## दो दिन अवकाश के बाद आज से फिर भरे जाएंगे नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शनिवार और रविवार के अवकाश के बाद लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन फॉर्म सोमवार से फिर भरे जाएंगे। यह फार्म सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक कलेक्टोरेट में लिए जाएंगे। भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए चुनाव 7 मई को होने हैं। इसके लिए शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई है। अभी तक एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के मुदित भटनागर ने नामांकन फार्म भरा। इसके अलावा भाजपा के उम्मीदवार आलोक शर्मा और कांग्रेस के उम्मीदवार अरुण शर्मा सहित 19 अन्य उम्मीदवार नामांकन फॉर्म लेकर जा चुके हैं। आलोक और अरुण 18 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

- कलेक्टोरेट में सुबह से रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

नामांकन प्रक्रिया को देखते हुए कलेक्टोरेट में सुबह से ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सौ मीटर के अंदर केवल 3 वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी गइ्रं है, बाकी वाहनों को बाहर ही रोक दिया जाएगा। इसके अलावा प्रत्याशी के साथ सिर्फ चार लोग ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकते हैं। इसके साथ ही आरओ कक्ष में मीडिया के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। पर्चे दाखिल करने की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है।

## होटल के स्क्वेयर में युवती की हत्या का मामला: पीएम न होने से रहस्य बनी मौत

4 हजार रुपए में हायर की थी कॉल गर्ल, संबंध बनाते समय हुआ विवाद, प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ के बाद ब्लीडिंग से मौत का अनुमान

◆ होटलकर्मी समेत हिरासत में एक संदिग्ध, पुलिस को अन्य की तलाश, फरीदाबाद का पता मिला, पर नहीं मिले मृतका के परिजन

फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित होटल के स्क्वेयर में युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने होटलकर्मी समेत एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। युवती फरीदाबाद की रहने वाली है और उसके परिजन से संपर्क नहीं हो सका है।

लिहाजा उसका पीएम नहीं हो सका है। पीएम नहीं होने से मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं, लेकिन घटनास्थल का निरीक्षण करने और डॉक्टर की सलाह लेने पर पता चला कि युवती के साथ ज्यादती हुई है। उसके प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ भी हुई है। प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ होने से अत्यधिक खून भी बहा है। एक अनुमान है कि उसकी मौत अधिक खून बहने से हुई है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल सकेगा कि उसका गला दबाया गया है या नहीं? पुलिस का कहना है उन्हें एक महिला समेत अन्य व्यक्ति की तलाश है।

उल्लेखनीय है कि शाहपुरा स्थित के स्क्वेयर होटल से होटलकर्मी की सूचना पर शनिवार देर रात पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया था। युवती अर्धनग्न अवस्था में थी। अर्धनग्न अवस्था में होने के साथ साथ उसके प्राइवेट पार्ट से काफी अधिक खून बह चुका था। युवती की पहचान पुलिस ने कर ली है। 27 साल की युवती मूलतः फरीदाबाद सेक्टर 3 की रहने वाली है। उसका भोपाल का पता पुलिस को नहीं मिल सका है। पुलिस का कहना है कि आईडी कार्ड से मिले पते के आधार पर फरीदाबाद पुलिस को पहुंचाया गया था, लेकिन परिजन से संपर्क नहीं हो सका।

### गला दबाया या फिर प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ से हुई मौत, रहस्य

मामले की गंभीरता को देखते हुए आलाधिकारी समेत थाना प्रभारी और अन्य स्टाफ ने जांच का हवाला देते हुए कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है। सूत्रों की मानें तो आरोपी 27 साल का है और प्रियंका नगर का रहने वाला है। वह शराब पीने का आदी है। इसके अलावा वह अन्य नशे भी करता है। यह भी बताया जाता है कि उसने होटलकर्मी की मदद से चार हजार रुपए में कॉल गर्ल हायर की थी। साढ़े 7 बजे के आसपास होटल में युवती पहुंची थी। वहां आरोपी ने युवती से शारीरिक संबंध स्थापित करने के प्रयास किए, लेकिन वह नाकामयाब हो गया। इसी बीच युवती से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई और आरोपी ने मानवता को शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम दे दिया। संदेही आपराधिक प्रवृत्ति का है और गत वर्ष उसके खिलाफ एक निजी बैंक में नौकरी करने वाली युवती दुष्कर्म का मामला दर्ज करा चुकी है। उस पर पूर्व में भी अन्य अपराध दर्ज हैं। यह भी बताया जाता है कि संदेही घटना के समय थिनर का नशा किए हुए था।

## वकीलों को 15 अप्रैल से तीन माह तक काला कोट पहनने से मिली छूट

विधिक संवाददाता ⏭ भोपाल

अब वकील गर्मी के मौसम में गर्मी से बचाव के लिए 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक तीन माह बिना काला कोट पहने मुकदमों में पैरवी कर सकेंगे। ऑल इण्डिया बार कौंसिल ने अपने नियमों को शिथिल करते हुए वकीलों को गर्मी के मौसम में बिना काला कोट पहने प्रेक्टिस करने की अनुमति प्रदान कर दी है। मप्र स्टैट बार कौंसिल ने इस संबंध में एक परिपत्र जारी किया है। परिपत्र के अनुसार प्रदेश भर की निचली अदालतों में प्रेक्टिस करने वाले वकील गर्मी के मौसम में अब 15 अप्रैल से लेकर 15 जुलाई तक बिना काला कोट पहने मुकदमों में पैरवी कर सकेंगे। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक खरे ने बताया कि यह सुविधा केवल निचली अदालत में प्रेक्टिस करने वाले वकीलों के लिए ही है। हाईकोर्ट में प्रेक्टिस करने वाले वकीलों के यह सुविधा नहीं दी गई है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक खरे ने बताया कि इस अवधि में वकील सफेद शर्ट और काली अथवा ग्रे कलर की धारीदार पेंट और एडवोकेट बैन्ड पहन कर मुकदमों में पैरवी कर सकेंगे।

- बार कौंसिल ने गर्मी को देखते हुए नियमों को किया शिथिल

जीआरपी ने दर्ज नहीं की एफआईआर

## आरक्षण कराने पहुंचे शख्स से दलाल ने की बदसलूकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन स्थित आरक्षण केंद्र पर रिजर्वेशन कराने पहुंचे व्यक्ति से दलाल के द्वारा बदसलूकी की। इस मामले को लेकर पीड़ति जीआरपी थाने में शिकायत कराने पहुंचा था, लेकिन उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। पीड़ित अजमल खान ने बताया कि रविवार सुबह रिजर्वेशन बिल्डिंग के गेट पर दलाल के द्वारा बदसलूकी करते हुए,गाली-गलौज करने लगा। जिसको काफी मना किया। लेकिन वह नहीं माना। तभी उसके कुछ ओर लोग आ गए। इसके बाद मैंने जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा, लेकिन एफआरआई दर्ज नहीं की। हालांकि आरपीएफ की ओर से मामले की जांच कराई जा रही है।

### आरोपियों को दस मिनट में छोड़ दिया

अजमल खान ने बताया कि रेलवे का रिजर्वेशन काउंटर सुबह आठ बजे खुलता है। वे रविवार सुबह 5.30 बजे ही मैन गेटे के बाहर लाइन में लगकर गेट के सामने बैठ गए। कुछ देर बाद ही आमिर नाम का व्यक्ति अपने चार-पांच साथियों के साथ आया। उसने मुझसे गेट से हटने कहा। मेरे मना करने पर मेरे साथ जान से मारने की धमकी देते हुए अभ्रदता की। जब मैंने विरोध किया, तो उसने मुझे धक्का दे दिया। मैंने इसकी शिकायत जीआरपी और आरपीएफ से की। जीआरपी पुलिस ने पांच में से दो आरोपियों को तुरंत पकड़ लिया, लेकिन 10 मिनट बाद ही छोड़ भी दिया। वे रिजर्वेशन काउंटर पर आकर मुझे फिर धमकाने लगे।

## डिवाइडर पर पार्क था ठेला जीप में बांध ले गए एएचओ

**भोपाल।** शहर के जोन आठ में रविवार को निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी रविंद्र यादव को एक ठेला डिवाइडर पर खड़ा मिला। जब इसका कोई मालिक सामने नहीं आया, तो प्रभारी एएचओ इसे अपनी जीप में बांधकर जोन कार्यालय ले गए। हालांकि कुछ ही देर में ठेले का मालिक पहुंचा और 500 रुपए जुर्माना भरकर अपना ठेला वापस ले गया।

प्रभारी एएचओ ने बताया कि नेहरू नगर चौराहा पर सड़क के बीच में स्थित डिवाइडर को पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। आसपास पूछताछ की तो किसी ने भी इस पर मालिकाना हक नहीं जताया। तब जीप से बांधकर वार्ड कार्यालय में ले जाकर ठेले को जब्त कर लिया। कुछ देर बाद ही उसका मालिक आ गया और इसे अपना बताने लगा। ठेला मालिक पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई करते हुए 500 रूपए जुर्माने के रूप में वसूल किए।

सप्तमी, अष्टमी, नवमीं पर होंगी रजिस्ट्री

## नवरात्रि में एक दिन खुले दफ्तर, अब 3 दिन भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्रि शुरू होने के साथ तीन दिन लगातार छुट्टी रहीं, जिसके बाद शुक्रवार को रजिस्ट्री दफ्तर खुले तो 429 रजिस्ट्री दर्ज की गई। जिसके बाद शनिवार और रविवार को भी पंजीयन दफ्तर बंद रहे। अब सोमवार, मंगलवार और बुधवार को रजिस्ट्री दफ्तरों में भीड़ रहेगी। दरअसल, इस बार नई गाइडलाइन लागू होने के बाद ही नवरात्रि का त्यौहार आ गया, जिससे रजिस्ट्री दफ्तरों में भीड़ रहेगी। अप्रैल माह में चार दिन दफ्तर खुले, जिसमें 1 हजार 300 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं।



नई कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से जिले के एक हजार 443 स्थानों पर पांच से 95 प्रतिशत तक प्रापर्टी के दामों में वृद्धि की गई है। नवरात्रि के तीन दिन लगातार अवकाश होने की वजह से आइएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालय शुक्रवार को भीड़ रही। इसके बाद शनिवार और रविवार को दफ्तर बंद रहे। रजिस्ट्री के लिए सर्विस प्रोवाइडर्स ने एक दिन पहले ही स्लाट बुक कर दिए हैं। इससे पहले अप्रैल माह की शुरुआत में करीब 950 रजिसट्रियां दर्ज की गई थीं। इस तरह कुल एक हजार 379 रजिस्ट्रियां अब तक हुई हैं। साथ ही पांच करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व विभाग को मिला है।




# जैकेट का शेष

## 70 साल से ऊपर...

की गारंटी पर फोकस है जिसमें समाज के 4 स्तंभों - महिला, युवा, गरीब और किसान के उत्थान पर जोर दिया गया है। भाजपा का यह घोषणा पत्र केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली 27 सदस्यों की कमेटी ने तैयार किया है। इसके लिए लोगों के आम लोगों से भी सुझाव भी मांगे गए थे। राजनाथ सिंह ने बताया कि इसके लिए 15 लाख से ज्यादा सुझाव मिले थे। घोषणापत्र में भाजपा ने कई ऐलान किए हैं। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के संकल्प पत्र का बहुत इंतजार रहता है और इसके पीछे की वजह है कि 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। मोदी ने कहा कि संकल्प भारत विकसित भारत के स्तंभ युवा, नारी, गरीब और किसान को सशक्त करता है। हमारा फ़ोकस डिग्निटी ऑफ लाइफ़ पर है। हम हाई वैल्यू सर्विस पर ध्यान देने जा रहे हैं। मुफ़्त राशन की योजना आने वाले पांच साल जारी रहेगी। हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और अफोर्डेबल हो, सस्ती हो। 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज गरीबों के लिए और 3 करोड़ घर, 3 करोड़ लखपति दीदियां बनाएंगे। यह संकल्प पत्र मोदी की गारंटी की भी गारंटी है। इस दौरान पीएम मोदी ने पार्टी का घोषणा पत्र केंद्र सरकार के योजना के लाभार्थियों को पहली कॉपी सौंपी है।

## हमारा फोकस निवेश...

भी है। ऐसे पावन समय में भाजपा ने विकसित भारत के संकल्प पत्र को देश के सामने रखा है। भाजपा ने मेनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया है।

## दुनिया भर में...

तमिल भाषा हमारा गौरव है। भाजपा तमिल भाषा की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। बता दें कि तिरुवल्लुवर एक प्रसिद्ध तमिल कवि और दार्शनिक थे।

## 'शहजादे' ने घोषणा...

और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित पार्टी प्रत्याशी और अन्य नेता मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के काम की तारीफ की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र युवाशक्ति, नारी शक्ति, किसान और गरीब को समर्पित है। इन्हीं संकल्पों को लेकर नर्मदापुरम में अपनों के बीच आकर गर्व महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमने बाबा साहेब को सिर्फ विचारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि आधुनिक भारत में उनके योगदान को नई पहचान दी है। आप अपने फोन से जो पेमेंट करते हैं, वह भीम यूपीआई बाबा साहेब के नाम पर ही है। बाबा साहेब के दिए हुए संविधान के कारण एक आदिवासी परिवार की बेटी आज देश की राष्ट्रपति बनी है। जिस समाज को सबसे अंत में रखकर, वंचित रखा गया, उस समाज की बेटी आज देश की प्रथम नागरिक है।

## धमकी पर उतर आया ...

*रहा था, लेकिन जैसे ही गरीब घर का बेटा प्रधानमंत्री बना तो कांग्रेस अफवाह फैलाने लगी कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में आ गया। अब तो कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना, तो देश में आग लग जाएगी। कांग्रेस ने 2014 और 2019 के चुनावों के साथ राम मंदिर उद्घाटन और धारा 370 के हटने पर भी देश में आग लगने की बात कही, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ।*

## सीएम खुद कर...

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खुद रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉनिटरिंग की। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्रा, त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी और रीवा से कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी नीलम मिश्रा भी मयंक के परिजन से मिलने पहुंचे थे।

## ट्रक में पीछे से...

ले लिया। इससे दोनों वाहन जलकर खाक हो गए और उनमें सवार सात लोग जिंदा जल गए। राजमार्ग पर हुए इस हादसे के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। कार सवार लोग उत्तर प्रदेश के बताए जा रहे हैं। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। कार और ट्रक में जिंदा जले लोग कौन थे? इसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। कार उत्तर प्रदेश नंबर की है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि कार सवार लोग उत्तर प्रदेश के थे। हादसे में मारे गए लोगों की शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन अभी तक उनकी पहचान नहीं हो पाई है।

## बाबा साहेब...

*बधाई। इस असर पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस पर बाबा साहेब आंबेडकर को चुनाव हराकर संसद में जाने से रोकने का आरोप लगाया। सीएम ने कहा कि उनको रोकने का प्रयास करने वाले आज उनके नाम पर वोट मांगने जाते है। लोकतंत्र की इस बेला में समाज उसका मूल्यांकन करेगा। हम सामाजिक एकता, लोकतंत्र की मजबूती के लिए बाबा साहेब के अद्वितीय योगदान को स्मरण करते रहेंगे।*

## भोपाल के पांच कोनों...

के अनुसार शनिवार से रविवार सुबह तक कुल 59.1 मिमी बारिश हुई है। वहीं, भोपाल के बैरागढ़ में केवल 5.3 मिमी ही बारिश दर्ज हुई है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले 24 घंटे में बारिश में कमी आएगी। इससे धूप में तेजी के साथ गर्मी में बढ़ोतरी होगी। रविवार को प्रदेश में दिन का औसत पारा 35 डिग्री रहा। रात का 20 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में दिन का पारा औसतन 2 डिग्री बढ़कर 36 डिग्री तक पहुंच गया। सोमवार से तापमान में और बढ़त होने का अनुमान है। लेकिन भोपाल सहित कई जिलों अभी बौछारें, बारिश और कहीं कहीं ओले का दौर दो दिन जारी रहेगा।

**प्रदेश में कहां कितनी बारिश ?:** विदिशा के श्मशाबाद में 84, जबलपुर-मझोली में 49.8, सागर 33, शहडोल 29, दमोह 24, नरसिंहपुर 14, छतरपुर 9, टीकमगढ़ में 8 मिमी सहित प्रदेश के 30 से अधिक शहरों में औसतन 7 मिमी बारिश दर्ज हुई है। रविवार को भी छतरपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, दमोह, कटनी, टीकमगढ़, मंडला, बालाघाट और अनूपपुर सहित कई जिलों में बारिश का दौर शात तक जारी रहा।

# पेज 1 का शेष

## विपक्षी दल सरकार ...

है। उनका मानना है कि पीएम मोदी का इस कदर जनाकर्षण है कि अब कोई कांग्रेस में नहीं रहना चाहता है। पर हम उन्हीं को ले रहे हैं जिनके लिए मंडल स्तर पर संवाद करते हैं। उनका दावा है कि कांग्रेस से आने वालों की सूची हर स्तर पर है, सो देख सकते हैं। दिग्विजय सिंह, कमलनाथ, जीतू पटवारी और उमंग सिंघार ज्वॉइनिंग लिस्ट में नहीं हैं। एनसीपी के अजित पवार, कांग्रेस के अशोक चाव्हाण समेत अन्य दागदार चेहरों के मामले में आंशिक ही सहमत हूं, लेकिन मप्र में एक भी ऐसा उदाहरण नहीं है। वे 'हरिभूमि' और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

## उनसे सीधी बात...

स्थानीय स्तर के नेताओं का इसमें अहम योगदान रहा है। इसका नतीजा है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व मंत्री, वर्तमान और पूर्व विधायक, वर्तमान और पूर्व महापौर, वर्तमान और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, वर्तमान और पूर्व जिलाध्यक्ष, वर्तमान और पूर्व जनपद अध्यक्ष, पंच, सरपंच आदि की लंबी श्रंखला है जो भाजपा से जुड़े। जब इसको जोड़ते हैं तो आंकड़ा लाखों में आसानी से पहुंच जाता है। हमने इसका रिकॉर्ड भी जनता के सामने पेश कर दिया है। अपनी वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया है। इसमें उनके नाम और नंबर हैं, कोई शंका है तो उनको फोन लगा लो।

**सवाल:** कमी किस बात की थी कि भाजपा और नरोत्तम मिश्रा को इस तरह का अभियान चलाना पड़ा?

**जवाब:** पीएम नरेंद्र मोदी ने हम सभी को 370 का लक्ष्य दिया था। इसको लेकर उन्होंने कारण भी बताए कि इससे पार्टी को यह फायदा होगा। 370 से लोगों का भावनात्मक जुड़ाव है, इसलिए यह मिशन तय किया गया। अब हर बूथ पर इतने कार्यकर्ता बढ़ाना है तो कार्य को नीचे स्तर तक ले ही जाना पड़ेगा। अगर इस पर खरे उतरना है तो इसके लिए ज्वॉइनिंग तो करवाना ही पड़ेगा। इसके लिए हमारे पास बहुत गुंजाइश है। अभी ये कार्यक्रम और चलता रहेगा।

**सवाल:** जिन कांग्रेसियों ने देश और प्रदेश का बेड़ा गर्क किया, उनको भाजपा में किस लिए ले रहे हो?

**जवाब :** देखिए, न तो कमलनाथ आए और न दिग्विजय सिंह आए। जो आए वह तो वैचारिक लोग थे। यह लोग भगवान राम को मानते हैं और उन्हें लगता है कि कांग्रेस भगवान राम के खिलाफ हो गई है। वो सब लोग हैं। हमने कमलनाथ और उनके बेटे को कभी न्यौता नहीं दिया। ये उन्हीं के द्वारा उत्पन्न की हुई बात है। सज्जन वर्मा समेत अन्य ने अपनी डीपी से कांग्रेसी सिंबल हटा दिया तो इनके कारण ही भ्रम फैला । इस पिक्चर में हम तो कहीं थे ही नहीं। वैसे बात यह है कि जिन्होंने भी बेड़ा गर्क किया वह कोई नहीं आएगा। इन्होंने हमारे प्रदेश का बहुत नुकसान किया है।

**सवाल:** जिनके राज में सब-कुछ हुआ, वह शिवराज कहां हैं?

**जवाब:** शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के बड़े नेता हैं और वे वर्तमान में लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री हैं और वे पार्टी के नेता भी हैं। शिवराज जब मुख्यमंत्री थे, तब भी बड़े-बड़े कांग्रेसी भाजपा में आए और अब डॉ. यादव के कार्यकाल में लोग आ रहे हैं। उनके लिए 28 विधायक टूटे थे। कुल मिलाकर अब कांग्रेस में कोई रहना चाहता ही नहीं।

**सवाल:** भाजपा की बड़ी अभिलाषा रही है 29 सीटें जीतने की, इस बार क्या होगा?

**जवाब:** पिछले बार 28 सीटें भाजपा जीती थी और इस बार 29वीं सीट भी भाजपा जीतेगी। नरेंद्र मोदी के आने के बाद हम लगातार शताब्दी की स्पीड की तरह आगे बढ़ते चले गए हैं। यह भी सच है कि मोदी के कलेवर का कांग्रेस में कोई नेता ही नहीं है। देश में कोई भी पार्टी सरकार बनाने को लड़ ही नहीं रही, सिवाए भाजपा को छोड़कर। लोकसभा में बहुमत के लिए 273 चाहिए, लेकिन कांग्रेस लड़ ही 230 पर। सपा 37 सीट। बसपा 37 सीट। लालू यादव 20 सीट पर। ममता बेनर्जी 42 सीट पर। इससे नीचे ही बाकी सब हैं। इसलिए ये सरकार बनाने को लड़ ही नहीं रहे हैं। ये खिचड़ी और मिक्सवेज बनाने को लड़ रहे हैं। ये सब परिवारवाद के पोषक हैं। जितने भी इंडिया गठबंधन के लोग हैं यह या तो सनातन विरोधी हैं या परिवारवाद के पोषक हैं।

## ईरान में हमले का ...

किया गया। ईरान के इस हमले के बाद पश्चिमी देश भड़क गए हैं। अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इस हमले की निंदा की है। इस हमले का ईरान की संसद से सड़क तक रात भर जश्न मनाया गया। इस बीच ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वॉशिंगटन इजराइल की जवाबी कार्रवाई का समर्थन करेगा तो वह अमेरिका के ठिकानों को भी निशाना बनाएगा। अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि उनका देश ईरान के साथ जंग नहीं चाहता है, लेकिन वह किसी भी हाल में इजराइल की रक्षा करेगा। इस बीच इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनके देश ने ईरान के हमले को नाकाम कर दिया। उन्होंने हमले को लेकर एक्स पर पोस्ट किया- हमने रोका, हमने खदेड़ा, साथ मिलकर हम जीतेंगे। इजराइली टीवी चैनल के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा कि इजराइल इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा। इजराइल के प्रधानमंत्री ने वॉर कैबिनेट की बैठक बुलाई। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश किसी भी स्थिति के लिए तैयार है चाहे रक्षात्मक हो या आक्रामक।

## इजराइल ने कहा- ईरान ...

ही विफल कर दिया गया। इससे पहले ईरान ने कहा था कि यह हमला इजराइल के अपराधों की सजा है। अगर इजराइल एक और गलती करता है तो तेहरान (ईरान की राजधानी) और अधिक गंभीरता से जवाब देगा।

## भारत ने कहा... युद्ध समाधान ...

इस युद्ध का भारत पर यह होगा असर?
ईरान-इजराइल युद्ध का नकारात्मक असर महंगाई पर भी पड़ सकता है। कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर तक पहुंचने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पिछले कुछ दिनों में कच्चे तेल की तेजी के पीछे यही संकट अहम माना जा रहा है। साथ ही ग्लोबल सप्लाई चेन भी इससे प्रभावित हो सकती है।

**एयर इंडिया ने अस्थायी तौर पर निलंबित कीं फ्लाइट्स:** ईरान और इजराइल के बीच चल रहे तनाव के बीच भारतीय विमानन कंपनी एयर इंडिया ने बड़ा फैसला लिया है। एयरलाइंस ने भारत और इजराइल के बीच आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया है। एयरइंडिया ने कहा कि इस बात की संभावनाएं पहले से थी कि ईरान और इजराइल के बीच बढ़ रहे तनाव का असर हवाई सेवाओं पर पड़ेगा। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच उड़ानें फिलहाल निलंबित रहेंगी।

## गैंगस्टर लॉरेंस के शूटरों ने ...

अनमोल बिश्नोई ने करवाया है। उसने कहा कि अभी यह ट्रेलर था। अब गोली घर पर नहीं चलेगी। गौर हो कि काला हिरण मामले में विश्नोई समाज से माफी नहीं मांगने के कारण गैंगस्टर लॉरेश विश्नोई ने सलमान को हत्या करने की धमकी दी हुई है। फायरिंग के बाद से ही सलमान की सिक्योरिटी और भी ज्यादा बढ़ा दी गई है। पिता सलीम खान ने कहा कि कुछ खास बताने को नहीं है। वो (गैंगस्टर्स) बस पब्लिसिटी चाहते हैं। परेशानी की कोई बात नहीं है। मनसे प्रमुख राजठाकरे भी सलमान के घर पहुंचे और उनसे मुलाकात की। इधर, दोनों हमलावरों की फोटो सामने आ गई है। एक हमलावर काली और सफेद टी-शर्ट में नजर आ रहा है। वहीं, दूसरा लाल टी शर्ट में दिख रहा है। इस तस्वीर के आधार पर दोनों की सरगर्मी से तलाश तेज हो गई है। पुलिस, दोनों को ढूंढने में जुटी हुई है।

## भोजशाला में दरगाह ...

एएसआई की टीम के 22 अधिकारी-कर्मचारी, 27 मजदूर और दोनों पक्षों के 3 सदस्य सुबह 8 बजे परिसर में पहुंचे। टीम के पास आधुनिक उपकरण थे। भोजशाला परिसर और उसके 50 मीटर के दायरे में उत्खनन, जीपीएस, जीपीआर, उच्च स्तरीय फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी सहित अन्य आधुनिक तकनीक की मदद से सर्वे हो रहा है। यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं।

## हिंदू पक्ष ने कहा- नए..

अहमदाबाद चले गए थे, उनकी मजार पुराना जीपीओ कार्यालय के पीछे बनी हुई है। उनके मरने के 300 साल बाद 16वीं शताब्दी में मोहम्मद खिलजी और मोहम्मद गौरी ने वहां से ईंट लाकर हमारे दोनों देवस्थानों को ध्वस्त कर मजार बना दी थी, कई उदाहरण हैं जैसे ताजमहल में जाओ तो नीचे तलघर है। वहां नीचे एक सफेद मजार बनी हुए है। जिस पर जमुना जी का पानी एक-एक बूंद गिरता है पानी शिवलिंग पर ही गिरता है।

## 48 घंटे बंद रहेंगी ...

क्लब बार, सैनिक थोक और फुटकर कैंटीन, डिटेल आउटलेट के अलावा देशी और अंग्रेजी शराब के वेयर हाउस भी बंद रहेंगे। इस दौरान शराब के संग्रहण, परिवहन और बिक्री करते पाए जाने पर आबकारी धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया जाएगा। इधर, मतगणना वाले दिन 4 जून को शराब दुकानें सुबह से मतगणना समाप्ति तक बंद रहेंगी।

## 15 से 18 अप्रैल तक...

लगा दी है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अपील की है कि इन तिथियों पर वीआईपी प्रोटोकाल धारक अयोध्या न आएं। भीड़ में वीआईपी दर्शन कराना संभव नहीं होगा। पहले से बने विशिष्ट व सुगम पास 18 अप्रैल तक मान्य नहीं होंगे। ऐसे में पास धारकों को भी वीआईपी सुविधा नहीं दी जाएगी। रामजन्मोत्सव को लेकर राममंदिर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। रामजन्मभूमि पथ पर 80 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लग रहे हैं। पथ पर जर्मन हैंगर लगने की वजह से कुछ कैमरे दूर के ही दृश्यों को कैद कर पा रहे हैं। ऐसे में नजदीकी दृश्यों को भी कैद करने के लिए अतिरिक्त कैमरे लग रहे हैं। पथ पर करीब 50 स्थानों पर वॉटर कूलर भी स्थापित कराए जा रहे हैं।

## निशा बांगरे का कांग्रेस ...

का प्रतिनिधित्व करूंगी। बाबा साहेब के सपनों को साकार कर सकूंगी। लेकिन पिछले 6 महीने से कांग्रेस की नीयत को करीब से आंकलन कर मैंने यह पाया कि कांग्रेस पार्टी ने मुझे धोखा दिया। पूर्व डिप्टी कलेक्टर ने लिखा कि कांग्रेस में नारी सम्मान के लिए कोई स्थान नहीं है। जिसका ताजा उदाहरण लोकसभा चुनाव 2024 में मध्यप्रदेश में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व न मिलना भी है। मैं राजनीति में व्यापक स्तर पर कार्य करना चाहती थी लेकिन कांग्रेस ने मेरी योग्यता को ही अयोग्यता बना दिया।

## सरकारी नौकरी में वापसी ...

मालवे को उम्मीदवार घोषित कर दिया था। ऐसे में वे चुनाव नहीं लड़ पाई थीं। इस्तीफा नामंजूर होने से नाराज छतरपुर की डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे ने सरकार को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि एक दिन में मेरा इस्तीफा स्वीकार करें, नहीं तो मैं समर्थकों के साथ सड़क पर उतरूंगी और अनशन करूंगी।






# इंदौर में सी-21 मॉल के सामने टावर-61 में आग

## धू-धू कर जलने लगा रेस्टोरेंट का टॉप फ्लोर, लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶इंदौर

इंदौर में एबी रोड पर स्थित सी 21 मॉल के सामने स्थित बिल्डिंग टावर 61 में आग लग गई। आग रविवार शाम करीब 5.15 बजे बिल्डिंग के टॉप फ्लोर पर स्थित रेस्टोरेंट में लगी। थोड़ी ही देर में आग ने बिल्डिंग के नीचे के ऑफिस को भी चपेट में ले लिया। पहले सी 21 मॉल से पाइप लाकर टावर 61 में आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन बिल्डिंग के टॉप फ्लोर तक पानी नहीं पहुंच पाया। जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियों ने करीब पौन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शुरुआती जानकारी में रेस्टोरेंट में गैस सिलेंडर में ब्लास्ट से आग लगने की बात सामने आ रही है। लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह का कहना है कि लगातार आग लगने की घटना सामने आ रही है। इसे लेकर फायर सेफ्टी को लेकर प्रशासन के साथ बैठक की जाएगी। जिस समय बिल्डिंग में आग लगी, तब वहां काफी लोग थे। हालांकि सभी को वक्त रहते सुरक्षित बाहर निकाला गया।


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

**आवश्यकता**

कोमोरी ऑफसेट ऑपरेटर - कोमोरी लिथ्रोन -426,प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की अति शीघ्र आवश्यकता है। ऑपरेटर, फिडर मैन, कटिंग मैन, हेल्पर संपर्क - 7566100099
R- 14/04 to 13/05/24

जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम / फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 85830 47417
B- 09,to, 15/04/24

सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन दी जावेगी। तुरंत संपर्क करे। 9630490364, 9993771317
B- 04/04 to 03/05/24

Reliance jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें- 9279501139, 7319476022
R- 10/04 to 16/04/24

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मगवाये। लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
08116592844
R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
1200/-
10X4
अन्य साईज में
40
1 अप्रैल 2022 से लागू

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कोतवाली के सामने मोती मस्जिद भोपाल

कृत्रिम अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।
संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैबिलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

हरिभूमि
रंगीन क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस


# राशिफल

**मेष** - मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** - आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** - आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** - परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** - व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** - क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** - स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** - कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** - मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** - आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकिन परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** - खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** - कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## शब्द पहेली - 5482



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

**शब्द पहेली - 5481 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5493



## इजराइल और ईरान के बीच युद्ध से सोना होगा और 'सोणा'

# सोना सुरक्षित निवेश का सुरक्षित विकल्प, सोना होगा लखटकिया

### सोना और चांदी जैसे धातुओं में निवेश बढ़ा



दरअसल सोना- चांदी एक सुरक्षित निवेश माना जाता है। ऐसे में युद्ध के बीच या महंगाई बढ़ने के बीच लोग ज्यादा जोखिम नहीं उठाते हुए सोना और चांदी जैसे धातुओं में निवेश करना पसंद करते हैं। अब ईरान-इजराइल के बीच युद्ध से गोल्ड की डिमांड तेजी से बढ़ने वाली है, जिस कारण इसके रेट में भी इजाफा होगा।

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल/ नई दिल्ली

पिछले कुछ समय से सोने के दाम में तगड़ी उछाल आई है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर से लेकर भारत में सोने के दाम अपने ऑट टाइम हाई लेवल पर पहुंच गए हैं।

इसके साथ साथ चांदी के दाम में रिकॉर्ड बढ़ोतरी देखी गई है। अब ईरान-इजराइल के बीच वार से सोने के दाम में इजाफा होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। बाजार जानकारों का मानना है कि सोना और चांदी के दाम इससे और बढ़ सकते हैं। इस साल सोना और सोणा होगा और इसके भाव लखटकिया होंगे यानी सोना 1 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच सकता है।

### भोपाल सराफा बाजार में सोना 75 हजार के पार

#### शादियों का सीजन भी हो रहा शुरू

ज्वेलरी की मांग भी बढ़ने वाली है, क्योंकि शादियों का सीजन भी शुरू होने जा रहा है। ऐसे में सोना और चांदी की खूब खरीदारी संभव है। साल 2022 में 1,081.9 टन और 2023 में 1,037.4 टन की रिकॉर्ड खरीद हुई थी, जिस कारण 2024 में भी रिकॉर्ड खरीदारी होने की उम्मीद है। इसलिए सोने के दाम में और इजाफा हो सकता है।

गौरतलब है कि मार्च में 10 प्रतिशत की तेजी के बाद अप्रैल में भी सोने में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। सोने के दाम में बढ़ोतरी को हवा फेड रिजर्व की ओर से जारी महंगाई आंकड़े के बाद और मिली है। वहीं अब इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से फिर से सोने के दाम में तेजी आने की संभावना है। स्थानीय सराफा बाजार में सोना 75हजार रुपए प्रति दस ग्राम के पार कर गया है। तो बीते दिन कॉमेक्स सोना जून वायदा के लिए 2,308.8 डॉलर प्रति ट्रॉय औंस था, जबकि एमसीएक्स पर कीमतें 73958 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गईं, जो इसका रिकॉर्ड हाई लेवल है। वहीं चांदी का भाव मई वायदा के लिए एमसीएक्स पर 86126 रुपए प्रति 1 किलो था। चांदी में फरवरी के दौरान करीब 10 फीसदी और अप्रैल में 5 प्रतिशत की उछाल आ चुकी है।

## एफपीआई ने अप्रैल में अब तक किया 13,300 करोड़ का निवेश

### ईरान-इजराइल के बीच बढ़ रहे तनाव का असर

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉन्ड बाजार में 1,522 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति तथा आर्थिक वृद्धि की बेहतर संभावनाओं के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 13,300 करोड़ रुपए से अधिक डाले हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहाकि आगे चलकर भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलावों पर चिंता एफपीआई प्रवाह पर असर डालेगी। यह स्थिति नई संधि के विवरण पर स्पष्टता आने तक बनी रह सकती है।



### निवेश 13,347 करोड़ का, बिकवाली 8,027 करोड़ की

उन्होंने कहा कि एक और बड़ी चिंता पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव है। ईरान-इजराइल के बीच तनाव बढ़ रहा है जिसका असर निकट अवधि में एफपीआई के निवेश पर देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) के पास काफी नकदी है।इसके अलावा खुदरा निवेशक तथा उच्च संपदा वाले व्यक्ति यानी एचएनआई भारतीय बाजार को लेकर आशान्वित हैं। ऐसे में एफपीआई की बिकवाली की भरपाई यहां से हो जाएगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने इस महीने (12 अप्रैल तक) भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 13,347 करोड़ रुपए का निवेश किया है। हालांकि, भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलाव की आशंका के चलते शुक्रवार को एफपीआई ने 8,027 करोड़ रुपए की बिकवाली की थी।

#### भारतीय बाजारों को भारी निवेश मिला है

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि वृद्धि संबंधी चिंताओं के कारण फिच द्वारा चीन की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग परिदृश्य को स्थिर से घटाकर नकारात्मक करने की वजह से भारतीय बाजारों को भारी निवेश मिला है । उन्होंने कहा कि इसके अलावा मानसून सामान्य रहने की उम्मीद तथा मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था के बीच वृद्धि तेज रहने की उम्मीद से भी एफपीआई का भारतीय बाजारों को लेकर आकर्षण बढ़ा है।

#### भारतीय बॉन्ड बाजार में पैसा लगा रहे

एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉन्ड बाजार में 1,522 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। जेपी मॉर्गन इंडेक्स में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल किए जाने की घोषणा के बाद से एफपीआई भारतीय बॉन्ड बाजार में पैसा लगा रहे हैं। मार्च में बॉन्ड बाजार में 13,602 करोड़ रुपए, फरवरी में 22,419 करोड़ रुपए और जनवरी में 19,836 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

---

बीसीसीआई और जिला प्रशासन का नवाचार

## मतदान केंद्रों पर भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स रखेगा 'लकी ड्रॉ' बॉक्स

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शहर के विभिन्न व्यापारी संघ के सहयोग से नागरिकों से मतदान करने की अपील की जा रही है। इस संबंध में भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) के पदाधिकारियों के साथ अपर कलेक्टर (विकास) एवं नोडल अधिकारी-स्वीप ऋतु राज सिंह ने बैठक की। जिसमें मतदाता जागरूकता के विषय पर चर्चा की गई। बैठक में बीसीसीआई ने जिले में स्थित प्रत्येक मतदान केन्द्र पर जिला प्रशासन के सहयोग से लकी ड्रॉ बॉक्स लगाए जाने पर सहमति दी है।

मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए बीसीसीआई एवं जिला प्रशासन द्वारा इस नवाचार को प्रारंभ किया जा रहा है। बीसीसीआई ने अपने 98 एसोसिएशन को इस संबंध में निर्देशित किया है। बैठक में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी रितेश शर्मा, बीसीसीआई के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली, उपाध्यक्ष आकाश गोयल व अरविन्द जैन, महामंत्री आदित्य जैन मनयां, मंत्री सुनील सिंघई, कोशाध्यक्ष कृष्ण कुमार बांगड, सहकोषाध्यक्ष प्रदीप सेवानी एवं कार्यकारिणी सदस्य हरीश ज्ञानचंदानी, रोहित जैन सुगंधीलाल जैन, संजीव जैन सहित अन्य उपस्थित रहे।

बीसीसीआई ने 98 एसोसिएशन को निर्देशित किया




### टॉप 15 एसोसिएशन को जिला प्रशासन करेगा सम्मानित

मतदान केन्द्रों पर लकी ड्रॉ बॉक्स रखे जाने संबंधी नवाचार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले टॉप 15 एसोसिएशन को जिला प्रशासन सम्मानित करेगा। बीसीसीआई ने अपने लगभग 98 एसोसिएशन को इस संबंध में अवगत करा दिया है। बीसीसीआई की अनुशंसा उपरांत टॉप 15 एसोसिएशन को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## करीब 31 लाख डिमैट अकाउंट देशभर में

**नई दिल्ली।** देशभर में करीब 31 लाख डिमैट अकाउंट खोले गए हैं इस प्रकार देशभर में कुल डिमैट अकाउंट की संख्या 15.1 करोड़ के पार हो गई है। एक साल पहले यानी कि साल 2023 के मार्च महीने के दौरान देशभर में कुल 11.4 करोड़ डिमैट अकाउंट्स थे।

आंकड़ों के मुताबिक जीरोधा कंपनी के पास कुल डीमैट क्लाइंट की संख्या 73 लाख है। जीरोधा के पास कुल 17.9 फीसदी की मार्केट हिस्सेदारी है। वहीं दूसरी ब्रोकरेज कंपनी अपस्टॉक के पास करीब 25 लाख डिमैट अकाउंट क्लाइंट मौजूद है। महीने दर महीने के आधार पर अपस्टॉक के 0.6 फीसदी से क्लाइंट की बढ़ोतरी हुई है। ग्रो जो और एक डिस्काउंट ब्रोकर है उसके पास करीब 95 लाख डिमैट अकाउंट मौजूद है। कंपनी का कुल मार्केट शेयर करीब 23.1 फीसदी है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के पास करीब 18 लाख क्लाइंट मौजूद है।

### निजी विमान और हेलिकॉप्टर संचालकों की 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई

## आम चुनाव के बीच चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांग में 40 फीसदी का उछाल, किराया भी महंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों के लिए राजनेता और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि देशभर में भ्रमण कर रहे हैं, जिससे चार्टर्ड विमान और हेलिकॉप्टर की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। बाजार जानकारों के अनुसार इससे निजी विमान और हेलिकॉप्टर संचालकों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि चार्टर्ड सेवाओं के लिए प्रति घंटा दरें भी बढ़ गई हैं। एक विमान के लिए शुल्क लगभग 4.50-5.25 लाख रुपए और दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर के लिए लगभग 1.5- 1.7 लाख रुपए है। जहां सामान्य समय और पिछले चुनावी वर्षों की तुलना में मांग बढ़ी है, फिक्स्ड विंग विमान और हेलिकॉप्टर की उपलब्धता भी कम संख्या में है। कुछ परिचालक दूसरे कंपनी से विमान और हेलिकॉप्टर चालक दल के साथ लेना चाह रहे हैं।



### हेलिकॉप्टरों का उपयोग अधिक हो रहा

रोटरी विंग सोसायटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने बतायाकि हेलिकॉप्टर की मांग बढ़ी है और यह सामान्य अवधि की तुलना में चुनाव अवधि में 25 प्रतिशत तक अधिक है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है। आमतौर पर, राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों और नेताओं को कम समय में विभिन्न स्थानों, खासकर दूरदराज के इलाकों में पहुंचने के लिए हेलिकॉप्टर का उपयोग करते हैं। गेली ने कहा कि उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में हेलिकॉप्टरों का उपयोग अधिक देखा जा रहा है।

### हेलिकॉप्टरों का प्रति घंटा शुल्क 80 हजार से 90 हजार रुपए

बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली के अनुसार चार्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30-40 प्रतिशत अधिक है। गेली ने कहाकि आमतौर पर एकल इंजन वाले हेलिकॉप्टरों के लिए प्रति घंटा दर लगभग 80,000 से 90,000 रुपए है, जबकि दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर के लिए यह लगभग 1.5 से 1.7 लाख रुपए है। चुनाव के समय, एक इंजन हेलीकॉप्टर के लिए दर 1.5 लाख रुपए तक और दो इंजन हेलिकाप्टर के लिए 3.5 लाख रुपए तक होती है।

---

### खबर संक्षेप

#### सैनी ने एसकेटी105ई डम्प ट्रक पेश किया

**पुणे।** कंस्ट्रक्शन और माइनिंग इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी सैनी इंडिया ने एसकेटी105ई इलेक्ट्रिक डम्प ट्रक पेश किया है। यह ट्रक एकदम अनूठ है, जिसका उत्पादन स्थानीय रूप से भारत में होगा। सैनी के पोर्टफोलियो में शामिल किया गया यह नया ट्रक देश के खनन उद्योग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



अनावरण समारोह का आयोजन सैनी इंडिया की अत्याधुनिक फैक्ट्री में हुआ। वहाँ सैनी इंडिया एवं साउथ एशिया के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक दीपक गर्ग, अतिथि और उद्योग के पेशेवर लोग मौजूद थे।

#### वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस ने बढ़ाया फिनटेक सपोर्ट को

**मुंबई।** टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड बिजनेस प्रोसेस ,मैनेजमेंट सर्विसेज़ में लीडिंग प्रोवाइडर, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने ऐसेट मैनेजमेंट सेक्टर में प्रमुख खिलाड़ियों में से एक के साथ एक नई ग्राहक-जीत हासिल की है। साथ ही वन पॉइंट वन ने देश में लीडिंग फिनटेक प्लेयर के लिए सीट कपैसिटी में भी वृद्धि की है। वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस को 7 सीटों से प्रभावशाली 160 से अधिक सीटों तक विस्तार के साथ एंड-टू-एंड मर्चेंट ओरिजिनेशन और सर्विसिंग को मैनेज करने का काम सौंपा गया है।


### बिजनेस न्यूज

#### रबींद्रनाथ टैगोर विवि में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण



**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कृषि संकाय द्वारा तीन दिवसीय मशरुम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में विदेश के प्रतिभागियों की भागीदारी विशेष रही। वर्कशॉप में 22 राज्य सम्मिलित हुए। साथ ही लगभग 750 कृषि वैज्ञानिक, छात्र,उद्यमी एवं किसानों ने वर्कशॉप में भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.विजय सिंह, विषय विशेषज्ञ डॉ एमपी ठाकुर, डायरेक्टर इंस्ट्रक्शन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़, डॉ.आर के बंसल डायरेक्टर जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी जयपुर, डॉ. एचएस गोस्वामी, संचालक ओमकार लाइफ केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर, डॉ.अजय कुमार जायसवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर संगम यूनिवर्सिटी भीलवाड़ा राजस्थान, डॉ.शमशेर आलम, प्रोग्राम असिस्टेंट केवीके मेनपाट सरगुजा छत्तीसगढ़, डॉ.पूजा दुबे पांडे,डायरेक्टर, बेटी इनोवेटिव प्राइवेट लिमिटेड इंदौर, प्रवीण वर्मा, डायरेक्टर मशरूम फार्मिंग मनुपरा ग्रोअप फाउंडेशन झांसी उत्तर प्रदेश, रोहित रावत, डायरेक्टर हरि लाइफ साइंसेज भोपाल, आकांक्षा कश्यप, हेड अकेडमी हरि लाइफ साइंसेज भोपाल, आरएनटीयू कृषि विभाग के डीन और कार्यक्रम कन्वीनर डॉ.र दयाल वर्मा, को-कन्वीनर डॉ.एके वर्मा, एसोसिएट डीन, कोऑर्डिनेटर डॉ.एमके धाकड़ उपस्थित थे। सभी प्रतिभागियों ने मशरुम उत्पादन में प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य वक्ताओं ने बताया कि मशरुम मुख्य रूप से हमारे भोजन शामिल है, जो कि प्रोटीन का स्त्रोत है। मशरुम उत्पादन की महत्ता एवं उसके भारत में उत्पादन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। उन्होंने खाने योग्य मशरुम और जहरीले मशरुम के बारे में भी जानकारी दी। मशरूम का चिकित्सा के क्षेत्र में क्या क्या उपयोगिता है की जानकारी भी साझा की। उन्होंने आगे मशरुम उत्पादन मॉडल के रख रखाव और तैयार करने कि विभिन्न विधियों की विस्तृत जानकारी दी।

#### एसबीआई अधिकारी संघ भोपाल मंडल की 28वीं आमसभा




**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ भोपाल मंडल (मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़) राज्य की 28वीं सामान्य आमसभा आयोजित की गई। इस आम सभा में भारतीय स्टेट बैंक भोपाल सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एसाइ प्रसाद चेयरमैनैन एआईएसबीओएफ, रूपम राय अध्यक्ष एआईएसबीओएफ और जीएस आईबीओसी और अरुण भगोलीवाल जीएसस एसबीआईएएसईयू और अध्यक्ष एआईएसबीर्आएसफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुंदन ज्योति महाप्रबंधक, अजिताव पाराशर महाप्रबंधक और नीरज प्रसाद महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ भोपाल मंडल के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव एवं महासचिव संजीव मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और संघ के महासचिव संजीव मिश्रा ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मिश्रा ने अधिकारियों के अधिकारों की उचित देखभाल के लिए उनके कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए अधिकारी संघ द्वारा संचालित की गई गतिविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर चंद्रशेखर शर्मा ने ग्राहक और बैंक के विश्वास के रिश्ते को अधिक मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

#### ओके प्ले का राजस्व बढ़कर 4838.46 लाख हुआ

**नई दिल्ली।** ओके प्ले इंडिया लिमिटे प्लास्टिक मोल्डेड फर्नीचर, आउटडोर प्ले इक्विपमेंट, पॉइंट-ऑफ-परचेज प्रोडक्ट्स, ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के उत्पादन में लगी एक लीडिंग कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए मजबूत आय की घोषणा की है। 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने अपना रेवेन्यू 4838.46 लाख रुपए रिपोर्ट किया ।जिसमें तिमाही दर तिमाही 45 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। एबिटा में तिमाही दर तिमाही में 126 फीसदी उछला और 252.05 लाख रुपए से 571.83 लाख रुपएहुआ। शुद्ध लाभ में जोरदार वृद्धि दर्ज की गई और यह 426.33 लाख रुपए पहुंचा।

#### फिटजी ने की 'मास्टर्स ऑफ डायग्नोसिस' की घोषणा

**नई दिल्ली।** जेईई एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भारत के प्रमुख कोचिंग संस्थान फिटजी ने कक्षा 6, 7, 8, 9, 10, 11 और 12 के छात्रों के लिए डायग्नॉस्टिक कम स्कॉलरशिप टेस्ट 'मास्टर्स ऑफडायग्नोसिस' की घोषणा की है। यह उन छात्रों के लिए बेहतरीन अवसर है जो अपनी अकादमिक क्षमता का मूल्यांकन कर फिटजी की असाधारण दुनिया में प्रवेश पाना चाहते हैं। डायग्नॉसिस कम स्कॉलरशिप टेस्ट को छात्रों के मौजूदा ज्ञान एवं क्षमता केमूल्यांकन के लिए डिजाइन किया गया है। इस टेस्ट के मायध्म से छात्रअपनी मौजूदा एवं छिपी अकादमिक क्षमता का मूल्यांकन कर सकेंगे। वे अपने आईक्यू, एनालिटिकल एवं लॉजिकल स्किल्स एवं प्रॉबलम-सॉल्विंगक्षमता की जांच कर सकेंगे, जो विभिन्न प्रतियोगी एवं शैक्षणिक परीक्षाओं में सफलता पाने और जीवन की विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिए जरूरी है।

#### पीएनबी ने मनाया बैंकिंग उत्कृष्टता 130 साल पूरे होने का उत्सव




**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने 130 वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपनी इतिहास पुस्तिका का विमोचन, नए डिजिटल उत्पाद की पेशकश, और नए सीएसआर कार्यो की शुरूआत कीं। इन सभी का उद्देश्य बैंक की समृद्ध विरासत का सम्मान करना, ग्राहक अनुभव को बढ़ाना और पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक सशक्तिकरण में योगदान देना है। नई दिल्ली में पीएनबी के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डीएफएस सचिव डॉ. विवेक जोशी, डीएफएस के संयुक्त सचिव समीर शुक्ला, डीएफएस के संयुक्त सचिव पंकज शर्मा, पीएनबी के निदेशक मंडल, पीएनबी के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष केजी अनंतकृष्णन, पीएनबी के एमडी और सीईओ अतुल कुमार गोयल, पीएनबी के कार्यपालक निदेशकगण - कल्याण कुमार, बिनोद कुमार, एम. परमशिवम और विभू प्रसाद महापात्र, पीएनबी के सीवीओ राघवेंद्र कुमार और पीएनबी के स्टाफ सदस्य सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डीएफएस सचिव डॉ. विवेक जोशी ने पीएनबी की उत्कृष्टता और बैंकिंग क्षेत्र को सफलता और उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने की क्षमता पर भरोसा जताया। उन्होंने दर्शकों को वित्तीय समावेशन पर ध्यान केंद्रित करने, जोखिमों को कम करने के लिए उपयुक्त उपायों का चयन करने, साइबर सुरक्षा, निवारक सतर्कता, हरित वित्त और जलवायु वित्त के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने दर्शकों से अपने-स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का भी आग्रह किया।

### कोई भी कार्य उत्तेजना में नहीं, योजना के अनुरूप होना चाहिए: स्वामी गिरि

## इस कथा से पूरे राष्ट्र में नवचेतना का संचार हो रहा है : स्वामी रामदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज कथा के छठवें दिन स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज ने कहा कि अनुशासन का पालन करने वाले थोड़े से लोग भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें तो बड़े कार्य को सिद्ध कर सकते हैं।

समय की प्रतीक्षा करना आना चाहिए, कोई भी कार्य उत्तेजना में नहीं, योजना के अनुरूप होना चाहिए। मुट्ठी भर अंग्रेजों ने भारत आकर 150 वर्षों तक राज किया, इसका मुख्य कारण योजना और अनुशासन था। उन्होंने कहा कि इस कथा में सारा इतिहास विश्वासघात का इतिहास है। ऐसे कई प्रसंग हैं जिनमें पराक्रम, वीरता, साहस के साथ-साथ छल, धोखा व विश्वासपात्र दिखाई पड़ता है। जीजा माता के पिता व दो भाइयों को धोखे से मारा गया। शिवाजी महाराज के बड़े भाई संभा जी को भी अफजलखान ने विश्वासघात से मारा। जीजा माता की वेदना कैसे शांत हो सकती थी जिसने अपने पिता, भाइयों व पुत्र को खोया हो।



जगदंबा माता के मंदिर को अफजलखान ने तोड़ा था, वह भाव शिवाजी महाराज के अंतःकरण में था। जीजा माता के साथ-साथ सम्पूर्ण भारत की यह आकांक्षा थी कि इन पापियों को कुचलने का सत्र आरंभ होना चाहिए। माता जीजा के संकल्प को शिवाजी महाराज ने अफजलखान को मारकर पूरा किया। जो कार्य भगवान राम ने रावण को मारकर किया, भगवान कृष्ण ने कंस का निंकदन करके किया, वही कार्य शिवाजी महाराज ने अफजलखान का संहार करके किया।

रामदेव महाराज ने कहा कि जब हम सनातन धर्म के संरक्षक, उद्‌गाता, उसके प्रणेता, और राष्ट्र जागरण के पुरोधा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन को देखते हैं तो एक महान व्यक्तित्व हमारे आंखों के सामने आ जाता है। महाराज के श्रीमुख से उनके जन्म, हिंदू साम्राज्य के उनके दृढ़ निश्चय और यवनों, मुगलों व क्रूर अत्याचारियों के संहार की कथा सबके हृदय को बहुत प्रकार से प्रेरित करने वाली है।

#### बीपीसीएल के सहयोग से जनजातीय कार्य शुरू

**भोपाल।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और जबुआ के जनजातीय कार्य विभाग के सहयोग से टाइम्सप्रो का एक सीएसआर समाधान विंग, शुरू की गई एक स्वास्थ्य और स्वच्छता परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। प्रदेश के झाबुआ जिले के सात सरकारी स्कूलों में अनेमिया और कुपोषण से निपटना था। इस पहल के दौरान खून की जांच और प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ अनेक नवाचारी तरीकों से प्रेरित किया गया कि लगभग 3,807 छात्र दैनिक आहार में पौष्टिकता को अपनाएं, व्यक्तिगत स्वच्छता मानकों को बनाए रखें, और एक सम्पूर्ण जीवनशैली को स्वीकार करें।

## बी-हैवी गुड़ के एक्स्ट्रा स्टॉक से अब तैयार होगा इथेनॉल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाजार में चीनी की सुचारु सप्लाई और स्थिर कीमतों के बीच सरकार चीनी मिलों को इथेनॉल बनाने की इजाजत देने पर विचार कर रही है। इसके लिए सरकार फीडस्टॉक के रूप में अपने अतिरिक्त बी-हैवी गुड़ का इस्तेमाल करने की इजाजत दे सकती है। मौजूदा समय में चीनी मिलों के पास पिछले साल 7 दिसंबर को इसके इस्तेमाल पर प्रतिबंध से पहले उत्पादित 8 लाख टन से ज्यादा बी-हैवी गुड़ का अतिरिक्त स्टॉक है। एक हफ्ते बाद सरकार ने प्रतिबंध में बदलाव करते हुए गन्ने के रस और बी-हैवी गुड़ दोनों के इस्तेमाल की इजाजत दे दी थी। लेकिन 2023-24 सप्लाई ईयर के लिए इथेनॉल उत्पादन के लिए 17 लाख टन की चीनी डायवर्जन की कुल सीमा के भीतर अनुमति दी थी। रिपोर्ट के मुताबिक इस प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।

## चिंतन

# न्याय बनाम संकल्प पत्र पर जन भरोसे की परीक्षा

आम चुनाव से पहले पार्टियों द्वारा घोषणा पत्र जारी करने की परंपरा रही है। घोषणा पत्र के जरिये लोकलुभावन वादों से वोटरों को लुभाने की कोशिश होती है। हालांकि 1952 से हो रहे आम चुनाव में घोषणा पत्रों में किए गए वादे पार्टियों ने शायद ही पूरे किए हैं। केंद्र में चाहे सरकार कांग्रेस या उसके गठबंधन की रही हो या फिर भाजपा नीत गठबंधन की, किसी ने भी चुनाव से पहले किए वादों को पूर्णतः पूरा नहीं किया। इस बार भी लोकसभा चुनाव से पूर्व मिशन 2024 के लिए कांग्रेस और भाजपा ने भी अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने अपने 76 पन्नों के मेनिफेस्टो को संकल्प पत्र का नाम दिया है, कांग्रेस ने न्याय पत्र नाम दिया है। गत पांच अप्रैल को कांग्रेस ने 5 न्याय और 25 गारंटी के वादे के साथ अपना 48 पन्नों का घोषणा पत्र जारी किया था और आज भाजपा ने डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती के दिन 14 अप्रैल को अपना संकल्प पत्र जारी किया है, इसमें 24 गारंटी के वादे हैं। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के लिए आंबेडकर जयंती का दिन चुनकर एक बड़े वर्ग को सामाजिक न्याय का भरोसा दिया है। उसने अपने संकल्प पत्र में पुरानी योजनाओं को जारी रखने, उनका दायरा बढ़ाने, 2047 तक विकसित भारत बनाने समेत कई बड़े वादे किए हैं। ये बातें पीएम मोदी पहले से ही करते रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने अपने 'न्याय पत्र' में सामाजिक न्याय के साथ युवाओं, महिलाओं और किसानों को केंद्र में रखकर कई बड़े वादे किए हैं। बारीकी से देखें तो, दोनों घोषणा पत्र गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के ईर्द-गिर्द हैं। कांग्रेस का जोर स्थाई सरकारी नौकरी व महिलाओं को नकद देने पर ज्यादा है। भाजपा की गारंटियों में सभी को स्वास्थ्य बीमा, सभी के लिए बीमा योजना और सभी को पक्का घर देने का वादा प्रमुख हैं। इसमें मूलभूत ढांचे के विकास के साथ-साथ कृषि और रोजगार क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प भी दोहराया गया है। भाजपा के घोषणा पत्र को मोदी सरकार 3.0 के अगले पांच सालों के बजट का संकेत पत्र माना जा सकता है। भाजपा के घोषणा-पत्र में समान नागरिक संहिता, एक देश एक चुनाव, अगले पांच साल तक 5 किलो मुफ्त राशन, पेपर-लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाने, मैन्युफैक्चरिंग व इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश, इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार, हाई-वैल्यू सर्विसेज के लिए ग्लोबल सेंटर्स, किसान निधि जारी रखने, 3 करोड़ लखपति दीदी, उत्तर भारत में भी बुलेट ट्रेन, 70 से अधिक उम्र के सभी लोगों व ट्रांसजेंडरों को भी आयुष्मान योजना का लाभ, गरीबों को 3 करोड़ नए घर, रसोई गैस की पाइप से आपूर्ति, 20 लाख तक मुद्रा ऋण जैसे सर्व समावेशी वादे किए गए हैं। 2019 के घोषणा-पत्र में भी भाजपा ने यूसीसी, एक राष्ट्र एक चुनाव, 60 साल की उम्र के बाद देश के किसानों व छोटे दुकानदारों को पेंशन देने आदि जैसे बड़े वादे किए गए थे, जो पूरे नहीं हुए। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में पांच न्याय- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय के साथ जाति जनगणना कराने, गरीब महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख रुपये नकद देने, आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने, 30 लाख सरकारी नौकरी देने, एमएसपी को कानूनी दर्जा, जीएसटी मुक्त खेती, एक वर्ष के भीतर एससी/एसटी के बैकलॉग भरने, संविदा कर्मियों को नियमित करने, योजना आयोग की बहाली, बुल्डोजर न्याय को खत्म करने, संविधान की रक्षा करने जैसे बड़े वादे किए हैं। अब गेंद जनता के पाले में है कि वह भाजपा या कांग्रेस में से किसकी गारंटी पर भरोसा करती है। यह चुनाव न्याय बनाम संकल्प पत्र पर जन भरोसे की परीक्षा है। चूंकि इस बार का चुनाव पूर्ण बहुमत बनाम गठबंधन सरकार के बीच है, जिसमें भाजपा पूर्ण बहुमत की बात कर रही है, वहीं कांग्रेस इंडी गठबंधन की विजय के लिए कोशिश में है, ऐसे में मेनिफेस्टो में गारंटियों की परीक्षा भी है।

## सारा संसार



महाराष्ट्र में कोल्हापुर से 14 किलोमीटर दूर पुणे-बेंगलुरू राजमार्ग पर चिन्मय गणधीश मंदिर पूरी दुनिया में गणेश की सबसे ऊंची मूर्ति के लिए जाना जाता है। यह प्रतिमा 61 फीट की ऊंचाई पर खड़ी है। इसका उद्घाटन 2001 में किया गया।

### आम चुनाव

सोनम लववंशी



# भाषा का गिरता स्तर चिंताजनक

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही पूरे देश में राजनीतिक सरगर्मियां उफान पर है। पक्ष विपक्ष अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कब सिद्धांतों को धत्ता बता दें यह पता ही नहीं चलता। अभिव्यक्ति के नाम पर अनर्गल बयानबाजी ने राजनीति की शुचिता को तार-तार कर दिया है। 'बोल के लब आजाद हैं तेरे' पंक्ति का शोर आजकल राजनीतिक आबोहवा में गुंजित हो रहा है। ऐसे में मालूम तो यही पड़ता कि जब मशहूर शायर फैज अहमद फैज ने इन पंक्तियों को लिखा होगा तो शायद ही कभी ये सोचा होगा कि देश के राजनेता उनकी इस पंक्ति के सहारे शब्दों की सारी मर्यादा लांघ जाएंगे! यूं तो महिलाओं के प्रति की जाने वाली अभद्र टिप्पणियों के लिए भारतीय लोकतंत्र सदियों से बदनाम रहा है, लेकिन चुनाव आते-आते विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर को अमर्यादित भाषा के वायरस से कलंकित करने में हमारे राजनेता कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अब महिला नेत्री भी इस मुकाबले में पीछे नहीं रही है। बीते दिनों ही कंगना रनौत और ममता बनर्जी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां इसकी ताजा मिसाल हैं, लेकिन महिलाओं पर ऐसे हमले क्यों होते हैं और यह स्थिति कैसे बदलगी? ये कोई नहीं कह सकता। वैसे जब महिला ही महिला को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने लगे तो स्थिति और असहज हो जाती है। बीते दिनों पश्चिम बंगाल से बीजेपी सांसद दिलीप घोष ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर विवादित टिप्पणी की। यूं तो चुनाव आयोग ने ऐसे बयानों पर चेतावनी देकर इतिश्री कर ली, पर इससे कोई खास फ़र्क नहीं पड़ा तभी तो अभी हाल के दिनों में ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद रणदीप सुरजेवाला ने भी हेमा मालिनी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। अब जरा कोई रणदीप सुरजेवाला को यह बताएगा कि कांग्रेस में भी महिलाएं सांसद-विधायक क्यों बनती हैं? एक पार्टी का जिम्मेदार नेता कैसे अशोभनीय भाषा पर उतारू हो जाता है। यह समझ नहीं आता। विडंबना देखिए कि चुनाव आते ही देश में महिला सशक्तिकरण पर सबसे ज्यादा फोकस किया जाता है। आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही हैं, लेकिन महिलाओं के साथ छींटाकशी आधुनिक समाज में भी चरम पर हैं। माना कि चुनाव का दौर चल रहा है और जीतने के लिए मुद्दे गढ़े जाते हैं, लेकिन यह कौन सा तरीका हुआ कि महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की जाए। किसी भी महिला के खिलाफ किसी राजनेता को अभद्र टिप्पणी करने का क्या अधिकार है? सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय महिला के साथ शाब्दिक छींटाकशी क्यों? दुःखद तथ्य यह है कि अब तो महिलाएं स्वयं महिलाओं पर अनर्गल प्रलाप कर रही हैं। आज जिस दौर में भारतीय राजनीति में भाषा की गिरावट अपने निम्नतम स्तर पर पहुंच गई है। राजनेताओं के बोल बिगड़ते जा रहे हैं। उन्हें दूसरे राजनीतिक दल के नेताओं को बुरा बोलने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। फिर सवालों की एक लंबी फेहरिस्त उत्पन्न होती है। क्या उसके उत्तर हमारे लोकतांत्रिक पहरुओं के पास है? पहला सवाल अभिव्यक्ति की आज़ादी ये तो नहीं कहती कि आप किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के मान को भंग करें? फिर आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? राजनीति निजी दुश्मनी अदा करने का कोई अखाड़ा भी नहीं। फिर अमर्यादित होने का क्या निहितार्थ? जब संवैधानिक व्यवस्था में राजनीति का जन्म देश को सुचारू रूप से आगे ले जाने के लिए हुआ। फिर मूल उद्देश्य को क्यों बिसार रहे राजनीति के सिपहसालार?

(लेखक सामाजिक विश्लेषक व वूमन एक्टिविस्ट हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



दो टूक
अवधेश कुमार

माफियाओं, बाहुबलियों, अपराधियों को मृत्यु के बाद उसे गरीबों का मसीहा और नायक बनाया जाना भय पैदा करता है। सजाप्राप्त अपराधी को मुसलमानों का नायक, गरीबों का मसीहा बताया जाए तथा राजनीतिक पार्टियां और नेता उसके पक्ष में बयान दें इससे ज्यादा डरावना कुछ नहीं हो सकता। सांप्रदायिक तत्वों द्वारा फैलाया गया खतरनाक झूठ कि मुसलमानों की चुन-चुन कर हत्याएं हो रही हैं- देश में सांप्रदायिक तनाव का वातावरण पैदा कर रहा है। ऐसी राजनीति और एक्टिविज्म भयभीत करने वाली है। मुख्तार जैसे लोग नायक नहीं खलनायक हैं। खलनायक को नायक बनाने की प्रवृत्ति के विरुद्ध डटकर खड़ा होने की आवश्यकता है।

# अपराधियों को नायक न बनाएं

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के घर जाकर उसे महान और मसीहा साबित करने की उस अभियान को आगे बढ़ाया जो उसकी मौत के समय से ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने जेल में रहते हुए मुख्तार को पांच बार विधायक बनाया तो इसका मतलब है कि वह जनता के दुख दर्द में शामिल रहे और उसी का परिणाम है कि जनाजे में इतनी अधिक भीड़ उमड़ी। उन्होंने बांदा जेल में मुख्तार की मृत्यु पर सरकार को घेरा तथा उसकी तुलना रूस में बिना नाम लिए विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में हुई मृत्यु से कर दी। जेल में कैदी की मृत्यु की कानून के अनुसार न्यायिक दंडाधिकारी से जांच आवश्यक है और जांच रिपोर्ट आना बाकी है। मुख्तार अंसारी पिछले लंबे समय से जब भी वीडियो में आया काफी कमजोर दिखता था। व्हील चेयर पर ही उसके बाहर निकलने या अंदर जाने की तस्वीरें आईं थीं। उसकी मेडिकल रिपोर्ट में अनेक बीमारियां लिखी हुई हैं। इतनी बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति की कभी भी किसी कारण से मृत्यु हो सकती है। वैसे भी बाहुबल और धनबल की बदौलत बादशाहत कायम करने की मानसिकता में जीने वाले व्यक्ति को जेल में आम अपराधी की तरह व्यवहार से मानसिक आघात लगना बिलकुल स्वाभाविक है। मानसिक तनाव, दबाव व हताशा में मनुष्य अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। योगी आदित्यनाथ सरकार के कारण बांदा जेल में वह आम सजाप्राप्त कैदी की तरह ही था। कुछ बुद्धिजीवियों, संगठनों, नेताओं, राजनीतिक पार्टियों आदि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट के कोई मायने नहीं हैं। प्रचार यही हो रहा है कि उसे मारा गया है। कुछ दिनों से उसके परिवार और वकील धीमा जहर देने का आरोप एक रणनीति के तहत लग रहे थे, जिसका उद्देश्य जमानत दिलाना या मन मुताबिक किसी जेल में शिफ्ट कराना था। मृत्यु से कुछ दिनों पहले बेटे से बातचीत के ऑडियो से उसके काफी अस्वस्थ व कमजोर होने के साथ गहरी निराशा में डूबे होने का पता भी चलता है।

उसकी मृत्यु पर सपा, बसपा या कुछ अन्य पार्टियों, मजहबी नेताओं आदि ने जिस ढंग का माहौल बनाया है उसने आम व्यक्ति को उद्वेलित किया है। ऐसा कोई कारण नहीं दिखता, जिससे प्रशासन या जेल या सरकार उसे तत्काल गैर कानूनी तरीके से मारने का कदम उठाए। इस समय उसकी मृत्यु से किसी को कुछ भी प्राप्त नहीं होने वाला था। लगातार उसे सजा मिल रही थी और अंतिम समय तक वह जेल में छटपटाते रहता तो इसका संदेश अन्य माफियाओं, बाहुबलियों, अपराधियों के बीच जाता कि ऐसे लोगों के साथ यही होना है। योगी सरकार की दृष्टि से यह स्थिति ज्यादा अनुकूल थी। मृत्यु के बाद उसे गरीबों का मसीहा और नायक बनाया जाना भय पैदा करता है। जितनी संख्या में उसके नमाज ए जनाजा में लोग शामिल हुए वह सामान्य अवस्था का द्योतक नहीं है। ऐसे लोगों के जनाजे में इतने बड़े जन समूह का उभरना मुस्लिम समाज के अंदर बढ़ती ऐसी प्रवृत्ति है जिससे डरने और जिसको हर हाल में रोके जाने की आवश्यकता है। मुख्तार अंसारी न्यायालय द्वारा सिद्ध माफिया, हत्यारा, अपहरणकर्ता, सांप्रदायिक दंगा करने




वाला बाहुबली था। 65 से ज्यादा मुकदमे उसके नाम पर थे जिनमें आठ में उसे सजा दी जा चुकी थी। इनमें दो में उम्र कैद की सजा थी। न्यायालय द्वारा घोषित सजाप्राप्त अपराधी को मुसलमानों का नायक, गरीबों का मसीहा बताया जाए तथा राजनीतिक पार्टियां और नेता उसके पक्ष में बयान दें इससे ज्यादा डरावना कुछ नहीं हो सकता। वे सरकार और पुलिस प्रशासन के साथ न्यायपालिका पर भी प्रश्न उठा रहे हैं। 2013 में मुंबई बम विस्फोटों के अपराधी टाइगर मेनन के जनाजे में मुंबई में उमड़ी भीड़ ने पहली बार देश को हैरत में डाला था। उस समय से यह एक स्थापित प्रवृत्ति है। अतीक अहमद की हत्या पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न था, लेकिन उसकी मृत्यु पर विशेष नमाज जगह-जगह अदा कर जन्नत की दुआ करना किस बात का द्योतक था? डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की मृत्यु पर इस तरह का दृश्य नहीं था। वस्तुतः उनके जनाजे में हिंदुओं की संख्या सर्वाधिक थी। कांग्रेस के शासनकाल से उत्पन्न राजनीति के अपराधीकरण के भयावह दौर में ऐसे अपराधी और बाहुबली, जिन्हें जेल में होना चाहिए वो विधायक और सांसद बनकर नीति-नियंता बन गए। अतीक, अंसारी या शहाबुद्दीन जैसों की एकमात्र योग्यता यही थी कि वो अपने अपराध के बल पर साम्राज्य कायम कर चुके थे। सैयद शहाबुद्दीन को भी अपराधी होने के बाद ही राजद ने सांसद बना दिया। इनके कारण इन पार्टियों को कुछ क्षेत्रों में मुसलमानों के बड़े वर्ग का वोट भी मिलता था। सांसद और विधायक बनने के बाद इनका अपराध तंत्र ज्यादा फैला और प्रशासन के लिए उनके विरुद्ध कार्रवाई हमेशा कठिन रही। भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या मुख्तार ने जेल में रहते हुए कराई। अतीक जेल से भी पूरा तंत्र चलाता था और पुलिस की तरह ही उसके पास इंटेरोगेशन से लेकर कैद रखने के ढांचे बने हुए थे। शहाबुद्दीन की भी ऐसी ही स्थिति थी।

अगर उत्तर प्रदेश में योगी की सरकार नहीं होती तो अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, बाबू बजरंगी जैसों का कानून की गिरफ्त में इस तरह आना, मारा जाना या सजा देना कतई संभव ही नहीं होता। जरा सोचिए, मुख्तार अंसारी ने उत्तर प्रदेश के वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की सरेआम हत्या करवाई और आज कांग्रेस उसे अपराधी तक कहने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस ने उसे बचाने के लिए उत्तर प्रदेश से पंजाब की रोपड़ जेल में शिफ्ट कराया तथा उसे वापस न लाया जा सके इसके लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाइयां लड़ी। ऐसी पार्टियों के होते क्या उसे सजा मिल सकती थी? ये पार्टियां भूल रही हैं कि देश ने राजनीति के अपराधीकरण और अल्पसंख्यकवाद के दौर को पीछे छोड़ दिया। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2022 में भाजपा सरकार की वापसी का सबसे बड़ा कारण यही था कि अपराधी और माफिया के विरुद्ध अविश्वसनीय स्तर तक कार्रवाई हुई। योगी आदित्यनाथ केवल उत्तर प्रदेश नहीं, बल्कि देश में आम लोगों के बीच अपराधियों व माफियाओं के विरुद्ध किसी भी दबाव से परे अडिग रहते हुए कठोरता से कार्रवाई करने वाले नायक के रूप में खड़े हुए हैं तो इसी कारण। उप्र में सभी समुदायों के आम आदमी की प्रक्रिया होती है कि हम अब निर्भय होकर सड़कों पर चल सकते हैं, इसलिए बसपा, सपा या कांग्रेस या अन्य पार्टियां अगर मानती है कि ऐसे अपराधियों के पक्ष में खड़ा होकर वे मुस्लिम वोटों से फिर विजय प्राप्त कर सत्ता पा लेंगे तो यह सपना पूरा नहीं होने वाला, पर इस व्यवहार के कारण सांप्रदायिक तत्वों द्वारा फैलाया गया खतरनाक झूठ कि मुसलमानों की चुन-चुन कर हत्याएं हो रही हैं- देश में सांप्रदायिक तनाव का वातावरण पैदा कर रहा है। ऐसी राजनीति और एक्टिविज्म भयभीत करने वाली है। मुख्तार जैसे लोग समाज के नायक नहीं खलनायक हैं। खलनायक को नायक बनाने की सांप्रदायिक और विभाजनकारी प्रवृत्ति के विरुद्ध डटकर खड़ा होने की आवश्यकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## सफलता पाने को मन पर अंकुश लगाना ज़रूरी



संकलित
**दर्शन**

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

## जब कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित
**प्रेरणा**

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## सटाका




## आज की पाती


### बैसाखी का इतिहास और संदेश

बैसाखी का पर्व हिंदुओं और सिक्खों द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है। 13 अप्रैल 1699 को सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए इस त्योहार को हर्षोल्लास से मनाया जाता है। यह दिन जहां किसानों के लिए अपनी फसल के पकने और काटने की खुशी का दिन होता है, वहीं इसी दिन जलियांवाला बाग हत्याकांड अंग्रेजों की नापाक हरकत को भी याद करवाता है। 13 अप्रैल 1919 को बैसाखी वाले दिन अंग्रेजों ने जलियांवाला बाग में जिस नापाक हरकत को अंजाम देते हुए कई भारतीयों पर गोलियां चलाकर निहत्थे लोगों को मौत की नींद सुलाया था, उसको याद कर अब भी हर किसी की रुह तक कांप जाती है।

- **संतोष मेहता**, जगदलपुर

## करंट अफेयर

# सुनक ने ईरान के हमले की निंदा की




ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इजरायल के खिलाफ ईरान के हमले की निंदा करते हुए इसे गैर जिम्मेदाराना कृत्य करार दिया तथा शनिवार रात एवं रविवार को ईरान द्वारा दर्जनों ड्रोन और क्रूज मिसाइल दागे जाने के बाद क्षेत्र की सुरक्षा के लिए सहयोग करने का भी संकल्प लिया। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि ईरान के ड्रोन हमले को रोकने में मदद करने के लिए रॉयल एयर फोर्स के कई अतिरिक्त लड़ाकू विमानों को क्षेत्र में भेजा गया है। विमान और हवा में ईंधन भरने वाले टैंकरों को क्षेत्र में आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के खिलाफ ब्रिटेन के 'ऑपरेशन शेडर' के तहत तैनात किया जा रहा है। सुनक ने प्रधानमंत्री आवास-सह-कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' से जारी एक बयान में कहा कि इजरायल के खिलाफ किये गए ईरान के गैर जिम्मेदाराना हमले की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि अपने सहयोगियों के साथ, हम स्थिति को स्थिर करने और तनाव को बढ़ने से रोकने के लिए तत्काल काम कर रहे हैं। कोई भी इससे अधिक रक्तपात नहीं देखना चाहता। इजरायली सेना ने कहा कि उसने अमेरिका सहित अन्य देशों की मदद से अधिकांश हमलों को रोक दिया।

## ऑफ बीट

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए कला थेरेपी है लाभदायक

उपचार के उद्देश्यों के लिए कला का उपयोग दुनिया भर में प्रथम राष्ट्र के लोगों की प्रथाओं से हजारों साल पुराना है। कला चिकित्सा शारीरिक स्वास्थ्य और



भावनात्मक भलाई में सुधार लाने के लिए रचनात्मक प्रक्रियाओं, मुख्य रूप से दृश्य कला जैसे पेंटिंग, ड्राइंग या मूर्तिकला का उपयोग करती है। जब लोग शारीरिक या मानसिक अस्वस्थता का सामना करते हैं, तो उनके अनुभवों को शब्दों में व्यक्त करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कला चिकित्सक एक चिंतनशील कला-निर्माण प्रक्रिया के माध्यम से लोगों को जबरदस्त विचारों, भावनाओं और अनुभवों का पता लगाने और संसाधित करने में सहायता करते हैं। यह कला कक्षाओं से अलग है, जो अक्सर कलाकृति के तकनीकी पहलुओं, या अंतिम उत्पाद के सौंदर्यशास्त्र पर ध्यान केंद्रित करते हैं। कला चिकित्सा का उपयोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला के उपचार में सहायता के लिए किया जा सकता है। इसे बेहतर आत्म-जागरूकता, सामाजिक संबंध और भावनात्मक विनियमन सहित लाभों से जोड़ा गया है और इसकी मदद से संकट, चिंता और यहां तक कि दर्द के स्तर को भी कम किया गया है।

## ट्रेंड


### गरीब को समर्पित संकल्प पत्र



भाजपा का संकल्प पत्र युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब को समर्पित है। इन्हीं संकल्पों को लेकर मध्य प्रदेश के होशंगाबाद में अपनों के बीच आकर गर्व महसूस कर रहा हूं। भाजपा का संकल्प पत्र, देश को आत्मनिर्भरता की तरफ ले जाने वाला है।

-**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### जीवन को खोज लेंगे



एक बार जब आप दुख के डर से आगे निकल जाते हैं, तो आप स्वाभाविक रूप से जीवन को पूरी तरह से खोज लेंगे। दुनिया में प्रभावी कामकाज के लिए ज्ञान मुख्य कारक नहीं है, बल्कि धारणा की स्पष्टता है।

-**सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### दो शब्द गायब



भाजपा के मेनिफेस्टो और नरेंद्र मोदी के भाषण से दो शब्द गायब हैं-महंगाई और बेरोज़गारी। जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। इंडिया गठबंधन का प्लान बिलकुल स्पष्ट है। 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को 1 लाख की पक्की नौकरी।

-**राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### मात देता है



व्यायाम चिकित्सा बिलों को मात देता है। सूरज की रोशनी अवसाद को मात देती है। स्वस्थ भोजन मोटापे को, पैसा बचाना कर्ज से मुक्ति दिलाता है। ज्ञान अज्ञान को हराता है। कृतज्ञता ईर्ष्या को मात देती है।

-**हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# डॉ. आंबेडकर की जयंती पर उपनगर में हुए जगह-जगह आयोजन, कहीं ढोल बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली, तो कहीं प्रदर्शनी और झांकी सजाई

### बूथ स्तर पर भाजपाइयों ने समरसता दिवस के रूप में मनाई जयंती, बाबा साहेब के पद चिन्हों पर चलने का किया आह्वान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में भाजपा ने रविवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को पूरे बूथ स्तर पर समरसता दिवस के रूप में मनाई और उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया। मंडल महामंत्री ने बताया कि हर बूथ पर संविधान निर्माता के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया और उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर सभी बूथों पर भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा वार्ड 4 में स्वच्छता प्रेरकों का भी सम्मान किया।

#### बाबा साहब ने शोषित वर्गों का उत्थान किया



पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के गरीब व शोषित वर्गों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने समाज के शोषित वर्ग को संविधान निर्माता के रूप में समान अवसर देने के प्रयास किए। यही कारण है कि उनके बनाए संविधान की वजह से आज हम हक व अधिकार की आवाज बुलंद कर सकते हैं।



#### शोभायात्रा का किया स्वागत

रविवार को सतं शिरोमणी गुरु रविदास मंदिर सेवा समिति 22 गांव द्वारा दोपहर 12 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्री रविदास मंदिर से प्रारंभ हुई जो गांधी चौक, स्टेशन रोड, नेशनल हाइवे, मंगल बाजार होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। जहां पर धर्म सभा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में डॉ. आंबेडकर के सिद्धांतों को प्रदर्शनी के माध्यम से बताया और झांकियां सजाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राजनैतिक लोग सहित समाजजन मौजूद रहे।

#### बाबा साहेब की जयंती पर काटा केक



**औबेदुल्लागंज।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती रविवार को पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर में कई स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। बाबासाहब के अनुयायी उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर केक काटा। नगर के वीर सावरकर महाविद्यालय में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा पौधरोपण कर जयंती मनाई गई। मप्र जन अभियान की ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकर का जन्मदिन भी तहसीलदार सुलतानपुर कविता यद्ववंशी की उपस्थित में पौधरोपण कर मनाया गया। पौधरोपण कार्यक्रम की व्यवस्था भूपेन्द्र नागर द्वारा की गई थी। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था सुनील सेरिया, वीर सिंह चौहान, प्रेमनारायण सोनी, अजय मालवीय, सुनिता, सुनैना लोवंशी सहित अन्य लोग मौजुद थे।

#### कांग्रेसियों ने मनाई डॉ. आंबेडकर की जयंती



नगर में कांग्रेस कार्यकर्ता और नेताओं ने भारत रत्न भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। इस अवसर पर उनकी मूर्ति पर पुष्पमाला अर्पित कर प्रार्थना की। इस अवसर पर परेश नागर, अमर पेठारी, मंडलम अध्यक्ष उत्तम यादव, पंकज नागरानी, संजय सिंह चौहान, विनोद ईरपाचे, हरजीत सिंह मंगू, चौहान सिंह तामोट, सुनील गुप्ता, चुन्नी भैया, राजाराम, राजेश खटीक, राजू मेहरा एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### भारत में दान, त्याग, तपस्या का बड़ा महत्व

**मंडीदीप।** भारत में दान, त्याग, तपस्या का बड़ा महत्व है। यहां बड़े-बड़े राजा, महाराजा और धनवान सेठ त्यागी-तपस्वी महात्माओं के चरणों में अपना शीर्ष झुकाते हैं। त्यागी तपस्वी किसी धन्ना सेठ या मंत्री के आगे सिर नहीं झुकाते है। उपरोक्त बात स्कायर कॉलोनी में सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में रविवार को नैमिशारण्य धाम से पधारे कथावचाक युगल महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि दान का जीवन में बड़ा महत्व है। पापी का धन कभी धर्म कार्य में नहीं लगता है।

### मंदिर में आग से झुलसी महिला की मौत

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाने से चंद कदमों की दूरी पर हनुमानगढ़ी मंदिर में आग से झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह गत 29 मार्च को आग से झुलस गई थी और उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। पति का कहना है कि उसका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। पुलिस का कहना है कि मायके पक्ष के बयान नहीं हुए है। पुलिस के अनुसार प्रियंका पति विपिन विश्वकर्मा (32) सोभाग्य नगर, सुभाष कॉलोनी में रहती थी। मूलतः रीवा निवासी प्रियंका गत 29 मार्च को हनुमानगढ़ी मंदिर शाहजहांनाबाद पूजा करने पहुंची थी। इस दौरान मंदिर परिसर में वह संदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गई।

### ट्रेन से गिरे यात्री की हमीदिया में मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित राम मंदिर के पीछे रेलवे ट्रैक पर शनिवार दोपहर चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक घायल हो गया। उसे एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था, वहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। मृतक के सिर में गंभीर चोट होने के कारण वह अपना नाम पता नहीं बता सका था। वह केवल खुद का नाम मनीराम कह रहा था। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। उसकी शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे के आसपास एक युवक राम मंदिर के पीछे चलती ट्रेन से गिर गया था।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल।** बैरागढ़ में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस के मुताबिक अंकित पथरोड (25) काली मंदिर के पास इंद्रानगर बैरागढ़ में रहता था। रविवार की शाम करीब चार बजे उसने घर में फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### पिपलानी थाना पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकारा

# नाबालिग समेत दो वाहन चोर गिरफ्तार सात लाख के 10 दोपहिया वाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के कुल 10 दोपहिया वाहन बरामद हुए हैं, जिनकी कीमत 7 लाख बीस हजार रुपए बताई गई है। मुख्य आरोपी के खिलाफ भोपाल और विदिशा जिले में पहले से चोरी के कई मामले दर्ज हैं।

पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की टीशर्ट और नीली जींस पहना एक व्यक्ति पिपलानी गणेश मंदिर के पास खड़ा और सस्ते दामों में बाइक बेचने की बात कर रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम राजा नायक उर्फ राजा कुकर (23) निवासी झुग्गी सरकारी स्कूल के पास, रायसेन रोड छोटी खजूरी थाना बिलखिरिया बताया।




#### पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर आठ बाइक और दो स्कूटर जब्त की

संदेही को थाने लाकर पूछताछ करने पर शहर के विभिन्न इलाकों से दोपहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया। इसके अलावा गोविंदपुरा इलाके से दोपहिया वाहन चोरी करने के दौरान एक साथी का नाम बताया। पुलिस ने उसके नाबालिग साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर आठ बाइक और दो स्कूटर समेत कुल 10 दोपहिया वाहन जब्त किए हैं।

#### बाइक चोरी करते पकड़ा चोर, साथी के साथ चोरी किए थे 6 वाहन, जब्त



**भोपाल।** स्टेशन बजरिया पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान बदमाशों की निशानदेही पर एक स्कूटर और पांच बाइक बरामद की हैं। दोनों बदमाश अपने शौक पूरा करने के लिए वाहनों की चोरी करते थे। पिछले दिनों एक बदमाश को बाइक चुराते हुए मालिक ने रंगे हाथ अपने दोस्तों के साथ मिलकर दबोच लिया था। पुलिस के अनुसार नदीम खान (30) कब्रिस्तान के सामने गरम गड्ढा रोड स्टेशन बजरिया में रहते हैं और वेल्डिंग की दुकान चलाते हैं। ईद के दिन दुकान के सामने अपनी बाइक खड़ी कर फातिहा पढ़ने के लिए कब्रिस्तान चले गए थे। कुछ देर बाद लौटे तो देखा एक अज्ञात व्यक्ति उनकी बाइक को स्टार्ट करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने शोर मचाकर दोस्तों को बुलाया और बाइक छोड़कर भाग रहे युवक को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम कैलाश कुशवाह (33) निवासी ग्राम सालरी थाना मुगल सराय जिला विदिशा, हाल पता कल्याण नगर थाना छोला मंदिर भोपाल बताया। उसके बाद कैलाश को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने पूछताछ की तो कैलाश ने अपने साथी आमिर खान (30) कल्याण नगर थाना छोला मंदिर के साथ मिलकर शहर के विभिन्न इलाकों से दोपहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर एक स्कूटर और पांच बाइक जब्त की हैं।

#### छुरी लेकर घूम रहा बदमाश पकड़ाया, चोरी का मोबाइल और स्कूटर बरामद

**भोपाल।** कोहेफिजा पुलिस ने छुरी लेकर घूम रहे एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का मोबाइल फोन और एक स्कूटर जब्त की गई है। अन्य वारदातों को लेकर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति छुरी लेकर पंचवटी कालोनी के आउटर पर घूम रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम अकबर खान (24) निवासी अशोका कॉलोनी थाना शाहजहांनाबाद बताया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। थाने लाकर पूछताछ करने पर उसने पिछले दिनों निजी अस्पताल से एक मोबाइल फोन चोरी करना स्वीकार किया।



# लग्जरी कार और स्कूटर पर अवैध शराब की तस्करी करने वाले कई आरोपी गिरफ्तार

### आई-20 कार में सवार दो लोगों से 350 क्वार्टर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चुनाव आचार संहिता के दौरान अवैध शराब और मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। लग्जरी कार और दोपहिया वाहनों पर शराब की तस्करी करने वाले कई तस्करों को गिरफ्तार कर लाखों रुपए की शराब और वाहन जब्त किए गए हैं। अयोध्या नगर पुलिस ने आई-20 कार में सवार दो लोगों से 350 क्वार्टर शराब जब्त की है।

अयोध्या नगर पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि भानपुर की तरफ से आ रही एक आई-20 में कार में सवार दो लोग अवैध शराब लेकर अयोध्या नगर की तरफ जाने वाले हैं। सूचना पर पुलिस ने मिनाल गेट नंबर पांच के सामने घेराबंदी कर संदेही कार को रोक लिया। पूछताछ करने पर कार सवारों ने अपने नाम गजेंद्र सिंह गुर्जर (45) निवासी न्यू मिनाल रेसीडेंसी और महेश लालवानी (59) निवासी लालघाटी कोहेफिजा बताया। तलाशी लेने पर कार की डिक्की में सात पेटी में रखी कुल 350 क्वार्टर शराब रखी मिली। पुलिस ने कार और शराब जब्त कर दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

#### इन थाना क्षेत्र में जब्त की हजारों की शराब

इधर रातीबड़ पुलिस ने शूटिंग अकादमी के पास विजय नामक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास अवैध रूप से रखी 25 हजार रुपये की शराब जब्त की है। शाहजहांनाबाद पुलिस ने बाजपेयी नगर के पास रोहित रोकड़े को पकड़कर उसके पास अवैध रूप से रखी 26 हजार 500 रुपए की शराब जब्त की है। इसके अलावा विभिन्न इलाकों में करीब एक दर्जन आरोपियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।



## नवरात्रि पर्व की धूम, मंगलबाजार में विशाल देवी जागरण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में चैत्र नवरात्रि पर्व की धूम मची है। मंगलबाजार में शनिवार को विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया। समाजसेवी नारायण साहू द्वारा आयोजित माता के जगराता में भजन गायिका सविता मिश्रा व सुमित यादव ने शानदार प्रस्तुति दी, जिसे सुन श्रद्धालु खूब झुमें। भजन गायिका सविता मिश्रा ने माता के भजनों के साथ बेटी को समर्पित 'पापा मैं छोटी से बड़ी हो गई' की प्रस्तुति देकर यह संदेश दिया कि बेटी वह धन होती है जो दो परिवारों को जोड़ने का काम करती है। इसलिए बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ अभियान के तहत बेटी के जन्म होने पर खुशियां मनाएं।

### कमला नगर में मल्टी से गिरकर युवक की मौत

**भोपाल।** कमला नगर में रहने वाले एक युवक की मल्टी से गिरने के कारण मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रवि परमार पुत्र कैलाशचंद (37) नया बसेरा मल्टी में परिवार के साथ रहता था और प्राइवेट काम करता था। रविवार दोपहर वह मल्टी की छत से नीचे जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि रवि हादसे का शिकार हुआ अथवा छत से कूदकर उसने जान दी है। पुलिस जांच कर रही है। इधर, गांधी नगर थानांतर्गत केंद्रीय जेल में बंद बंदी जयराम (46) की बीमारी के चलते इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

### चैतीचांद के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

## प्रिया और विकास की रंगारंग प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता, जनियानी व टेवानी का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था सिंधु नव जागरण समिति द्वारा सिंधी समाज का पावन पर्व चैतीचांद के उपलक्ष्य में रविवार को साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी आडिटोरियम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया, जिसमें विकास उदासी एवं प्रिया ज्ञानचंदानी ने रंगारंग प्रस्तुति दी एवं कनक डांस ग्रुप द्वारा सिंधी गीतों पर नृत्य पेश किया गया। समाज में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सेवा सदन के पूर्व प्रभारी ट्रस्टी लोकूमल जनयानी एवं आरोग्य केन्द्र के प्रभारी डॉ. गुलाबराय टेवानी का चिकित्सा क्षेत्र में सेवाओं के लिए शॉल, श्रीफल व भगवान झूलेलाल की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया।



#### अतिथियों का शॉल व फूल मालाओं से किया स्वागत

कार्यक्रम का शुभारंभ संत वेदान्त संत लाल साईं, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी, पार्षद अशोक मारण, शिक्षाविद विष्णु गेहाणी ने भगवान झूलेलाल, परमहंस संत हिरदाराम साहिब, सतगुरु स्वामी शांतिप्रकाश महाराज, सतगुरु स्वामी देवपकाश महाराज के छायाचित्र पर मालार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष राम पारदासानी, कार्यक्रम संयोजक रमेश वाधवानी, मुख्य सलाहाकार घनश्याम लालवानी, उपाध्यक्ष महेश खटवानी व संरक्षक माधू चांदवानी, आसनदास वाधवानी ने शॉल व फूल मालाओं से किया।

#### सिंधी समाज ने सामाजिक एकता का परिचय दिया: लालसाईं

वेदांत संत लालसाईं ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार भी सिंधी समाज ने चैतीचांद पर भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा में सामाजिक एकता का परिचय दिया है। यह एकता हमेशा कायम रहनी चाहिए। संत लाल साईं ने समिति के पूर्वजों की याद में भजन पेश किया। इस अवसर पर रीवा की मशहूर गायक विकास उदासी ने सिन्धी गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। वहीं प्रिया ज्ञानचंदानी ने भगवान झूलेलाल के गीतों पर सभी को झूमने पर मजबूर किया। इसके अलावा सिंधी सूफी तराने पेश कर दर्शकों की भरपूर सराहना बटोरी। कार्यक्रम का संचालन नाटककार राकेश शेवानी ने व आभार माधू चांदवानी ने प्रकट किया।

### बैठक में पंचायत सचिवों, सरपंचों, उपसरपंचों और रोजगार सहायकों ने जताई नाराजगी

# सरकारी काम से जनपद पहुंचे 3 सचिवों को सीईओ ने लगाई फटकार, कहा- बगैर अनुमति के यहां क्यों आए?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पंचायत सचिवों, सरपंचों, उप सरपंचों एवं रोजगार सहायकों की आयोजित बैठक में लोगों ने जमकर गुस्सा निकाला। गत दिनों तीन सचिव जनपद कार्यालय औबेदुल्लागंज सरकारी कार्य से आए थे। जिन्हें जनपद सीईओ युक्ति शर्मा ने फटकार लगाते हुए कहा कि बगैर अनुमति के यहां क्यों आए हो। आप लोगों को पहले मुझसे अनुमति लेना चाहिए था। अभी आप सभी यहां से जाओ, यहां अब दिख मत जाना, वरना तुम लोगों को सस्पेंड कर दूंगी, या फिर वेतन नहीं दूंगी।

#### बैठक में दी घटना की जानकारी




सचिव प्रमोद नागर तजपुर, प्रदीप मालवीय इकलबाड़ा, मनीष कीर भोजपुर को फटकार लगाने के बाद सचिव सरपंचों, उप सरपंचों, जनपद सदस्यों और रोजगार सहायकों की बैठक आयोजित की, जिसमें उन्होंने सारी घटना बताई। गुलाब दादा यशवंत चौकीदार, उप सरपंच बारेलाल राजेंद्र आदि ने बताया कि इस बैठक में सभी ने कलेक्टर रायसेन, जिला जनपद सीईओ से मांग कर बताया कि जनपद औबेदुल्लागंज में 144 धारा लगी होने से संबल योजना, अंत्येष्टि कर, अनुग्रह और पेंशन योजना, गरीबों के राशन की पर्ची का कार्य ठप हो गया है, उचित कार्रवाई की जाए। इससे पंचायतों में रोष व्याप्त है।

#### भोजपुर मेले में हुई गड़बड़ी पर कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

इधर, कलेक्टर अरविंद दुबे एवं जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदोरिया ने भोजपुर मेला 13 तथा 14 और 15 जनवरी के मेले में दुकान बैठकी के मात्र 23 हजार रुपए आने और ठेके की बोली होने के बाद भी ठेका न देने की जांच के आदेश हो गए हैं। इधर, सरपंच सचिवों, जनपद सदस्यों, रोजगार सहायकों ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ से मांग की है कि औबेदुल्लागंज जनपद में तानाशाही और खुले कमीशन बाजी के लिए आंदोलन करने की इजाजत मांगी है।

#### पंचायतों के जरूरी काम ठप

सचिवों ने बताया कि पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों को जनपद हेडक्वार्टर पर आने की रोक जनपद सीईओ ने लगा दी है, जिससे पंचायतों के जरूरी काम ठप हो गए हैं। कई सरपंचों ने बताया कि सरपंचों ने भी जनपद सीईओ से मिलने की जरूरत महसूस नहीं कर रहे है

### श्रीमद् भागवत कथा का छठवां दिन

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का सुनाया प्रसंग, श्रद्धालुओं ने निकाली झांकी



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के वार्ड 4 में पिछले 6 दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन रविवार को व्यास पीठ पर कथावाचक निधि दीदी ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का सजीव मंचन किया और उत्साह मनाया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं।

# देश के हर गांव में एक सर्व समाज मंदिर होना चाहिए: आशीष

**बाबा साहेब की जयंती पर संगोष्ठी में बोले अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मानसरोवर डेंटल कॉलेज में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस में मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान उपस्थित रहे।
उन्होंने कहा कि बाबा साहब के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि प्रवास के दौरान कई विद्यार्थी उनसे आरक्षण के बारे में पूछते थे। अभाविप ने विद्यार्थियों को गांव चलो अभियान के माध्यम से गांव में भेजा। वो गांव के परिदृश्य का अनुभव कर के आए उनकी परिस्थिति देख कर आए। अलग जाति होने के बावजूद उन्होंने गांव में चाय पी, भोजन किया और कई गांव के परिवारों ने कहा कि पहली बार उनके गांव में कोई अन्य जाति के स्नेह भाव से आए विद्यार्थियों में ये समरसता का भाव परिषद ने लाया। हर गांव में एक सर्व-सामाजिक मंदिर होना चाहिए और बाबा साहेब का संदेश हिंदू विरोधी नहीं, जातिवाद और ऊंच नीच के विरोधी है। बाबा साहेब ने सबको आगे ले जाने की बात की, जिसमें समाज की बहनों का उल्लेख भी समाया है।

### 15 मिनट में कैसे बोलूं जिस महापुरुष ने 2 पीएचडी लिखी

अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने कहा कि मैं ऐसे महापुरुष पर 15 मिनिट में कैसे बोलूं जिस महापुरुष ने 2 पीएचडी लिखी और जिस विचार के लिए मैं कार्य कर रहा हूं। गर्व से कहता हूं उस विचार के कार्यक्रम में बाबा साहब कई बार स्वयं सेवकों से संवाद भी किया। बताया जाता है चाय सुखा ब्रेड खाते खाते उनका प्रवास होता था पर किताब हाथ से नही जाती थी। बाबा साहब और जय भीम जैसे शब्द का उच्चारण इस महान विभूति के लिए होता था। आज भी होता है, इसके पीछे का कारण उनका संकल्प समझने की आवश्यता है। उन्होंने ज्ञान अर्जन के पांच नियम (घर छोडना, कम नींद, ब्रह्मचारी जीवन जीना, कम खाना और निरंतर अध्ययन करते रहना) पर भी प्रकाश डाला। कुलपति अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि एवीबीपी विद्यार्थियों को संस्कार सिखाती है। संगोष्ठी में डॉ. बाबुल ताम्रकार, प्रोफेसर अरुण कुमार, कुमारी आरती ठाकुर और अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।।

**बालाघाट में बोले पूर्व सीएम शिवराज**

# सोनिया और राहुल गांधी ने हार के डर से छोड़ दी परंपरागत सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और देश व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री ने बैसाखी के पावन पर्व पर भोपाल के तात्या टोपे नगर स्थित गुरूद्वारे पहुंचकर मथ्था टेका। बालाघाट संसदीय क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में 10 से ज्यादा गांवों में पहुंचकर चुनाव प्रचार किया। साथ ही कार्यकर्ता सम्मेलन और जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, जब तक धरती रहेगी तब तक ये बात इतिहास में रहेगी कि, कांग्रेस ने राममंदिर का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि, क्यों कोई कांग्रेस मे रहे, सभी विचारवान नेता कांग्रेस छोड़ रहे हैं। कांग्रेस की हालत ये हो गई है कि, इंदिरा गांधी की सीट रायबरेली से अब कांग्रेस को उम्मीदवार ही नहीं मिल रहा है। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस की ऐसी दुर्गति हो गई कि, मैडम सोनिया ने कह दिया मैं चुनाव नहीं लड़ूंगी उनकी राज्यसभा में बैकडोर से एंट्री हुई है। सोनिया गांधी मैदान छोड़ गई और राहुल गांधी अमेठी छोड़कर वायनाड चले गए। कांग्रेस समाप्ति की ओर है।

### बाबा साहेब की आकांक्षाओं की पूर्ति का है संकल्प पत्र



पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने भाजपा के घोषणा पत्र को लेकर कहा कि, बाबा साहेब के जन्मदिन पर जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति का यह संकल्प पत्र है। जिसको केवल कुछ लोगों ने बैठकर नहीं बनाया बल्कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर 15 लाख से ज्यादा सुझाव आए हैं। व्यक्तियों, संस्थाओं ने सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि, सही अर्थों में यह जनता का जनता के लिए और जनता के द्वारा संकल्प पत्र है। जिसमें 2047 का भारत कैसा होगा इसका रोडमैप बनाया गया है।

**शहर को स्लम फ्री बनाने 1450 करोड़ खर्च, संख्या 74 पार**

# दस हजार करोड़ की 650 एकड़ सरकारी जमीन पर है कब्जा

## चुनाव के बाद शुरू होगा झुग्गियों का विस्थापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर को स्लम फ्री बनाने की कवायद एक बार फिर से शुरु होने जा रही है, जिसके तहत लोकसभा चुनाव के बाद चिन्हित 73 झुग्गी बस्तियों के रहवासियों को जेएनएनयूआरएम प्रोजेक्ट के तहत फ्लैट दिए जाएंगे। पुरानी झुग्गी बस्तियों को हटाने के लिए आसपास जगह तलाश की जा रही है। शहर में अब तक झुग्गियों को हटाने के लिए 1450 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। बावजूद इसके शहर में झुग्गी बस्तियों की संख्या 3 से बढ़कर 73 तक पहुंच गई है। शहर में दस हजार करोड़ की 650 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है।

शहर को झुग्गी फ्री करने के लिए साल 2008 में जेएनएनयूआरएम प्रोजेक्ट के तहत सबसे ज्यादा 11 हजार 500 आवास बनाए गए। जिसमें अर्जुन नगर, मैनिट के पास बस्ती, कोटरा सुल्तानाबाद नेहरू नगर, 1100 क्वाटर्स के प्रोजेक्ट शामिल हैं। इन पर करीब 448 करोड़ खर्च हुए, पर अब कलियासोत कैचमेंट के भीतर झुग्गियां बन गईं। जिन्हें मकान मिले, उन्होंने भेल क्षेत्र में भी झुग्गी बना लीं। अब फिर शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 14 हजार फ्लैट बनाने का अभियान चल रहा है। इस पर 546 करोड़ खर्च होंगे।



### कैचमेंट एरिया में चार हजार झुग्गियां

नगर निगम सीमा जिसमें बंगरसिया, अमरावद खुर्द, रायसेन रोड, चांदपुर, नई जेल, कान्हासैया, गांधी नगर, बैरागढ़ व भौंरी के बीच भदभदा डैम के पास तालाब के कैचमेंट एरिया में करीब 4 हजार झुग्गियां बस गई हैं। जबकि बाणगंगा, भीम नगर, पंचशील, राहुल नगर, ईश्वर नगर, वल्लभ नगर, रोशनपुरा झुग्गी बस्ती क्षेत्र में पक्के मकान बन गए हैं। भेल की जमीन पर पिपलानी, हबीबगंज, गोविंदपुरा व बरखेड़ा सेक्टर के पिपलिया पेंदे खां, बरखेड़ा पठानी व पद्मनाभ नगर की खाली जमीन पर करीब 6 हजार झुग्गियां तन गईं।

### स्लम फ्री करेंगे शहर

शहर में हमारे पास जमीनें कम हैं। जितनी हैं, उन पर पीएम आवास बनाए जा रहे हैं। इसमें से 50 फीसदी स्लम वालों के लिए हैं। नई झुग्गियों की बसाहट रोकने नियमित कार्रवाई की जाती है। निगम के साथ मिलकर शहर को स्लम फ्री बनाने की योजना है।
**कौशलेंद्र विक्रम सिंह**, कलेक्टर

## आईपीएल क्रिकेट का फुल मजा...



भोपाल। राजधानी के शिवाजी नगर स्थित अंकुर खेल अकादमी में बीसीसीआई की ओर से आईपीएल फेंस पार्क में मुंबई इंडियंस और सीएसके के बीच खेले गए मुकाबले का क्रिकेट के हजारों शौकीनों ने बड़ी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण देखा।

**बाधित हो रहा मार्ग, बड़े वाहनों को भी परेशानी**

# सड़क पर नए खंबे लगाए, पुराने नहीं हटाने से हो रही दिक्कत, हादसे भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल के बीडीए रोड हाल में बनी सड़क रहवासियों की सुगमता की बजाय परेशानी का सबब बन गई है। यहां बिजली कंपनी ने नए खंबे तो लगा दिए, लेकिन पुराने खंबों को उखाड़ा नहीं। नतीजा कंचन नगर से बीडीए कालोनी तक की करीब दो दर्जन कालोनियों के रहवासियों का रास्ता बाधित हो रहा है।

नगर निगम ने कंचन नगर से बीडीए तक 60 मीटर चौड़ी सड़क बना रहा है। इसका भूमिपूजन स्थानीय विधायक कृष्णा गौर ने किया था। तब उन्होंने नागरिकों से दावा किया था, कि एक साल में यह सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। इसमें हाइमास्क लाइटें लगाई जाएंगी। लेकिन तय समय बीतने के बाद भी सड़क अधूरी है।



जहां से खंबे हटाए गए, वहां इसका बेस छोड़ दिया गया है, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। बीच में डिवाइडर बनाया गया है, लेकिन खंबा नहीं उखड़ने से 10 फीट की जगह भी नहीं बची है।

### चौहान की सभा में जमकर बरसा पानी, भीगते हुए शिवराज को सुनते रहे लोग



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को मंडला लोकसभा क्षेत्र के ग्राम पलारी में भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान खराब मौसम के चलते तेज बारिश शुरू हो गई, लेकिन शिवराज मंच से संवाद करते रहे और इस दौरान सभा में उपस्थित लोगों ने, महिलाओं और युवाओं ने कुर्सियां उठाकर अपने सिर पर रख लीं और शिवराज सिंह चौहान के संबोधन को सुनते रहे।



# नर्मदा ग्रंथ का पद्मभूषण जीयर स्वामी ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पद्मभूषण संत त्रिदंडी श्रीमन्नारायण रामानुज चिन्ना जीयर स्वामी ने अमरकंटक में नर्मदा संस्कृति और इतिहास शोध ग्रंथ का विमोचन किया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विवि के सभागार में अध्यक्षता विश्विद्यालय के कुलपति प्रो प्रकाशमणि त्रिपाठी ने की। मप्र और गुजरात की जीवन रेखा एवं रीवर ऑफ ज्वाय जैसे अलंकारों से अलंकृत नर्मदा को प्राचीन धर्म ग्रंथों ने शिव पुत्री अथवा शिव की इला नाम शक्ति के रूप में मान्यता दी है। सबसे पुराने प्रकाशक मोतीलाल बनारसीदास पब्लिकेशन, दिल्ली के विद्वान आरपी जैन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में नर्मदा और नर्मदांचल से जुड़े सभी प्रमुख विषयों पर संक्षिप्त और सारगर्भित अध्ययन किया गया है।

# भेल कॉलेज में पुलिस और विद्यार्थियों के बीच संवाद, दी कई जानकारियां

## गोविंदपुरा थाना प्रभारी, ऊर्जा डेस्क प्रभारी व पुलिस अधिकारी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में समाजशास्त्र विभाग द्वारा पुलिस- विद्यार्थी संवाद वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि गोविंदपुरा थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर, ऊर्जा डेस्क प्रभारी श्रीमती सोनिया पटेल, आरक्षक श्रीमती रशमी पटेल, प्रधान आरक्षक गिरीश व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।
मुख्य वक्ता अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि हमें अपने मौलिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए । उन्होंने बताया कि पुलिस सेवा आप सभी के लिए 24 घंटे और सातों दिन तत्पर है, लेकिन अगर आपको कोई समस्या होती है तो उसकी जानकारी आपको देनी होगी जो आप 100 डायल के माध्यम से भी दे सकते हैं।



### ऊर्जा डेस्क प्रभारी ने समस्याओं के बारे में बताया

गोविंदपुरा थाने की ऊर्जा डेस्क प्रभारी सोनिया पटेल ने बालिकाओं और युवतियों के साथ होने वाली घटनाएं जैसे टीका-टिप्पणी, धोखाधड़ी, छेड़खानी, रेप जैसी आदि समस्याओं के बारे में अवगत कराया। प्रधान आरक्षक गिरीश ने यातायात नियमों की जानकारी दी। भोपाल प्रशासन द्वारा स्वीप आइकॉन के रूप में चयनित महाविद्यालय के पूर्व छात्र शिवम मिश्रा ने मतदाता जागरूकता संबंधी जानकारी छात्रों को प्रदान की। उन्होंने बताया कि कैसे चुनाव आयोग की वेबसाइट के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन तरीके से आप अपना वोटर आईडी बनवा सकते हैं और बिना किसी प्रलोभन के वोट डालकर इस लोकतंत्र का अहम हिस्सा बन सकते हैं।

### बुजुर्ग पर युवक ने किया चाकू से हमला

**भोपाल।** ऐशबाग में रहने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति पर युवक ने चाकू से हमला कर दिया। आरोपी एक हजार रुपए मांगने पहुंचा था। जब उन्होंने रुपए देने से इंकार किया तो उसने चाकू मार दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चाकूबाजी, अड़ीबाजी और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।
पुलिस के मुताबिक बाग उमराव दूल्हा में रहने वाले बाबू सलाम (72) किराए पर हाथ ठेले चलवाते हैं। उनका भतीजा फैज उर्फ कल्लू अक्सर उनके पास पैसे ले जाता था। रविवार सुबह भी वह बाबू सलाम से एक हजार रुपए मांगने पहुंचा था। बाबू ने जब उसे रुपए देने से इंकार किया तो वह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर जेब से चाकू निकालकर गर्दन पर वार किया, लेकिन बाबू झुक गए तो चाकू उनके गाल पर लगा। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।



# मोहल्ला सुधार समिति ने लिया क्षेत्र की समस्या का समाधान करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवी बाग मोहल्ला सुधार समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में समिति के गुलाब वर्मा, बृजेश मीणा, जयकुमार, अशोक गुप्ता, तरुण विश्वकर्मा, अशोक शर्मा, शाहिद समेत बड़ी संख्या में मौजूद रहवासियों ने क्षेत्र की समस्या का समाधान करने का संकल्प लिया। कॉलोनी की सड़क, पार्क, सीवेज लाइन को दुरूस्त करने के लिए समिति के सदस्यों ने रणनीति बनाते हुए विधायक, पार्षद और नगर निगम को ज्ञापन के साथ मांगपत्र सौंपने का निर्णय लिया। बैठक में समिति के सदस्यों ने बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

## जिंदगी लाइव

**रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप में सर्जना महोत्सव के पहले दिन नृत्य नाटिका जीवन धारा का मंचन**

# छाऊ और आधुनिक नृत्य शैली का सम्मिश्रण नृत्य नाटिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रतिभा आर्ट कल्चर एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप में सर्जना रंग महोत्सव के पहले दिन नृत्य नाटिका जीवन धारा का मंचन किया गया। इस नृत्य नाटिका का निर्देशन सरायकेला छाऊ नृत्य विशेषज्ञ संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित शशधर आचार्य ने किया। नृत्य नाटिका में छाऊ और आधुनिक नृत्य शैली का सम्मिश्रण प्रस्तुत किया गया। इसमें आर्टिस्ट्स ने पक्षी और कोरस दोनों का रोल निभाया। इसके लिए उन्होंने आधे चेहरे को पक्षियों वाले मुखौटे से ढंका था और आधा चेहरा खुला था। नृत्य नाटिका में दिखाया गया कि गांवों में रखने वाले पक्षी फसलों में कीटनाशक के छिड़काव और पेड़ों की कटाई से खाने के लिए दाना मिलना बंद हो गया। भोजन की तलाश में पक्षी शहरों की आते हैं आने लगते हैं लेकिन यहां वाहनों, ट्रेनों, कारखानों के शोर-शराबे और बाजार की भीड़-भाड़ उन्हें बेचैन कर देती है। इसके बाद वह 'चलो-चलो उड़ चलो रे' कहते हुए अपने प्राकृतिक वातावरण की ओर लौट आते हैं।



### कम होती पक्षियों की संख्या पर जताई चिंता

नृत्य नाटिका के जरिए ग्रामीण और शहरी परिवेश में कम होती पक्षियों की संख्या और पर्यावरण प्रदूषण को रेखांकित किया गया। नाटक में म्यूजिक भी प्रस्तुति के अनुसार पेश किया गया। वहीं चिड़ियों का रोल निभाने वाले आर्टिस्ट ने भी चिड़ियों की तरह बात की। नाटिका में छोटे-छोटे बच्चों ने अच्छा अभिनय किया।

### पहली बार बाल कलाकारों ने भी किया अभिनय

इस नाटिका का शहर में पहले भी कई बार मंचन हो चुका है। नृत्य नाटिका 'जीवन धारा' का शहर में आखिरी बार करीब 3 माह पहले कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया गया था। प्रस्तोता रामप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पहली बार इस नाटिका में बाल कलाकारों द्वारा भी अभिनय किया गया, जो कि एलबीटी में आयोजित वर्कशॉप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



**भारतीय नववर्ष व शक्ति स्वरूपा नारी को समर्पित रही लेखिका संघ की गोष्ठी**

# पहले विषय के भाव को पकड़ें फिर सृजन करें: अनिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लेखिका संघ की अप्रैल माह की विश्व संवाद केंद्र में आयोजित मासिक गोष्ठी में मुख्य अतिथि मप्र लेखक संघ के अध्यक्ष डॉ. रामवल्लभ आचार्य व अध्यक्षता लेखिका संघ की पूर्व अध्यक्ष अनीता सक्सेना ने की।
संघ की वर्तमान अध्यक्ष डॉ. कुमकुम गुप्ता ने अतिथियों और उपस्थित नारी शक्ति का स्वागत पने सुंदर स्वागत वक्तव्य से किया, साथ ही कविता नेह का अभिप्राय है नारी, प्रेरणा का अध्याय है नारी भी सुनाई। मुख्य अतिथि डॉ . राम वल्लभाचार्य ने कहा कि ये संसार बिना शक्ति के स्थिर नहीं रह सकता और नारी स्वयं शक्ति स्वरूपा है, जो संसार को लय प्रदान करती है। आज की नारी नवीन रूप में हर क्षेत्र में बुद्धि, ज्ञान, शक्ति का प्रदर्शन कर रही है। कार्यक्रम अध्यक्ष अनिता सक्सेना ने कहा कि अधिकार मांगना सरल है कर्तव्य निभाना कठिन। लेखन के विषय में सुझाव देते हुए कहा कि विषय आधारित लिखने से पहले विषय के भाव को पकड़ें फिर उसके बाद सृजन करें। उन्होंने कविता कष्ट हजारों सहकर भी मुंह से कुछ न कहकर भी सीने से लिपटाकर अम्मा मुझे सुलाया करती थीं सुनाकर सबको भावुक कर दिया। संघ की वरिष्ठ सदस्य शीला श्रीवास्तव की पुस्तक 'मेरा क्या कसूर' के विमोचन के बाद लेखिकाओं सुनीता शर्मा सिद्धि बिंदु त्रिपाठी, कल्पना श्रीवास्तव, मालती बसंत, कल्पना विजयवर्गीय, उषा सोनी, नीता खरे, माया दुबे, सुनीता यादव, प्रेमशीला, कुसुम श्रीवास्तव, सुधा दुबे, मंजू मिश्रा ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। शकुंतला कालिया संघ की नई सदस्य बनीं। सरस्वती वंदना आशा सक्सेना ने प्रस्तुत की। आभार मधुलिका श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कमल चंद्रा ने कार्यक्रम का सुंदर संचालन किया ।




## भाजपा का ये संकल्प पत्र 76 पन्नों का है, 15 लाख सुझाव भी आए

# पीएम मोदी ने कहा- मैंने कहा था यही समय है, सही समय है, इसमें समाहित निर्णय और कार्य भविष्य को 1000 साल तक प्रभावित करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा-पत्र संकल्प पत्र के नाम से जारी किया है। पार्टी का ये संकल्प पत्र 76 पन्नों का है, जिसमें कई वादे किए गए हैं।

घोषणा-पत्र जारी करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि घोषणा-पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले हैं। इसमें ऑनलाइन माध्यम नमो एप से चार लाख और वीडियो से 10 लाख सुझाव मिले हैं। भाजपा ने कहा कि पिछली सरकारों की अपेक्षा, हमने नागरिकों को पारदर्शी और जवाबदेह शासन प्रदान किया है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को मोदी की गारंटी टैगलाइन के साथ जारी किया है। इस घोषणापत्र को जारी करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश द्वारा आज किए गए निर्णय और कार्य इसके भविष्य पर 1000 साल तक प्रभाव डालेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने लाल किले से कहा था कि आने वाले 1000 वर्षों के लिए भारत का भविष्य तय करने का सबसे अच्छा समय यही है। उन्होंने कहा कि देश के सामने एक बार फिर अवसर है। उन्होंने कहा कि हम इस युग में क्या कदम उठाते हैं और क्या निर्णय लेते हैं यह आने वाले एक हजार सालों में देश की दिशा और भविष्य तय करेंगे हम भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनों का प्रौद्योगिकी के माध्यम से सख्ती से पालन करेंगे। भाजपा का 2019 का संकल्प पत्र 50 पन्नों का था, जिसमें 75 वादे किए गए थे। 12 कमेटियों ने संकल्प पत्र पूरा करने में अहम भूमिका निभाई थी।




**रेलमंत्री वैष्णव बोले**

### पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर उन्नत कर रहे रेल यात्राएं होंगी आरामदेह



संकल्प पत्र में कहा गया कि हम पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर उन्नत कर रहे है। हम इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क का विस्तार करने के लिए उत्तर, दक्षिण व पूर्व में नए कॉरिडोर के लिए व्यवहार्यता अध्ययन करेंगे। मोदी सरकार ने 1300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय मानकों पुनर्निर्माण कर रही है। हमने विश्व स्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। वंदे स्लीपर ट्रेन के जरिए देश के लोग लंबी दूरी की यात्रा आराम से कर सकेंगे। इसके अलावे देश के प्रमुख शहरों में मेट्रो का बढ़ाया जाएगा। 10 सालों में 20 से अधिक शहरों में मेट्रो की शुरुआत की गई।

**भाजपा नेताओं ने कहा**

### 10 साल के विकास का हिसाब



भाजपा के घोषणापत्र पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। दुनिया भर में टेंशन का माहौल है, सुरक्षा की गारंटी हमारी सरकार ने दी, देश से बाहर जाने पर गारंटी का फ्री बीमा मिलता है।

**वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं**

### विपक्ष बिना पढ़े टिप्पणी न करें



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमारे घोषणापत्र पर बहुत विचार किया गया है। हम संकल्प पत्र में जो वादे किए है, उसे पूरा करेंगे। वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि विपक्ष बिना पढ़े कोई टिप्पणी न करे।

**रक्षामंत्री राजनाथ ने कहा**

### मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोना



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करके लोगों के बीच विश्वसनीयता हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की तरह शुद्ध दिखती है।

**वाणिज्य मंत्री गोयल बोले**

### देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा



वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र देश को आत्मनिर्भरता की तरफ ले जाने वाला है। डिफेंस, एडिबल ऑयल, एनर्जी इम्पोर्ट... भारत कब तक दूसरे देशों पर निर्भर रहेगा।

## संकल्प पत्र पर कांग्रेस का तंज

### 2014 में जो कहा, हिसाब नहीं दिया

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित विपक्षी दलों के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत और अमिताभ दुबे ने कहा कि वे अब इतना झूठ बोलते हैं कि कोई उन पर विश्वास नहीं करता है।

**मल्लिकार्जुन खरगे बोले**

### प्रमुख मुद्दे शामिल नहीं



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसा कुछ नहीं किया है जिससे देश के लोगों को फायदा हो। युवा नौकरी के लिए तरस रहे हैं और महंगाई बढ़ गई है।

**पवन खेड़ा बोले**

### उन्हें गोलपोस्ट बदलने की बीमारी



पवन खेड़ा ने कहा कि पिछली सरकारों में से किसी को भी भाजपा की तरह गोलपोस्ट बदलने की 'बीमारी' का सामना नहीं करना पड़ा है। आपने 2014 में जो कहा, 2019 में उसका कोई हिसाब नहीं दिया।

**राहुल गांधी ने कहा**

### 'इंडिया' का प्लान स्पष्ट



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह छलावा है। झूठ का पुलिंदा है। लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करती। इंडिया का प्लान बिलकुल स्पष्ट है कि 30 लाख पदों पर भर्ती होगी।

## पीएम मोदी ने कुछ इस अंदाज में मंगलुरु में किया रोड शो

# हाथों में कमल का फूल और सिर में भगवा टोपी, लगे मोदी मोदी के नारे

एजेंसी ▶▶ मंगलुरु



लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धुंआधार चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इसी सिलसिले में वह रविवार को कर्नाटक के मंगलुरु पहुंचे। पीएम मोदी ने यहां रोड शो किया।

पीएम के रोड शो को देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ मौजूद थी। रोड शो के दौरान पीएम मोदी ने हाथ में भाजपा का सिंबल लिए हुए लोगों का अभिवादन किया। मोदी ने विशेष रूप से तैयार किए गए वाहन पर खड़े होकर सड़क के किनारे और आस-पास की इमारतों पर इकट्ठा हुए लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान लोगों ने 'मोदी, मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। रोड शो के दौरान कई जगहों पर उत्सव जैसा माहौल नजर आया। लोगों को ढोल की थाप पर नाचते हुए भी देखा गया। प्रधानमंत्री मोदी का काफिला जब भाजपा के गढ़ दक्षिण कन्नड़ जिले के मंगलुरु शहर में नारायण गुरु चौराहे से नव भारत चौराहे की ओर गुजरा तो लोगों ने पुष्प वर्षा की। भारी सुरक्षा के बीच रविवार शाम लगभग सवा सात बजे मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे जहां से वह सीधे रोड शो के प्रारंभिक स्थान ब्रह्मर्षि नारायण गुरु चौक के लिए रवाना हो गए।

भगवा टोपी पहने और हाथों में कमल का चिह्न लिए प्रधानमंत्री के साथ दक्षिण कन्नड़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कैप्टन ब्रिजेश चौटा और उडुपी-चिकमंगलूर सीट से पार्टी उम्मीदवार कोटा श्रीनिवास पुजारी भी मौजूद थे।

**राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी पांडेय के लिए शाह ने मांगा समर्थन**

# जब तक भाजपा सरकार तब तक खत्म नहीं होने देंगे आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग को आरक्षण मिलता रहेगा। तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं, हम 3 साल में छग से नक्सलवाद का सफाया कर देंगे। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के कार्यकाल को भी निशाना बनाते कहा कि देश में कांग्रेस ने कई घोटाले किए, लेकिन कभी भी भगवान के नाम पर घोटाला नहीं हुआ था। भूपेश बघेल ने महादेव के नाम पर भी घोटाला कर दिया, उनको आज पूरा देश महादेव सट्टा एप के नाम से जानता है।



### ऐसे हराएं कि दोबारा नांदगांव न आएं : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश की जनता ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी पर विश्वास कर भाजपा को जीत दिलाई। अब लोकसभा में भी सभी 11 सीटें जीतकर मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना है। उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर निशाना साधते कहा कि झूठे वादे कर पांच साल सरकार के दौरान जनता को धोखा देने का काम किया। शराब से लेकर रेत, कोल जैसे कई घोटाले किए। अब वे नांदगांव में सांसद का चुनाव लड़ने आए हैं। उन्हें ऐसा हराकर भेजिए कि दोबारा नांदगांव की तरफ देखें भी ना।

### हमेशा झूठ बोलते हैं भूपेश

गृहमंत्री शाह ने संबोधन के दौरान कहा कि भूपेश यदि कहते हैं कि आज सोमवार है तो मान लेना की रविवार है, क्योंकि वे कभी सच नहीं कहते। भूपेश ने अपनी सरकार के दौरान शराबबंदी, जुट कारखाना, माताओं को प्रतिमाह 500 रुपए देने जैसे झूठे वादे किए। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय को रायपुर शिफ्ट करने का प्रयास किया।

**प्रियंका गांधी ने साधा पीएम पर निशाना**

## प्रधानमंत्री जनता के मुद्दों से भटक गए हैं



**जयपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी देश की जनता और उनके मुद्दों से कट भटक गये हैं। प्रियंका ने जालोर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल चुनाव के समय एक अजीब सा माहौल बन गया है। आपके ध्यान को भटकाने वाली सारी बातें हो रही हैं। बड़े-बड़े प्रचार हो रहे हैं, अजीब सी बहकी-बहकी सी बातें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम कभी अपनी झूठी वीरता दिखाते हैं तो कभी शेखी बघारते हैं। मांस-मछली की बात करतें है। कभी हवा में उड़ते हैं तो कभी समुद्र के नीचे जाते है। इन बातों से आपके जीवन का क्या मतलब है?

## खबर संक्षेप

### दर्दनाक हादसे ने छीन ली 4 युवकों की जिंदगी



**प्रयागराज।** बालीघाट-धरमघर मोटर मार्ग पर चिड़ंग के पास रविवार सुबह हुए कार हादसे में मारे गए युवक गांव में पूजा के लिए बागेश्वर से सरयू का जल लेने आ रहे थे। गांव में नवरात्र के अवसर पर पूजा का आयोजन किया गया था। पूजा के लिए गंगाजल लेने के लिए यह युवक रविवार तड़के बागेश्वर आ रहे थे। चिड़ंग गडेरी के पास कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### बस-ट्रक में भिड़ंत, गाड़ी पलटी, 22 बच्चे घायल



**देहरादून।** खटीमा चटिया फार्म में मुख्यमंत्री के सभास्थल के लिए जा रही एक बस बिगराबाग चौराहे के पास ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में बस में सवार करीब 22 बच्चे घायल हो गए। घायलों को खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही सीएम पुष्कर धामी भी घायल बच्चों का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे।

### नकापुर राजघराने में कुंवर विक्रम की मौत



**गोंडा।** जिले के मनकापुर राजघराने में युवराज की असामयिक मौत की खबर है। कुंवर विक्रम सिंह का शनिवार रात हार्टअटैक से निधन हो गया। कुंवर विक्रम की असामयिक मौत की सूचना पर लोग स्तब्ध रह गए। वे सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के चचेरे भाई थे। पूरा मंगल भवन परिसर शोक में डूब गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए समर्थकों सहित अन्य लोगों की भीड़ जुट गई।

**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संदेशखाली मामले पर सौंपी रिपोर्ट**

# टीएमसी कार्यालय में ही महिलाओं के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया

## इसके बाद पीड़ितों को आरोपियों के साथ समझौता करने के लिए दबाव भी डाला गया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता/ नई दिल्ली

बंगाल का संदेशखाली सुर्खियों में है। महिलाओं ने टीएमसी नेता शाहजहां शेख पर गंभीर आरोप लगाए थे। अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अपनी जांच रिपोर्ट में भी गंभीर आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) कार्यालय में महिलाओं के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया। इस रिपोर्ट को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी को सौंप दिया गया है। साथ ही इसकी एक कॉपी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भेजी गई है। जांच रिपोर्ट आरोपों पर स्वतः संज्ञान लेने के बाद आयोग ने तैयार की थी। यह बंगाल के गांव के दौरे और कथित पीड़ितों के साथ बातचीत पर आधारित है। रिपोर्ट आने के बाद टीएमसी ने एनएचआरसी को भाजपा का 'फ्रंटल संगठन' करार दिया और कहा कि रिपोर्ट पार्टी कार्यालय में तैयार की गई है।

### 55 दिन तक फरार रहा आरोपी, हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान



शाहजहां पहली बार जनवरी की शुरुआत में तब सुर्खियों में आया जब उसके आवास पर तलाशी लेने गई ईडी की टीम पर उसके समर्थकों ने हमला कर दिया। उस दौरान वह भाग गया और एक महीने बाद संदेशखाली में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया, जिसमें महिला निवासियों ने आरोप लगाया कि शाहजहां के सहयोगी वर्षों से उनका यौन उत्पीड़न कर रहे थे। महिलाओं ने कहा कि उसका प्रभाव कम हो गया है, इसलिए उन्हें बोलने में आत्मविश्वास महसूस हुआ। 55 दिन तक भागने के बाद शाहजहां को 29 फरवरी को बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश पर शिकायतों की जांच सीबीआई को सौंप दी गई।

### डर, कलंक से बचने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई

एक महिला ने एनएचआरसी टीम के सामने खुलासा किया कि लगभग एक साल पहले हाजरा और सरदार ने उसके साथ दो-तीन बार बलात्कार किया था। अब भी वह इन आरोपियों के डर और सामाजिक कलंक के कारण पुलिस में बलात्कार की रिपोर्ट करने को तैयार नहीं है।

### महिला आयोग के दबाव में मामला दर्ज

एक अन्य महिला ने एनएचआरसी टीम के सामने खुलासा किया कि 2022-2023 की सर्दियों में उसके पति को आरोपियों के सहयोगियों ने जबरदस्ती उठाया था और रात 2 बजे तक काम करने के लिए मजबूर किया था। वह उसे ढूंढते हुए पार्टी कार्यालय में गई, तो उसे गलत तरीके से छुआ गया।

### महिलाओं को शाहजहां से मिलने को कहा जाता था

रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग हर पीड़ित ने एनएचआरसी टीम को बताया है कि पुलिस ने हाजरा, सरदार और उसके सहयोगियों के खिलाफ उनकी शिकायतों का जवाब नहीं दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि उन्हें सीधे आरोपी या उनके संरक्षक शाहजहां से संपर्क करने और समझौता करने की सलाह दी गई। आरोपियों द्वारा महिलाओं को 'पार्टी बैठकों और स्वयं सहायता समूहों की बैठकों के बहाने' टीएमसी कार्यालय में बुलाया जाता था।

### युवा और अच्छी दिखने वाली महिलाओं को टारगेट किया

युवा और अच्छी दिखने वाली महिलाओं को विशेष रूप से टारगेट किया गया था। उन्हें संदेशखाली स्थित टीएमसी कार्यालय के कमरे के अंदर ले जाया गया और सामूहिक बलात्कार किया। अन्य महिलाएं भोजन बनाने, सफाई आदि जैसे काम में लगी हुई थीं।

**मुजफ्फरनगर में छत गिरने से बड़ा हादसा**

# मलबे से निकाले गए 12 लोग 1 की मौत, मची चीख- पुकार

## योगी के निर्देश पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ पहुंची



एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरनगर

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में रविवार शाम को बिल्डिंग गिरने से कई लोग दब गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे लोगों को शुरू किया।

12 लोगों को मलबे से निकाला गया, एक की मौत भी हो गई। बताया गया है कि 30 लोग फंसे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर हादसे का संज्ञान लिया है और राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। घटना जानसठ थाना क्षेत्र की है। सीएम ने अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। घायलों के समुचित उपचार के लिए डॉक्टर्स की टीम मौके पर पहुंचने के और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। योगी ने कहा कि पूरी रात तब तक राहत अभियान चलाया जाएगा, जब तक अंतिम व्यक्ति सुरक्षित न निकाल लिया जाए। मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची है और देर रात तक राहत-बचाव कार्य जारी रहा। मौके पर डेढ़ दर्जन जेसीबी बुलाई गई।

**संजय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा**

# घोटाले के किंगपिन को बेल मिल गई, शरद रेड्डी मुख्य घोटालेबाज

- केजरीवाल को फर्जी तरीके से अरेस्ट किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि घोटाले के किंगपिन को बेल मिल गई। खुद ईडी ने शरद रेड्डी को मुख्य घोटालेबाज कहा था। जैसे ही शरद रेड्डी ने केजरीवाल का नाम लिया, वैसे ही उसे बेल मिली।

संजय ने कहा कि फर्जी तरीके से प्रेशर बनाकर दिल्ली के सीएम के खिलाफ गवाह तैयार किए गए। 456 गवाहों में से मात्र 4 गवाहों ने केजरीवाल के नाम का जिक्र किया। ये उन्होंने किन हालात में किया, ये भी हम पता चुके हैं। उन्होंने कहा कि हम पहले बता चुके हैं कि कैसे फर्जी तरीके से गवाह बनाए गए। ईडी का सरकारी गवाह शरद रेड्डी कोर्ट के पास विदेश जाने के लिए पहुंचा था। इस पर ईडी ने कहा था कि अगर इन्हें विदेश जाने की अनुमति मिली तो ये केजरीवाल के खिलाफ बयान देने नहीं आएंगे। ईडी ने रेड्डी के विदेश जाने का विरोध किया था।

**डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर देशभर ने याद किया**

# राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब को किया याद, पुष्पांजलि दी

## उपराष्ट्रपति, स्पीकर ओम बिरला सहित सरकार के मंत्रियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती पर रविवार को संसद भवन परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

कई लोगों ने पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा और राज्यसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और पीसी मोदी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

### संविधान के शिल्पकार, सामाजिक समरसता के पुरोधा थे



इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर के संघर्षों ने लाखों लोगों के भीतर उम्मीद जगाई। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पूज्य बाबासाहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा हैं, जिन्होंने शोषितों और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें मेरा सादर नमन।




### राष्ट्रपति ने भीम राव आंबेडकर जयंती की दी शुभकामनाएं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि हमारे संविधान के निर्माता और सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्र निर्माताओं में से एक, बाबा साहेब भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के अवसर पर, मैं सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।



### धनखड़ ने सामाजिक न्याय का समर्थक बताया

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत के महान सपूत बाबासाहेब न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय के समर्थक भी थे। उन्होंने कानून के शासन, नागरिक स्वतंत्रता, लैंगिक समानता और हाशिए पर मौजूद वर्गों के सशक्तीकरण को बढ़ावा देने में जीवन अर्पित किया।



### नड्डा और बिरला ने भी किया नमन

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत दूसरे नेताओं ने भी बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके कार्यों को याद किया। उन्होंने लिखा, भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक समता के अमर नेता भारत रत्न आंबेडकर को नमन।

## डीआरडीओ को मिली बड़ी उपलब्धि

# कम दूरी की मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हथियार प्रणाली का किया सफल परीक्षण, सेना की मौजूदगी में लक्ष्य को सटीक भेदा

एजेंसी ▶▶ पोखरण

*रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सेना की मौजूदगी में परीक्षण किया है। इस दौरान मिसाइल और वारहेड के प्रदर्शन मानक के अनुरूप पाए गए। परीक्षण का लक्ष्य एक डमी टैंक था, जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था। इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है।*




### पांच परीक्षण हो चुके

इसके अब तक पांच परीक्षण किये जा चुके हैं। पहला और दूसरा परीक्षण 15 और 16 सितम्बर, 2018 को किया गया। इसके बाद तीसरा और चौथा सफल परीक्षण 13-14 मार्च, 2019 को राजस्थान के रेगिस्तान में किया गया। पांचवां परीक्षण 11 सितम्बर, 2019 को आंध्र प्रदेश के कुर्नूल में और छठा परीक्षण 21 जुलाई, 2021 को किया गया था। सभी परीक्षण सफल रहे।

### अधिकतम सीमा तक उड़ान का परीक्षण सफल

*बयान में बताया गया कि इस मिसाइल का अधिकतम सीमा तक उड़ान का परीक्षण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। मिसाइल को उन्नत एवियोनिक्स के साथ अत्याधुनिक लघु इन्फ्रारेड इमेजिंग तकनीक के साथ लैस किया गया है। 'दागो और भूल जाओ' की तकनीक वाली इस पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल के इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है। इस परीक्षण ने मिसाइल की न्यूनतम सीमा को सफलतापूर्वक सत्यापित किया है।*

### डीआरडीओ की साझेदारी में बनी

*यह तीसरी पीढ़ी की एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) नाम से निकाली गई मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल है। इसका विकास भारतीय कंपनी वीईएम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की साझेदारी में डीआरडीओ ने किया है। एटीजीएम कम वजन वाली लंबी बेलनाकार मिसाइल है, जिसके मध्य भाग के चारों ओर चार पंखों का समूह होता है। इसे उच्च-विस्फोटक एंटी-टैंक वारहेड के साथ लगाया गया है।*

### 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मिला बढ़ावा

डीआरडीओ ने रविवार को एक बयान में बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देने और भारतीय सेना को मजबूत करने के लिए 13 अप्रैल को थर्मल साइट के साथ मैन पोर्टेबल ट्राइपॉड से मिसाइल दागी गई और इसके निशाने पर एक नकली सक्रिय टैंक था। मिसाइल ने टॉप अटैक मोड में लक्ष्य को निशाना बनाकर इसे पूरी तरह से नष्ट कर दिया। डीआरडीओ ने कहा कि परीक्षण के दौरान इस मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा कर लिया गया।

## खबर संक्षेप

### कनाडा में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

**वैंकुवर।** कनाडा के वैंकुवर में 24 साल के भारतीय छात्र चिराग अंतिल की मौत हो गई। वैंकुवर पुलिस ने बताया कि चिराग के पड़ोसियों ने गोलियां चलने की आवाज सुनी थी। इसके बाद पुलिस को उसकी कार से शव बरामद हुआ। इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। चिराग का परिवार हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है। परिजन शव को भारत ले जाने के लिए क्लाउड फंडिंग कर रहे हैं।



### इंडोनेशिया में भूस्खलन से 14 लोगों की मौत

**ताना तोराजा।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लापता हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। भूस्खलन से प्रभावित घरों में से एक में पारिवारिक समारोह हो रहा था।



### ईरान के इजराइल पर हमले को लेकर अमेरिका सहित कई देशों ने की निंदा

# अमेरिका ने जी-7 देशों की बुलाई बैठक, हमलों के खिलाफ डिप्लोमैटिक प्रतिक्रिया पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान के इजराइल पर किए गए हमले को लेकर जी-7 देशों के नेताओं ने निंदा की है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ने जी-7 देशों की एक बैठक बुलाई है जिसमें वर्तमान स्थिति को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा तथा ईरान के हमलों के खिलाफ डिप्लोमैटिक प्रतिक्रिया पर चर्चा की जाएगी।

यूरोपीय देशों के नेताओं ने ईरान के हमले की निंदा की है। इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने कहा कि हमारा साथ देने के लिए अमेरिका के साथ-साथ वे ब्रिटेन, फ्रांस और कई अन्य देशों की सराहना करते हैं। इजराइल पर ईरान के हमले पर अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन इजराइल की सुरक्षा करने के लिए दृढ़ हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका हमेशा इजराइल के लोगों के साथ खड़ा है। यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष ने शांति की अपील की है।

*ईरान के इजराइल पर किए गए हमले को लेकर यूरोपीयन संघ के देशों ने निंदा की है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने जी-7 देशों की एक बैठक बुलाई है। संयुक्त राष्ट्र में इजराइली राजदूत गिलाद एर्दान ने इजराइल के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग की है। चीन और भारत ने बातचीत के माध्यम से समस्या के समाधान की बात कही है।*

- *जी-7 ओर यूरोपीय देशों ने हमले की निंदा की*
- *अमेरिका, इजराइल को समर्थन देना जारी रखेगा*
- *यूरोपीय काउंसिल ने शांति की अपील की*
- *संयुक्त राष्ट्र संघ भी बुलाएगा बैठक*



### बाइडेन ने बैठक कर ली जानकारी



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक के बाद बयान जारी किया है। उन्होंने इजराइल को समर्थन का ऐलान किया है। बाइडेन ने कहा कि मैंने अभी अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम से मुलाकात की और ईरान के इजराइल पर हमले को लेकर जानकारी ली है।

#### ईरान के पास 12 परमाणु हथियार का यूरेनियम

*इसी साल युक्त राष्ट्र के हथियार पर्यवेक्षकों ने चेतावनी दी थी कि ईरान के पास 12 परमाणु बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरेनियम मौजूद है। ईरान ने यूरेनियम का 90 प्रतिशत से अधिक संवर्धन कर लिया है। ईरान के पास पर्याप्त मात्रा में सामान मौजूद है लेकिन इसे एक हथियार के रूप में ढालने में लगभग 6 महीने लगेंगे।*

#### जी-7 देशों की बैठक बुलाई

*अमेरिका के राष्ट्रपति ने जी-7 देशों की एक बैठक बुलाई है जिसमें वर्तमान स्थिति को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा तथा ईरान के हमलों के खिलाफ डिप्लोमैटिक प्रतिक्रिया पर चर्चा की जाएगी। बता दें, जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है। इसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं, इसलिए इसे ग्रुप ऑफ सेवन भी कहा जाता है।*

#### भारत ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

*ईरान में स्थित भारतीय दूतावास ने भी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। किसी भी आपात स्थिति में ईरान में रहने वाले भारतीय नागरिक इन नंबर्स पर दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। जो नंबर जारी किए गए हैं, वो हैं- +989128109115, +98993179567,+989932179359, +98-21-88755103-5 . दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एक लिंक जारी किया है, जिस पर भारतीय नागरिकों को रजिस्टर करने को कहा गया है।*

#### अपने हितों की रक्षा के लिए संकोच नहीं करेंगे:इजराइल

*ईरान के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने वर्तमान तनाव पर कहा है कि हमारा कोई इरादा नहीं है कि इस आक्रमकता को आगे भी जारी रखा जाए, लेकिन बात जब अपने हितों की रक्षा करने की आएगी तो किसी तरह का संकोच नहीं किया जाएगा।*

#### दोनों पक्ष शांति से काम लें: चीन

*ईरान के हमले पर चीन के विदेश मंत्रालय ने तनाव बढ़ने पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि गाजा में जंग आगे बढ़ रही है। इसे रोकने के लिए तुरंत सीजफायर की जरूरत है। दोनों पक्षों को शांति से काम लेना चाहिए ।*

### संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने किया आगाह

## दुनिया अब एक और युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकती, कार्रवाई से बचें

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने ईरान की तरफ से इजराइल पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की और आगाह किया कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा संयम बरतने की अपील की, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं। गुतारेस ने एक बयान में कहा है कि इस्लामी गणराज्य ईरान की तरफ से इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं।



#### रिवोल्यूशनरी गार्ड्स आतंकवादी संगठन घोषित हो: इजराइल

संवेदनशील हालात के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र में इजराइली राजदूत गिलाद एर्दान ने कहा कि उन्होंने सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अध्यक्ष को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि मैंने परिषद की तत्काल बैठक बुलाने की मांग की है। यूएनएससी के मंच पर ईरान के हमले की निंदा करने की मांग भी की गई है। इसके अलावा इजराइल ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग भी की गई।




### भारत-अमेरिका में रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा-स्थिरता बढ़ाने के प्रयासों में लाएंगे और तेजी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत-अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में हुई प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के साझा प्रयासों पर भी चर्चा की गई। भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा और अमेरिकी रक्षा उप मंत्री कैथलीन हिक्स ने इस समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर खासतौर पर बातचीत की।

उन्होंने हिक्स के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति को लेकर अपने साझा प्रयासों पर कहा कि यहां सुरक्षा और स्थिरता प्रमुख चुनौती है इससे निपटने के लिए कोशिशें जरूरी हैं।



#### निवेश बढ़ाने पर जोर

भारतीय दूतावास ने कहा कि इन चर्चाओं में भारत-अमेरिकी संबंधों, बढ़ते रक्षा और वाणिज्यिक संबंधों, लचीली आपूर्ति श्रृंखला और समकालीन क्षेत्रीय विकास के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की गई। निवेश बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

### रक्षा उपकरणों का सह उत्पादन बढ़ाया

*पैहोन ने कहा कि दोनों ने लड़ाकू जेट इंजन और बख्तरबंद वाहनों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों के प्रयासों की सराहना की। साथ ही अमेरिकी व भारतीय उद्यमियों व निवेशकों के बीच नवाचार तथा साझेदारी को बढ़ावा देने की कोशिशों को सराहा।*

#### द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग

*अमेरिकी रक्षा मुख्यालय (पेंटागन) के प्रवक्ता एरिक पैहोन ने बताया कि क्वात्रा और हिक्स ने भारत-अमेरिकी रक्षा साझेदारी को मजबूत करने की प्राथमिकताओं पर जोर देते हुए द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग के अमल के तरीकों को अहम बताया। सैन्य भागीदारी का दायरा बढ़ाने के महत्व पर भी चर्चा की।*

### सिडनी मॉल में चाकूबाजी मामला

## पुलिस ने हमलावर की पहचान की, बताया मानसिक रोगी

एजेंसी ▶▶ सिडनी

पुलिस ने सिडनी के एक भीड़भाड़ वाले शॉपिंग सेंटर में चाकू से हमला कर छह लोगों की हत्या करने वाले हमलावर की पहचान कर ली है। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस ने रविवार को बताया कि शहर के बॉण्डी जंक्शन में वेस्टफील्ड शॉपिंग सेंटर में शनिवार दोपहर को हुए हमले के लिए जोएल कॉची (40) जिम्मेदार है। हमले के बाद एक पुलिस अधिकारी ने उसे गोली मारकर ढेर कर दिया था। एनएसडब्ल्यू के सहायक पुलिस आयुक्त एंथनी कुक ने बताया कि कॉची मानसिक रूप से बीमार था।



#### महिला पुलिस ने मारा था

*अभी यह पता नहीं है कि कॉची को किस प्रकार की मानसिक बीमारी थी। इस हमले में घटनास्थल पर अकेले मौजूद एक महिला पुलिस अधिकारी एमी स्कॉट ने कॉची को मार गिराया था। पीएम एंथनी अल्बानीज ने महिला पुलिस अधिकारी को बहादुर बताया।*

### 50 साल बाद हुई जमीन की अदला-बदली

## भारत ने बांग्लादेश को सौंपी 56 एकड़ जमीन, बदले में मिली 14 एकड़

एजेंसी ▶▶ ढाका

भारत और बांग्लादेश के बीच 50 साल बाद जमीन की अदला-बदली हुई है। भारत ने बांग्लादेश को सीमावर्ती ठाकुरगांव के रानीशंकोई उपजिला की 56.86 एकड़ जमीन सौंपी है। इसके जवाब में भारत को भी बांग्लादेश से 14.68 एकड़ जमीन हासिल हुई है।

भारत की ओर से बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) और बांग्लादेश की ओर से बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच फ्लैग मीटिंग में जमीनों की अदला बदली हुई। इसे 1974 में जमीनों की अदला-बदली का समझौता हुआ था, लेकिन रानीशंकोई को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।



#### आठ अन्य जिलों में भूमि का बंटवारा होगा

*बांग्लादेश के 8 अन्य जिलों में भूमि के बंटवारे के लिए सर्वे प्रस्तावित है। इससे दोनों देशों के बीच भूमि का बंटवारा हो सकेगा। सर्वे में बीएसएफ, बीजीबीके साथ अन्य एजेंसियां भी शामिल होंगी।*

#### हकों के बारे में फैसला बाद में होगा

बांग्लादेश को भारत से मिली जमीन अभी खास खातियान (सरकारी जमीन) कहलाएगी। इस जमीन में से 48.12 एकड़ खेती योग्य, 6.87 एकड़ चाय बगान व 1.87 नदी पेटा काश्त की है। बीजीबी के कैप्टन ले.कर्नल तंजीर अहमद का कहना है कि दोनों देशों के बीच जमीन की अदला-बदली सौहार्दपूर्ण तरीके से हुई है। इसके लिए हम बीएसएफ का शुक्रिया अदा करते हैं। अब तक हम भारत के हिस्से में अपनी जमीन के बारे में बुजुर्गों से सुना करते थे, अब हम वहां जाकर खेती कर पाएंगे।

### घाटी में सुरक्षा को लेकर भारत की तैयारी, चीन की बढ़ेगी आफत

# ईस्टर्न कमान में बनाई जाएगी सेना की नई डिवीजन

**एक डिवीजन में 14 से 15 हजार सैनिक** | **मौजूदा कर्मियों को पुनर्गठित करेंगे** | **72 डिवीजन को बढ़ाने पर विचार होगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में संभावित तैनाती के लिए एक नई सेना डिवीजन बनाने की लंबे समय से रुकी योजना को इस साल लागू किए जाने की संभावना है। यह योजना जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र के लिए बदलावों की एक श्रृंखला के हिस्से के रूप में होगी। इससे चीन की तरफ सेना का घेरा बढ़ेगा। सैन्य सूत्रों के मुताबिक सेना उत्तरी कमान के तहत पूर्वी लद्दाख में संभावित तैनाती के लिए 72 डिवीजन को बढ़ाने पर विचार कर रही है – जो मूल रूप से पानागढ़ (पश्चिम बंगाल) स्थित 17 माउंटेन स्ट्राइक कोर (एमएससी) के तहत काम करना था।



#### एलएसी पर 50 हजार जवान

*जून 2020 में गलवान घाटी में घातक झड़पों के बाद भारत और चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लगभग 50 से 60 हजार सैनिकों को तैनात किया। गलवान घाटी, पैंगोंग त्सो और गोगरा के उत्तर और दक्षिण तट जैसे घर्षण बिंदु- हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में बफर जोन के निर्माण के साथ पिछले तीन वर्षों में कुछ समाधान देखा गया है।*

#### स्ट्राइक कोर सीमा पार कार्रवाई के लिए

स्ट्राइक कोर आक्रामक सीमा पार कार्रवाई के लिए जिम्मेदार है। वर्तमान में, सेना के पास चार स्ट्राइक कोर हैं – मथुरा स्थित 1 कोर, अंबाला स्थित 2 कोर, भोपाल स्थित 21 कोर और पानागढ़ में 17 एमएससी। हालांकि, 2021 तक, केवल 17 एमएससी जिसे तब आंशिक रूप से बढ़ाया गया था।

#### एक अतिरिक्त डिवीजन दिया गया था

दो इन्फैंट्री डिवीजनों के साथ चीन के साथ उत्तरी सीमाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 1 कोर की भूमिका को फिर से उन्मुख किया गया।

#### दीर्घकालिक तैनाती का फिर करेंगे आकलन

एक बार जब नई डिविजन को पूर्वी लद्दाख में प्रभावी ढंग से तैनात कर दिया जाएगा, तो पूरे उत्तरी कमान में सैनिकों की दीर्घकालिक तैनाती का फिर से आकलन किया जाएगा। जबकि घाटी में सुरक्षा स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर है, 16 कोर, जो पीर पंजाल रेंज के दक्षिण के क्षेत्रों की देखभाल करती है, ने पिछले तीन वर्षों में उच्च प्रभाव वाले आतंकवादी हमलों की एक श्रृंखला देखी है।

### पाकिस्तान की जेल में सरबजीत सिंह की हत्या करने वाला

### आईएसआई के इशारे पर मौत के घाट उतारा

## अमीर सरफराज मारा गया लाहौर में गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान की जेल में भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की हत्या करने वाले अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की हत्या कर दी गई है। लाहौर में अज्ञात लोगों ने उसे गोलियों से भून डाला।

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब वह अपनी कार से कहीं जा रहा था। बता दें कि उसने भारतीय नागरिक सरबजीत की धारदार हथियारों से हत्या कर दी थी। उसने आईएसआई के इशारे पर सरबजीत को मौत के घाट उतारा था।



#### लाहौर की सेंट्रल जेल में हुई थी सरबजीत की हत्या

भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की मौत 2 मई 2013 को हुई थी। साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। इसके बाद लाहौर की सेंट्रल जेल में कुछ कैदियों ने सरबजीत पर हमला कर दिया था और पांच दिन बाद अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया था।






# बेंगलोर लगातार खराब प्रदर्शन से निराश, हैदराबाद के खिलाफ गेंदबाजों से उम्मीद

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं। रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर है। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरुप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं।



### गेंदबाजी में वैरिएशन नहीं

*इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाए। वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं जिससे बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाए लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों। आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारुपन का अभाव साफ दिख रहा है।*

### फार्म में हैदराबादी बल्लेबाज



हैदराबाद के पास हेनरिच क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिए हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिए हैं और सात की औसत से रन दिए हैं। वह नई गेंद से या बीच के ओवरों में दूसरे बदलाव के तौर पर या डैथ ओवरों में हर जगह अच्छी गेंदबाजी करने में कामयाब रहे हैं। टी नटराजन के आने से गेंदबाजी में संतुलन आ गया है।

### कोहली बने संकटमोचक

*आरसीबी के पास विराट कोहली जैसा तुरुप का इक्का है जो इस समय औरेंज कैप पहने है। वहीं फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार और दिनेश कार्तिक ने भी मुंबई के खिलाफ अर्धशतक बनाए थे। ग्लेन मैक्सवेल का फॉर्म हालांकि चिंता का सबब बना हुआ है।*

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

*सनराइजर्स हैदराबाद: जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।*

*रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।*

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 6 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 6 | 1 | 5 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
319 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



यजुवेन्द्र चहल
11 विकेट
राजस्थान

### बाउंड्री मीटर

820 चौके

471 छक्के

## खबर संक्षेप

### लगातार अच्छा खेलने का दबाव है : हेड

**बेंगलुरु।** आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उन्हें पता है कि यह स्तर बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है और इस सफर का पहला पड़ाव टी20 विश्व कप होगा। हेड ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और 50 ओवरों के विश्व कप में शतक जमाए थे। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग के जरिए जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी पुख्ता करना चाहते हैं। हेड ने कहा, 'एक खिलाड़ी के तौर पर मैने लंबा सफर तय किया है। मेरी अपनी शैली है और विदेश में भी उसी तरह खेलता हूं। अब लगातार अच्छा खेलने का दबाव है।'




### धवन कम से कम दस दिन के लिए बाहर

**मुल्लांपुर।** राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे जिनकी जगह सैम कुरेन ने कप्तानी की थी। बांगड़ ने कहा, 'उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिए बहुत जरूरी है। देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा।'



### अक्षय तीसरे दौर में चूके शेफलेर को एकल बढ़त

**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं।



## आईपीएल : सुपरजायंट्स की छह मैचों में तीसरी हार

# कोलकाता ने दर्ज की चौथी जीत, साल्ट के तूफान से लखनऊ को आठ विकेट से रौंदा

एजेंसी ⏭ कोलकाता

फिल साल्ट की नाबाद 89 रन की आक्रामक पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। कोलकाता की 17वें सीजन की यह चौथी जीत है। एलएसजी की पारी को सात विकेट पर 161 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। साल्ट ने 47 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाने के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 120 रन की अटूट साझेदारी की। अय्यर ने 38 गेंद में नाबाद 38 रन की संयमित पारी के दौरान छह चौके जड़े।

एलएसजी के लिए सिर्फ मोहसिन खान ही गेंद से प्रभावित कर सके उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिए। टीम ने 22 अतिरिक्त रन लुटाये। लखनऊ सुपरजायंट्स की यह छह मैचों में तीसरी हार है। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से एलएसजी को 160 रन से अधिक स्कोर तक पहुंचाया। पूरन ने आखिरी ओवरों में चार छक्के और दो चौके लगाए जबकि राहुल ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाए। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले आयुष बडोनी ने 27 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाए।



### स्टार्क ने किए तीन शिकार

केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि सुनील नारायण ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर एक विकेट लिया। वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली।

### लखनऊ पर पहली जीत

आईपीएल इतिहास में पहली बार केकेआर ने लखनऊ को हराया। केकेआर और लखनऊ के बीच इससे पहले आईपीएल में तीन मुकाबले खेले गए थे और तीनों ही मैच लखनऊ ने अपने नाम किए थे। यहां तक कि पिछले साल ईडन गार्डेंस पर दोनों टीमों के बीच खेला गया मुकाबला भी लखनऊ ने एक रन से जीता था, लेकिन इस बार शानदार लय में दिख रही कोलकाता ने लखनऊ को मात देने में देरी नहीं की और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की।

### राहुल के टी20 में 300 छक्के पूरे

राहुल ने पारी के 10वें ओवर की पहली ही गेंद पर आंद्रे रसेल की गेंद पर जोरदार छक्का जमाया। इस सिक्स के साथ ही राहुल ने टी-20 क्रिकेट में 300 छक्के भी पूरे कर लिए हैं। राहुल यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत की ओर से महज पांचवें बल्लेबाज हैं। राहुल से पहले यह मुकाम रोहित शर्मा, विराट कोहली, एमएस धोनी और सुरेश रैना ही हासिल कर सके हैं।केएल राहुल ने केकेआर के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों पर 39 रन की सूझबूझ भरी पारी खेली।

### स्कोर बोर्ड

| एलएसजी पारी: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का नारायण बो अरोड़ा | 10 | 08 | 2 | 0 |
| राहुल का रमनदीप बो रसेल | 39 | 27 | 3 | 2 |
| हुड्डा का रमनदीप बो स्टार्क | 08 | 10 | 1 | 0 |
| बडोनी का रघुवंशी बो नारायण | 29 | 27 | 2 | 1 |
| स्टोइनिस का सॉल्ट बो वरुण | 10 | 05 | 2 | 0 |
| पूरन का सॉल्ट बो स्टार्क | 45 | 32 | 2 | 4 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 07 | 08 | 0 | 0 |
| अरशद खान बो स्टार्क | 05 | 04 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 161/7

गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-28-3, अरोड़ा 3-0-34-1, हर्षित राणा 4-0-35-0, नारायण 4-0-17-1, चक्रवर्ती4-0-30-1, रसेल 1-0-16-1.

| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट नाबाद | 89 | 47 | 14 | 3 |
| नारायण का स्टोइनिस बो मोहसिन | 06 | 06 | 1 | 0 |
| रघुवंशी का राहुल बो मोहसिन | 07 | 06 | 0 | 1 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 38 | 38 | 6 | 0 |

अतिरिक्त : 22, कुल : 15.4 ओवर में 162/2

गेंदबाजी : जोसेफ 4-0-47-0, मोहसिन 4-0-29-2, कृणाल 1-0-14-0, यश 2-0-25-0, अरशद 2-0-24-0, बिश्नोई 2.4-0-17-0.

## खास खबर

# इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया



एजेंसी ⏭ कैंसास सिटी

करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेसी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेसी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे। एमएलएस इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी भीड़ के सामने मेसी ने इस इंटर मियामी के लिए सत्र का अपना पांचवां जबकि सुआरेज ने छठा गोल किया। स्पोर्टिंग कैनसस सिटी के लिए दोनों गोल एरिक थॉमी (छठा और 58वां मिनट) ने किए।

### बुमराह मुंबई के इमरजेंसी लाइट : अश्विन


**मुंबई।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईपीएल 2024 में शानदार फॉर्म में हैं। बुमराह ने पांच मैचों में 10 विकेट चटकाए हैं और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, जब पावर कट होता है, तो हम इमरजेंसी लाइट का इस्तेमाल करते हैं। मुंबई इंडियंस बुमराह को इमरजेंसी लाइट की तरह इस्तेमाल करती है और अगर वह विकेट हासिल कर सकता है तो पावरप्ले में ये टीम के लिए बूस्ट का काम करता है। उसके बाद दूसरे हाफ में मुंबई उनके बचे हुए तीन ओवर का इस्तेमाल करती है।

# अंजू और हर्षिता स्वर्ण पदक से एक जीत दूर, सरिता बाहर

एजेंसी ⏭ बिश्केक

भारतीय पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्ग में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई जबकि अनुभवी सरिता मोर शुरुआती दौर में अप्रत्याशित हार के बाद बाहर हो गई।

हाल ही में राष्ट्रीय चयन ट्रायल में 53 किग्रा वर्ग में विनेश फोगाट को हराकर सुर्खियां बटोरने वाली रेलवे की पहलवान अंजू ने फिलीपींस की आलिया रोज गावलेज और श्रीलंका की नेथमी अहिंसा फर्नांडो के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में अंजू को चीन की चेन लेई से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह 9-6 से जीत दर्ज करने में सफल रही। स्वर्ण पदक के लिए अंजू के सामने कोरिया की जि हयांग किम की चुनौती होगी।हर्षिता ने फाइनल तक के सफर में सिर्फ तीन अंक गंवाए। उन्होंने उज्बेकिस्तान की ओजोदा जरीपबोएवा को तकनीकी श्रेष्ठता (13-3) से हराने के बाद कजाकिस्तान की अनास्तासिया पानासोविच को 5-0 से मात दी।



फाइनल में उनका मुकाबला चीन की कियान जियांग से होगा। भारतीय टीम को हालांकि 2021 विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता सरिता की हार से बड़ा झटका लगा। सरिता अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला मंगोलिया की गंटुया एनखबत से 4-8 से हार गईं। 28 साल की यह खिलाड़ी इस श्रेणी में पदक की प्रबल दावेदार थी।

### मैक्सवेल की चोट से जुड़ी चिंताएं खारिज

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2024 मैच से पहले ग्लेन मैक्सवेल की फिटनेस संबंधी चिंताओं को दूर किया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के पिछले मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय मैक्सवेल के अंगूठे पर चोट लग गई थी लेकिन बोबाट ने कहा कि यह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर अच्छी तरह से उबर गया है। बोबाट ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मैक्सी के कुछ स्कैन हुए हैं और वह फिलहाल ठीक हैं इसलिए चोट की कोई चिंता नहीं है। वह आज अभ्यास करने जा रहे हैं और फिर देखेंगे।' मैक्सवेल आईपीएल के मौजूदा सत्र में खराब दौर से गुजर रहे हैं और छह मैचों में 5.33 की औसत से सिर्फ 32 रन ही बना पाए हैं। हालांकि बोबाट ने जल्द से जल्द चीजों को बदलने के लिए मैक्सवेल का समर्थन किया।

# कैंडिडेट्स शतरंज: गुजराती को हराकर इयान के साथ गुकेश ने बनाई बढ़त

एजेंसी ⏭ टोरंटो

भारत के डी गुकेश ने हमवतन विदित गुजराती को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के बाद रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त बना ली है। आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि हिकारू नकामूरा ने फेबियानो कारुआना को हराया।

नेपोम्नियाश्चि को निजात अबासोव ने ड्रॉ पर रोका। टूर्नामेंट के छह दौर अभी बाकी हैं। गुकेश और नेपोम्नियाश्चि के पांच अंक हैं जबकि नकामूरा और प्रज्ञानानंदा के 4.5 अंक है। कारुआना चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं।



गुजराती के 3.5 अंक हैं जबकि अबासोव के 2.5 अंक हैं। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने हमवतन आर वैशाली को हराया और अब उनके 3.5 अंक हैं। चीन की झोंग्यी तान को हमवतन टी लेइ ने हराया। अब रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना और लेइ आठ में से पांच अंक लेकर शीर्ष पर हैं। हम्पी और नूरगुल सलीमोवा पांचवें स्थान पर हैं। वैशाली 2.5 अंक लेकर आखिरी स्थान पर हैं।

## टी20 वर्ल्ड कप : चयनकर्ताओं के लिए माथापच्ची शुरू

# कोहली, रोहित, यशस्वी सलामी बल्लेबाज के दावेदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईपीएल 2024 के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान टी20 वर्ल्ड कप के लिए होगा, इसके लिए खूब नूराकुश्ती देखने को मिल सकती है। टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर से लेकर मिडिल ऑर्डर तक... इसके बाद ऑलराउंडर्स, स्पिनर्स से लेकर पेसर्स तक... सभी डिपार्टमेंट में मौजूदा खिलाड़ियों के बीच सेलेक्शन को लेकर कंपटीशन देखने को मिलेगी। टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से करीब डेढ़ महीने पहले आज हम आपको टीम इंडिया के वर्ल्ड कप के टॉप ऑर्डर को लेकर बात करने वाले हैं। आखिर टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के ओपनर्स कौन हो सकते हैं?



### नंबर-1 के दावेदार

*अब तक भारतीय टीम के लिए टी20 इंटरनेशनल में बतौर ओपनर्स की बात की जाए, तो इस पोजीशन (नंबर-1 और नंबर-2) पर सबसे ज्यादा रन रोहित शर्मा के हैं। वहीं मौजूदा समय में खेल रहे खिलाड़ियों में बतौर ओपनर विराट कोहली का एवरेज सबसे ज्यादा है।*

### यशस्वी का पलड़ा भारी

जैसा कि अनुमान है रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप के लिए ओपनिंग ऑर्डर में बदलाव नहीं करेंगे। भारतीय टीम अपना आखिरी टी20 मैच 17 जनवरी को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने उतरी थी। उस मैच में ओपनर रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल थे। ऐसे में जायसवाल का पलड़ा भारी है। रोहित और जायसवाल के अलावा शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़ भी दावेदार हैं। ईशान किशन भी इस पैरामीटर में फिट बैठते हैं, जो विकेटकीपर के साथ ओपनर बल्लेबाज हैं।

# आरसीबी को हराने के लिए हमें असाधारण प्रदर्शन की जरूरत

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की आईपीएल में खराब शुरुआत को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि सोमवार को मेजबान को हराने के लिए उनकी टीम को 'असाधारण' प्रयास की जरूरत होगी।सोमवार को मेजबान आरसीबी की टीम मौजूदा सत्र में छह मैचों में से सिर्फ एक जीतकर दो अंकों के साथ आईपीएल तालिका में 10वें स्थान पर है। विटोरी ने रविवार को मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कोई भी टीम आरसीबी के स्तर को कम आंकती है। वे एक बहुत अच्छी टीम हैं इसलिए उन्हें हराने के लिए हमें असाधारण प्रदर्शन की जरूरत होगी। प्रत्येक मैच कठिन है और विशेष रूप से जब आप घर से दूर खेल रहे हों।



# अल्लू अर्जुन ने जथारा अवतार में साड़ी पहनकर मचाया धमाल

**मुंबई।** 'पुष्पा द राइज' से धमाल मचाने के बाद दर्शकों को इसके दूसरे पार्ट 'पुष्पा 2 द रूल' का बेसब्री से इंतजार है। सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने अपने बर्थडे के मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा दे दिया है और 'पुष्पा 2' की झलक रिलीज हो चुकी है। फिल्म का टीजर सामने आ चुका है जिसने आते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फिल्म का टीजर 1 मिनट 8 सेकंड का है, जिसमें विजुअल, कलर्स और बैकग्राउंड कमाल का है। बता दें कि यह हिंदू आदिवासी देवियों के सम्मान में मनाया जाने वाला एक त्यौहार है। इसे तेलंगाना राज्य में मनाया जाता है।



## पैरों में घुंघरू, कान में झुमके, हाथ में त्रिशूल

टीजर वीडियो में अल्लू अर्जुन का अवतार बहुत ही शानदार दिखाई दे रहा है। उन्होंने अपने पैरों में घुंघरू, कान में झुमके आंखों में काजल लगाया हुआ है। साड़ी पहने हुए वह हाथों में त्रिशूल लेकर दुश्मनों से लड़ाई कर रहे हैं। हमेशा की तरह इस बार भी वह अकेले ही सब पर भारी पड़ रहे हैं। उनके दमदार एक्शन को देखकर फैंस हैरान हो गए हैं।

## कहानी में आएगा बदलाव

*फिल्म 'पुष्पा' में लाल चंदन की तस्करी की कहानी दिखाई गई थी। इसके साथ पुष्पा और श्रीवल्ली की लव स्टोरी को भी ऐड किया गया था। फिल्म में फैमिली ड्रामा भी भरपूर दिया गया था। जब पुष्पा, श्रीवल्ली से शादी करने जाता है। इसके पहले उसकी शेखावत यानी कि फहाद फाजिल के साथ जुबानी जंग होती है। यह जुबानी जंग अब फिल्म के दूसरे हिस्से में असली जंग में बदलती हुई दिखाई देगी।*

## बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है 'सिंघम अगेन'

'सिंघम अगेन' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। रणवीर सिंह से लेकर अजय देवगन, अर्जुन कपूर, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर तक की झलक फिल्म से सामने आ चुकी थी। रोहित के कॉप यूनिवर्स की शुरुआत अजय के साथ 2011 में आई फिल्म 'सिंघम' से हुई थी। इसके बाद 2014 में अजय की 'सिंघम रिटर्न्स', 2018 में रणवीर की 'सिम्बा' और 2020 में अक्षय कुमार की 'सूर्यवंशी' के साथ यूनिवर्स बड़ा होता चला गया।



# पायल कपाड़िया की 'ऑल वी... लाइट' का चयन

**मुंबई।** पायल कपाड़िया की 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' को 2024 के कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। गत दिवस इस फेस्टिवल को आयोजकों ने घोषणा की गई। कान्स फिल्म फेस्टिवल के सर्वोच्च सम्मान 'पाल्मे डी'ओर' की रेस में आखिरी भारतीय फिल्म 1983 में आई मृणाल सेन की 'खारिज' थी।

# 'सिंघम अगेन' और 'पुष्पा 2' का नहीं होगा आमना-सामना

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पाः द रूल' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म सामना रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'सिंघम अगेन' से होने वाला है, लेकिन अब ऐसा लगा रहा है कि दर्शकों को 'सिंघम अगेन' के लिए लंबा इंतजार करना होगा। नई खबर के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' और 'पुष्पा 2' के बीच कोई टकराव नहीं होगा।



## फिल्म दिवाली में होगी रिलीज

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' की रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। रोहित इस फिल्म को दिवाली, 2024 पर रिलीज करने का विचार कर रहे हैं। अब 'सिंघम अगेन' का 'पुष्पा 2' से टकराव नहीं होगा। फिलहाल फिल्म अपने आखिरी चरण में है। निर्माता कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते।










कम ब्याज दर 9.99%* से शुरू | Hero GoodLife अतिरिक्त कैश डिस्काउंट ₹2000* तक | 5 Year Warranty | 6000 km 6 Months Service Interval | टोल फ्री 1800 266 0018 | Hero FinCorp | IDFC FIRST Bank

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. *Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). *Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. ^On successful redemption of Hero GoodLife Sales Voucher. Offer valid for eligible Hero GoodLife Members only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ^^Terms and Conditions apply. ^Starting price of HF Deluxe Drum Brake Kick Start in Bhopal.

**अधिकृत डीलरः भोपाल:** वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), सॉई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो 9289922624, **सीहोरः** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबादः** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोहः** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागरः** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़ः** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **अधिकृत ए.एस.सी: आष्टा-**श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना-**आर्यन्स इन्टरप्राईजेज 7428594665, **बरेली-**श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल-**मानिक मोटर्स 7428092493, श्रुति मोटर्स 7879573737 **नसरुल्लागंज-**जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा-**ध्रुव इन्टरप्राइजेज 9826867673, **इटारसी-**रेवा मोटर्स 9425630406, **जतारा-**शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा-**आदित्यसागर इन्टरप्राईजेज 9425436890, **पिपरिया-**राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़-**गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर-**प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन-**युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना-**राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़-**एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, **खरगापुर-**हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930